सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 19 मई, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 136, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## विशेष कारोबारी सत्र में सेंसेक्स, निफ्टी में तेजी

विदेशी पूंजी के ताजा निवेश के बीच घरेलू शेयर बाजार में शनिवार को एक विशेष कारोबारी सत्र के शुरुआती कारोबार में बढ़त दर्ज की गई। } 14

## यूपी में अब बनते हैं तोप के गोले : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक जमाना था कि यूपी में देशी कट्टे बनते थे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया और अब यहां तोप के गोले बनते हैं। } 16



# देश की जनता को गुमराह कर रहा विपक्ष

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में जनसभा को किया सम्बोधित

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा लखनऊ से तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जनसमर्थन के लिए शिव शांति आश्रम गये और मड़ियांव थाना तिराहा सीतापुर रोड पर जनसभा को सम्बोधित किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे यहां की बहुत सारी विरोध पक्ष की पार्टियां तरह-तरह के अफवाह फैलाकर देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। भाजपा सरकार अगर फिर से बन गई मोदी अगर फिर से प्रधानमंत्री बन गये तो आरक्षण की व्यवस्था समाप्त कर दी जाएगी। मैं विपक्ष से कहना चाहता हूं कि राजनीति करनी है तो केवल और केवल सच बोलकर की जा सकती है,



झूठ बोलकर कभी राजनीति नहीं की जा सकती है। आरक्षण की व्यवस्था पहले से चली आ रही है पर आरक्षण को संविधानिक रूप देने का काम अगर किसी सरकार ने किया है तो वह मोदी सरकार ने किया है। इतना ही नहीं पिछड़े वर्ग, अनुसूचित वर्ग लोगों के लिए 10 फीसदी आरक्षण देने का काम पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने किया है तो वह मोदी है फिर भी लोगों को गुमराह करने की कोशिश इन लोगों द्वारा की जा रही है। इन लोग के अंदर साहस नहीं है। इन लोग के पास मुद्दे नहीं है। यह केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रहे हैं और समर्थन पाने की कोशिश कर रहे हैं। कहते हैं अगर मोदी 400 से अधिक सीटों से जीत गये तो देश का लोकतंत्र खत्म हो जायेगा। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि लोकतंत्र का गला घुटने का काम किसी ने कभी किया था तो वह कांग्रेस के सरकार ने इंदिरा गांधी ने किया था। उन्होंने कहा कि हमने जिंदगी में राजनीति की है तो जनता की आंखों में धूल झोंक कर नहीं, जनता की आंखों में आंख डालकर राजनीति की है। उनके ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भाजपा की धाकड़ सरकार ने गिरायी अनुच्छेद 370 की दीवार

## पाकिस्तान के हाथों में पहले बम थे, अब उसके हाथ भीख का कटोरा : मोदी

एजेंसी

अंबाला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि यह उनकी धाकड़ सरकार थी, जिसने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और परिणामस्वरूप, कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास भारत की सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है तथा जीप घोटाले का जिक्र किया, जो कि कांग्रेस शासन के दौरान पहला घोटाला था। मोदी ने हरियाणा में लोकसभा चुनाव की अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए उपस्थित जनसमूह से सवाल किया क्या एक कमजोर सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात बदल सकती थी? सशस्त्र बलों में हरियाणा द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो हरियाणा में माताएं अपने बच्चों की



सुरक्षा के बारे में सोचकर चिंतित थीं। मोदी ने वहां मौजूद लोगों से पूछा, क्या अब ऐसी चीजें बंद हो गई हैं या नहीं? इस पर रैली में जुटे लोगों ने जोर से हां में जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा मोदी की धाकड़ सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्र ने अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार प्रदान किए थे और तत्कालीन राज्य को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। मोदी ने कहा कि चार जून में केवल 17 दिन बचे हैं, जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) में उसके सहयोगियों को मतदान के पहले चार चरणों में कोई सीट नहीं मिली है। मोदी ने कहा कि देशभक्ति हरियाणा की रगों में दौड़ती है। उन्होंने कहा राज्य राष्ट्र-विरोधी ताकतों को समझता है। इसलिए, हरियाणा में हर घर कह रहा है - फिर एक बार इस पर भीड़ ने जवाब दिया मोदी सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा, जब देश में धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचता है। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तान के हाथों में पहले बम थे, अब उसके हाथों में भीख का कटोरा है। मोदी ने कहा, जब धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन घबरा जाता है। हरियाणा की 10 लोकसभा सीट के लिए सात चरणों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव गिरफ्तार

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शनिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमला करने के आरोपी एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी निरर्थक हो गई है क्योंकि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। सिविल लाइंस पुलिस थाने में कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के दो दिन बाद उन्हें शनिवार को गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने अग्रिम जमानत अर्जी पर आदेश सुनाते हुए कहा कि अतिरिक्त लोक अभियोजक अतुल कुमार श्रीवास्तव शाम चार बजकर 45 मिनट पर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए और सूचित किया कि कुमार को मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। न्यायाधीश ने कहा अदालत के सवाल पर, राज्य के अतिरिक्त लोक अभियोजक ने कहा कि याचिकाकर्ता को शाम में चार बजकर 15 मिनट पर गिरफ्तार किया गया था।

### हरियाणा : बस में आग लगने से नौ की मौत

गुरुग्राम। हरियाणा में नूंह जिले के धुलावट गांव के निकट शनिवार तड़के एक चलती पर्यटक बस में आग लगने से पांच महिलाओं और 12 वर्षीय एक बच्ची समेत नौ लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर हुई। पुलिस ने बताया कि बस में लगभग 60 लोग सवार थे और सभी पंजाब के होशियारपुर और लुधियाना के रहने वाले थे। ये लोग मथुरा-वृंदावन से लौट रहे थे। उसने बताया कि सभी लोग आपस में सगे-संबंधी हैं। पुलिस ने बताया कि आग लगने का कारण बस के एसी बॉक्स में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है लेकिन अभी तक इसका पता नहीं चल पाया है।

# पांचवां चरण : प्रचार थमा, मतदान कल

## ○ 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार ○ राजनाथ से राहुल तक की सीट पर चुनाव

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में इस वक्त लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं। अब तक लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के चार चरण पूरे हो चुके हैं। वहीं पांचवें दौर का चुनाव प्रचार शनिवार को थम गया। इस चरण के लिए मतदान 20 मई को है। इस चरण में आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की 49 सीटों के लिए वोटिंग होगी। इन प्रदेशों से 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पांचवें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है। जिन उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला समेत कई हाई-प्रोफाइल चेहरे भी शामिल हैं।

राजनाथ सिंह : उत्तर प्रदेश की लखनऊ लोकसभा सीट इस चुनाव में एक चर्चित सीट बनी हुई है। यहां से भाजपा की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनाव मैदान ...शेष पृष्ठ 14 पर



### मतदान स्थल के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि यूपी में लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण की 14 लोकसभा क्षेत्रों तथा लखनऊ पूर्व विधानसभा उप चुनाव के लिए 20 मई को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 19 मई रविवार को पोलिंग बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए पांचवे चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पांचवे चरण में प्रदेश ...शेष पृष्ठ 14 पर

### यूपी में 14 लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आम चुनाव के पांचवें चरण की 14 सीट और विधानसभा उपचुनाव की एक सीट के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम छह बजे समाप्त हो गया। इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पांचवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 20 मई, सोमवार को मतदान होना है। इस चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मोहनलालगंज (आरक्षित), लखनऊ रायबरेली, झांसी, अमेठी, जालौन (आरक्षित) ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अरविंद केजरीवाल ने दी गिरफ्तार करने की चुनौती

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि वह और अन्य आप नेता 19 मार्च को भाजपा मुख्यालय जाएंगे ताकि प्रधानमंत्री जिसे चाहें उसे जेल भेज सकें। उन्होंने अपनी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में अपने सहयोगी बिभव कुमार की गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद एक प्रेस वार्ता में दावा किया कि भाजपा कह रही है कि वह आप सांसद राघव चड्ढा और दिल्ली के मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को भी जेल भेजेंगे।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संजोयक केजरीवाल ने कहा कि उनके नेताओं को जेल भेजकर उनकी पार्टी को कुचला नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मनीष सिसौदिया, सत्येन्द्र जैन और संजय सिंह जैसे आप नेताओं को जेल भेजने का खेल खेलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, मैं अपने विधायकों और सांसदों के साथ कल दोपहर को भाजपा कार्यालय जाऊंगा ताकि प्रधानमंत्री जिसे चाहें जेल भेज सकें। केजरीवाल ने कहा, आप एक विचार है। आप जितने आप नेताओं को जेल में डालेंगे, देश उनसे सौ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कांग्रेस में प्रवेश कर गयी है औरंगजेब की आत्मा

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र में की चुनावी सभा

एजेंसी

मालेगांव (महाराष्ट्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विरासत कर लगाने संबंधी कांग्रेस के कथित प्रस्ताव को लेकर तंज करते हुए शनिवार को कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब की आत्मा विपक्षी पार्टी के अंदर प्रवेश कर गई है। आदित्यनाथ ने विरासत कर की तुलना औरंगजेब द्वारा गैर मुस्लिमों पर लगाए गए जजिया कर से की।

महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में धुले सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश भामरे के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महज सत्ता के लिए नहीं बल्कि विकसित भारत का निर्माण करने के लिए चुनाव लड़ रही है।



आदित्यनाथ ने कहा इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि नरेन्द्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही देश को सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के पास न कोई नेता है, न नीति, न दृष्टिकोण है और कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग के घोषणापत्र जैसा है। आदित्यनाथ ने यह भी आरोप लगाया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### हिन्दुस्तान को दिशा देने में रायबरेली की बड़ी भूमिका : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि हिन्दुस्तान को दिशा देने में रायबरेली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आज उसकी भूमिका होनी चाहिए कि वह उत्तर प्रदेश को विकास का रास्ता दिखाए। कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ रायबरेली को लेकर आपस में बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा रायबरेली जाते वक्त मैं और प्रियंका कुछ देर के लिए बचपन की गलियों से भी होकर गुज़रे। बहुत सी खट्टी-मीठी यादें हैं, दादी का ज्ञान, पापा की पसंदीदा जलेबियां, प्रियंका के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# चार जून के बाद बिखर जायेगी भाजपा

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अयोध्या, बलरामपुर में कीं जनसभाएं

जिला संवाददाता

अयोध्या/बलरामपुर। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भानुमति का कुनबा करार दिए जाने पर पलटवार करते हुये कहा कि भाजपा ने लोगों को डरा-धमका कर और लालच देकर खुद कुनबा बनाया है जो चार जून के बाद बिखर जायेगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार को बलरामपुर में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। वहीं दूसरी सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार की दोपहर मिल्कीपुर (अयोध्या) पहुंचे। उन्होंने इनायत नगर मिल्कीपुर क्षेत्र के पांच



नंबर चैराहा स्थित मैदान में जनसभा की। यह उनकी तीन दिन में दूसरी जनसभा है। जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वो लोगों की जान ले रही है। लोगों को हार्ट अटैक पड़ रहे हैं। अब वैक्सीन बनाने वाली कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे। शरीर में जो वैक्सीन चली ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 2024 आज का मुकाबला

पंजाब V/S हैदराबाद

कोलकाता V/S राजस्थान



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.09 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 22.08 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

○ सातवें चरण में 144 प्रत्याशी मैदान में (पृष्ठ-02)
○ प्रदेश की सभी 80 सीटें जीत रही भाजपा : केशव (पृष्ठ-02)
○ पीएम मोदी ने बदली राजनीतिक संस्कृति (पृष्ठ-14)

विशेष खबर ‘काले नाग’, ‘बिगड़ा शहजादा’ और ‘हुस्न परी’ जैसे नारों का जमकर हुआ इस्तेमाल

# लोस चुनाव में नेताओं के बिगड़े बोल, कई बार टूटी भाषायी मर्यादा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर देश भर में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। सभी राजनीतिक दलों की तरफ से जमकर प्रचार हो रहे हैं। हालांकि इस चुनाव में कई बार भाषायी मर्यादा टूटती दिख रही है और नेता नाम लेकर विरोधी दलों के नेताओं पर हमला बोल रहे हैं। ‘काले नाग’, ‘बिगड़ा शहजादा’ और ‘हुस्न परी’ जैसे कटाक्ष के साथ एक दूसरे पर निजी हमले कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की थी जिसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से कार्रवाई भी की गयी थी। तमाम राजनीतिक दलों के कई नेता एक दूसरे पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर रहे हैं। चुनाव आयोग की सख्ती का भी असर उनके ऊपर नहीं हो रहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर किए जाने के बाद विवाद हो गया।



इसके जवाब में कंगना ने कहा, ‘हर महिला गरिमा की हकदार है।’ हालांकि, विवाद बढ़ने पर सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से पोस्ट डिलीट कर दी गई। अपनी सफाई में सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, ‘मैं ऐसा नहीं कर सकती। मेरा अकाउंट से किसी ने ऐसा किया। इसे कई लोग इस्तेमाल करते हैं। मुझे जैसे ही पता चला मैंने यह पोस्ट हटवा दी।’ चुनाव आयोग की तरफ से उन्हें नोटिस दिया गया था। कंगना रनौत भी नाम लेकर निजी टिप्पणी करने में पीछे नहीं रहीं और कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और मंडी सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह को क्रमशः ‘बड़ा पप्पू’ और ‘छोटा पप्पू’ कहा। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित गांधी-नेहरू परिवार को निशाना बनाया और कांग्रेस को ‘एक बीमारी’ और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई ‘दीमक’ करार दिया जो उनके मुताबिक 2014 तक ‘देश को खा रही थी’। अभिनेत्री ने विक्रमादित्य को ‘बिगड़ा शहजादा’ भी कहा है। उन्होंने उन पर तंज कसते हुए कहा कि वह अपने पिता या पति के प्रभाव के कारण राजनीति में नहीं आई हैं। विक्रमादित्य के पिता वीरभद्र सिंह राज्य के चार बार मुख्यमंत्री रहे हैं और उनकी मां प्रतिभा सिंह मंडी से मौजूदा सांसद हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी में भीषण गर्मी का प्रकोप 47 डिग्री तक पहुंच रहा पारा

विशेष संवाददाता

○ कानपुर में 46.9, आगरा में 46.5 व लखनऊ में 44.2 डिग्री रहा तापमान

लखनऊ। यूपी में भीषण गर्मी के प्रकोप से लोगों का हाल बेहाल है। इसके साथ ही तेज धूप, उमस, हीटवेव और लू ने लोगों को परेशान कर रखा है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में तीन दिन से गर्मी काफी बढ़ रही है। गर्मी को लेकर मौसम विभाग ने पूरे उत्तर प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे में कानपुर सबसे गर्म जिला रहा। यहां का अधिकतम तापमान 46.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आगरा में भी तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम विभाग ने लखनऊ में 20 मई तक भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। शनिवार को अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया है। यह सीजन का सबसे अधिक तापमान है। यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसके पहले लखनऊ में मई का अधिकतम तापमान 44 डिग्री था। विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। वहीं तीन दिनों तक सावधानी बरतने की जरूरत है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि घरों से बाहर तभी निकलें जब काम बहुत जरूरी ...शेष पृष्ठ 14 पर




# सातवें चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी मैदान में

## दुद्धी (सु) विधानसभा उप चुनाव के लिए 6 प्रत्याशी मैदान में, 1 जून को होगा मतदान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 403.दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ कुल 317 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 167 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए और कुल 150 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। नाम वापसी के दिन 6 प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद अब कुल 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। वहीं दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप चुनाव के लिए कुल 8 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 2 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज होने के बाद अब कुल 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि महराजगंज लोकसभा क्षेत्र में कुल 8 प्रत्याशी है, जिनमें भाजपा से पंकज चौधरी, बसपा से मो. मौसमे आलम, कांग्रेस से वीरेन्द्र चौधरी, अभय समाज पार्टी से बृजेश, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से विनोद कुमार पटेल, निर्दलीय प्रत्याशियों में छेदी मजदूर, रामप्रीत, सुनिल है। गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र में कुल 13 प्रत्याशी है, जिनमें सपा से काजल निषाद, बसपा से जावेद अशरफ उर्फ जावेद सिमनानी, भाजपा से रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, भारतीय जवान किसान पार्टी से आनन्द कुमार यादव उर्फ आनन्द कुमार फौजी, भारतीय युवा जन एकता पार्टी से अंकित शाह, भागीदारी पार्टी (पी) से शिवशंकर प्रजापति, अल-हिन्द पार्टी से श्रीराम प्रसाद, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से सोनू राय, भारतीय सर्वधर्म पार्टी से संजय सिंह राणा, निर्दलीय प्रत्याशियों में अमिता भारती, नफीस अख्तर, पिन्टू साहनी, सुधान्शु हैं। कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र में कुल 9 प्रत्याशी है, जिनमें सपा से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिन्टू सैथवार, भाजपा से विजय कुमार दूबे, बसपा से शुभ नारायण चौहान, सुभाष पार्टी से वेद प्रकाश मिश्र, भारतीय लोक नायक पार्टी से सुनील कुमार शुक्ल, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से स्वामी प्रसाद मौर्य, आजाद अधिकार सेना पार्टी से हरिकेश, निर्दलीय प्रत्याशियों में अमीय उपाध्याय, रामचन्द्र सिंह हैं। देवरिया लोकसभा क्षेत्र में कुल 7 प्रत्याशी है, जिनमें कांग्रेस से अखिलेश प्रताप सिंह, भाजपा से शशांक मणि, बसपा से सन्देश, राष्ट्रीय समानता दल से अगमस्वरूप, जनता समता पार्टी से मुक्तिनाथ सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में रफीक अंसारी, सत्येन्द्र कुमार मल्ल है। बांसगांव (अ.जा.) लोकसभा क्षेत्र में कुल 8 प्रत्याशी है, जिनमें भाजपा से कमलेश पासवान, बसपा से रामसमुझ, कांग्रेस से सदल प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशियों में गया प्रसाद, मुरलीधर, राजेन्द्र चौधरी, श्रवण कुमार निराला,



हीरालाल है। घोसी लोकसभा क्षेत्र में कुल 28 प्रत्याशी है, जिनमें बसपा से बालकृष्ण चौहान, सपा से राजीव राय, सुभासपा डॉ. अरविन्द राजभर, जनता क्रान्ति पार्टी से अवधेष कुमार चौहान, भारतीय सबका दल से इश्वर दयाल सिंह सेठ, अवामी पिछड़ा पार्टी से इस्माइल अन्सारी, आजाद अधिकार सेना से गोपाल सिंह, प्रगतिशील मनाव समाज पार्टी से प्रेम चन्द्र, मांग समाज पार्टी से मदन राजभर, पीस पार्टी से याकूब अंसारी, जन राज्य पार्टी से रामनरेश यादव, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से रामवचन, अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से रोली गुप्ता, मूलनिवासी समाज पार्टी से लीलावती राजभर, सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया से विजय, कॉम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से विनोद कुमार राय, राष्ट्रीय जनतांत्रिक भारत विकास पार्टी से विरेन्द्र, समझदार पार्टी से सतीश चंद प्रजापति फौजी, जनलोक विकास पार्टी से संतोष कुमार गुप्ता, निर्दलीय प्रत्याशियों में ज्योतिर्मा पाठक, पवन कुमार चौहान, प्रज्ञेश कुमार, प्रेमचन्द्र नायक, बद्री नाथ, राजीव कुमार सिंह, राजेन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र राम, सौदागर है। सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में कुल 9 प्रत्याशी है, जिनमें बसपा से भीम राजभर, सपा से रमाशंकर राजभर, भाजपा से रविन्दर कुशवाहा, जनता क्रान्ति पार्टी से जयबहादुर उर्फ जयबहादुर चौहान, अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी से श्रीनारायण मिश्रा, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से सूर्य प्रकाश गौतम, निर्दलीय प्रत्याशियों में अमरेश ठाकुर, श्रीकृष्ण, सद्दाम हुसैन है। बलिया लोकसभा क्षेत्र में कुल 13 प्रत्याशी है, जिनमें भाजपा से नीरज शेखर, बसपा से लल्लन सिंह यादव, सपा से सनातन पाण्डेय, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से रवि कान्त सिंह उर्फ रवि पटेल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रामनिवास गोंड, आजाद समाज पार्टी सूर्य बली प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशियों में अवधेश वर्मा, अशोक गुप्ता, प्रकाश कुमार, मणिन्द्र, रंजना, शेषनाथ, सुमेश्वर है। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशी है, जिनमें सपा से अफजाल अंसारी, बसपा से उमेश कुमार सिंह, भाजपा से पारस नाथ राय, विश्व कल्याण राष्ट्रीय मानव समाज पार्टी से अजय, युग तुलसी पार्टी से आदित्य श्रीवास्तव, भारतीय लोकवाणी पार्टी से धनन्जय कुमार तिवारी, मौलिक अधिकार पार्टी से रामप्रवेश, निर्दलीय प्रत्याशियों में नुसरत अंसारी, सत्यदेव यादव, ज्ञानचन्द्र बिन्द है। चन्दौली लोकसभा क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशी है, जिनमें सपा से बीरेन्द्र सिंह, भाजपा से डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय, बसपा से सत्येन्द्र कुमार मौर्य, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से अरविन्द कुमार पटेल, मौलिक अधिकार पार्टी से राजेश विश्वकर्मा, समझदार पार्टी से राम गोविन्द, युग तुलसी पार्टी से शेर सिंह, भागीदारी पार्टी से शोभनाथ प्रजापति, जय हिन्द नेशनल पार्टी से संजय कुमार सिन्हा, निर्दलीय प्रत्याशी में सन्तोष कुमार है। वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में कुल 7 प्रत्याशी है, जिनमें कांग्रेस से अजय राय, बसपा से अतहर जमाल लारी, भाजपा से नरेन्द्र मोदी, युग तुलसी पार्टी से कोलीशेट्टी शिवकुमार, अपना दल (कमेरावादी) से गगन प्रकाश यादव, निर्दलीय प्रत्याशियों में दिनेश कुमार यादव, संजय कुमार तिवारी है। मिर्जापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशी है, जिनमें अपना दल (सोनेलाल) पार्टी से अनुप्रिया पटेल, बसपा से मनीष कुमार, सपा से रमेश चन्द बिन्द, एकलव्य समाज पार्टी से अनिल कुमार, अपना दल (कमेरावादी) से दौलत सिंह, राष्ट्रीय समाज पक्ष से रामधनी, पूर्वांचल महापंचायत से सत्यदेव, ऑल इण्डिया फॉरवार्ड ब्लॉक से समीर सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में राजेश, लाल जी वर्मा है। राबट्र्सगंज (अ.जा.) लोकसभा क्षेत्र में कुल 12 प्रत्याशी हैं, जिनमें सपा से छोटेलाल, बसपा से धनेश्वर, अपना दल (सोनेलाल) पार्टी से रिंकी सिंह, राष्ट्रीय समानता दल से अरविन्द कुमार भारती, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से अशोक कुमार कन्नौजिया, जनता क्रान्ति पार्टी (राष्ट्रवादी) से चन्द्रिका प्रसाद, राष्ट्रीय समाज दल (आर) से प्रभुदयाल, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राम शिरोमणि, राष्ट्रीय समाज पक्ष से शिवपुजन, जनहित संकल्प पार्टी से सुभागी, निर्दलीय प्रत्याशियों में सुकालू, सोनू निगम है। इसके अतिरिक्त सोनभद्र की दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप चुनाव के लिए कुल 6 प्रत्याशी हैं जिनमे बसपा से रवि सिंह, समाजवादी पार्टी से विजय सिंह, भारतीय जनता पार्टी से श्रवण कुमार, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से दयाशंकर सिंह, राष्ट्रीय समानता दल से मनोज कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी में दिनेश कुमार है।

## ...सियासी करवट

### ...और अब राजनीतिक पर्यटन के आक्षेप

पर्यटन अपने आप में बेहद व्यापक शब्द है। आजकल इसमें कई विधाएं जुड़ गई हैं। पहले पर्यटन घूमने.फिरने तक ही सीमित था। मन बहलाने या फिर नौकरी .रोजगार के लिए लोग एक प्रांत से दूसरे प्रांत, एक देश से दूसरे देश की यात्राएं कर लिया करते थे। इससे उनका ज्ञान भी बढ़ता था। वहां के रहन-सहन, बोल-चाल, पहनावा और कार्य संस्कृति से भी रूबरू होने का मौका मिलता था।


सियाराम पांडेय 'शांत'

बदलते समय के साथ यह पहले धार्मिक पर्यटन से जुड़ा। लोग एक दूसरे की धार्मिक मान्यताओं, परंपराओं को जानने-समझने में रुचि लेने लगे। मंदिरों की स्थापत्य और वास्तुकला से दो-चार होने लगे। इससे साहित्य, संगीत, संस्कृति और सभ्यता के क्षेत्र में समावेशन को गति मिली। बाद में प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों ने अपने विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजना आरंभ किया। फिर खेल पर्यटन आरंभ हुआ। जाहिर तौरपर इससे देश.दुनिया को समझने में सहूलियत हुई। तकनीकी के विकास से कुछ हम बढ़े, कुछ वे बढ़े और अब पर्यटन के क्षेत्र में एक और नई विधा जुड़ गई है। वह है राजनीतिक पर्यटन। संप्रति एक दल दूसरे दल के नेता पर राजनीतिक पर्यटन का आरोप लगा रहे हैं। सोनिया गांधी, प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी जब भी अमेठी या रायबरेली पहुंचते हैं तो उन पर राजनीतिक पर्यटन यानी कि भ्रमण पर आने के आरोप लगते रहे हैं। अब इसी तरह के आरोप ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भाजपा पर लगने लगे हैं। एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की यह बात बरबस ही याद आती है कि दैव के आने का नहीं, परचने का डर है। व्यक्ति आए और चला जाए, यहां तक तो गनीमत है लेकिन वह अपनी जड़ें जमाने लगे तो खटकना स्वाभाविक है। लालू प्रसाद यादव के सुपुत्र तेज प्रताप यादव को मथुरा-वृंदावन में कृष्ण रूप में बांसुरी बजाते या पटना में शिवरात्रि पर डमरूधारी शिव बने बहुतों ने देखा होगा, संस्कृति के उत्थान के लिहाज से यह अच्छी बात है लेकिन शिव और कृष्ण का बानक धारण करने से बेहतर तो यह है कि उनके गुणों को अपने आचरण में धारण किया जाए। पर्यटन अच्छी चीज है। ऐसा न होता तो अंतर्राष्ट्रीय घुमक्कड़ राहुल सांकृत्यायन 'अथातो घुमक्कड़ जिज्ञासा' जैसा लेख क्यों लिखते। 'सैर कर दुनिया की गाफिल जिंदगानी फिर कहां,जिंदगी गर कुछ रही तो नौजवानी फिर कहां 'का उद्घोष क्यों करते। भारतीय संस्कृति तो 'सबै भूमि गोपाल की' जैसी अवधारणा में यकीन करती है। सोचिए वास्को डि गामा और कोलंबस ने समुद्री यात्राएं न की होतीं तो देश दुनिया को भारत और अमेरिका का पता कैसे चलताध इसलिए पर्यटन बड़ीचीज है। वह चाहे राजनीतिक पर्यटन ही क्यों न होए उसे सीमित संदर्भों में नहीं लिया जाना चाहिए। यह देश सबका है। इसलिए देश के समस्त भूभाग पर जाने, वहां की संस्कृति, सभ्यता, ज्ञान-विज्ञान, सुविधाओं और असुविधाओं से अवगत होने का हर भारतवासी का कर्तव्य है, अधिकार है। देश को टुकड़ों में बांटकर देखने की परंपरा यहां रही ही नहीं है। देश को तो समग्रता में ही देखना चाहिए लेकिन इन दिनों जहां प्रांतों में काम कर रहीं सरकारें और उसके मुखिया खुद को अपने प्रांत तक ही समेट कर रख रहे हैं, वह किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इससे अति विकसित राष्ट्र की भावभूमि नहीं बन पाती। राजनीतिक दलों में सभी राज्यों में अपना प्रभुत्व बढ़ाना चाहिए जिससे सांस्कृतिक सामाजिक समरसता बढ़े और उत्तर, दक्षिण, पूरब और पश्चिम को जोड़ने और समझने में मदद मिले। काश, हम इस स्तर तक सोच पाते।

## नेताजी कहिन

### प्रदेश की सभी 80 सीटें जीत रही है भाजपा : केशव मौर्य



**अयोध्या।** नाका गांधी आश्रम से डिप्टी सीएम केशव प्रयास मौर्या का रोड-शो निकला। विकराल गर्मी, तपती जमीन, गर्म हवाओं से कार्यकताओं के उत्साह में कोई कमी नही दिखाई दे रही है। ढ़ोल-नगाड़ों के थापों से कार्यकताओं का उत्साह और बढ़ रहा था। शंख ध्वनि तथा जय श्री राम का उद्घोष से वातावरण राममय हो रहा था। आगे चल रहे डीजे पर भाजपा सर्मथित गीत बज रहे थे। जिसके पीछे बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता चल रही थी। गांधी आश्रम से नाका चुंगी पहुंचते-पहुंचते चारों तरफ केवल भाजपा के ध्वज ही दिखाई दे रहे थे। रथ पर डिप्टी सीएम के साथ सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह, जिपंअ रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचन्दर यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, अयोध्या विधान सभा प्रवासी मधू शर्मा सवार थी। रथ पर सवार सभी लोगों को अभिवादन का रहे थे। डिप्टी सीएम एक हाथ में भाजपा का चुनाव चिन्ह लिए हुए थे। नाका गांधी आश्रम से निकला रोड-शो फतेहगंज, चैक, रिकाबगंज, होते हुए सिविल लाइन पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान रोड-शो के मार्ग पर सैकड़ों स्थानों पर स्थानीय लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। जगह-जगह पेयजल तथा अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। रोड-शो के पहले डिप्टी सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें भारतीय जनता पार्टी गठबंधन बड़े-बड़े अंतर से जीत रहा है। विकास, राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक विरासत के सम्मान के नाम पर जनता ने भगवा लहराने का मन बना लिया है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं से जनता में उत्साह का माहौल है। चुनाव जनता स्वंय लड़ रही है। 4 जून को पूरा देश भगवा मय होगा। रोड शो में मुख्य रूप से जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रभारी श्री कृष्ण शास्त्री, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, रमापति पाण्डेय, अशोक कसौधन, लक्ष्मण वर्मा, बाल कृष्ण वैश्य, मनोज जायसवाल, करूणाकर पाण्डेय, विजय लक्ष्मी जायसवाल, दिनेश वर्मा, सूरज सोनकर, मनमोहन जायसवाल, मनोज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# गोरखपुर में 13 तो बांसगांव में 8 प्रत्याशियों में होगा मुकाबला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोरखपुर बांसगांव लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय दलों प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह तो पहले से तय हैं लेकिन बाकी को आरओ की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। यद्यपि

**गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी**
- भाजपा रवींद्र शुक्ला उर्फ रवि किशन
- इंडिया गठबंधन काजल निषाद
- बसपा जावेद अशरफ
- भारतीय जवाब किसान पार्टी आनंद कुमार यादव
- भायुएपा अंकित शाह
- भागीदारी पार्टी शिवशंकर प्रजापति
- अलहिंद पार्टी राम प्रसाद
- मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल सोनू राय
- भासपा संजय सिंह राणा
- बहुजन मुक्ति पार्टी अमिता भारती
- निर्दल नफीस अख्तर
- निर्दल पिंटू साहनी
- निर्दल सुधांशु तिवारी




ज्यादातर ऐसे उम्मीदवारों को उनकी पसंद के प्रतीक चिन्ह मिले हैं। किसी को फुटबाल खिलाड़ी आटो रिक्शा टेलीविजन तो किसी को उपहार चारपाई हीरा नौका सिटी आदि चुनाव चिन्ह मिले।

जिले की दोनों ही गोरखपुर व बांसगांव लोकसभा क्षेत्र से सभी प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं। नाम वापसी वाले दिन किसी ने भी अपना पर्चा वापस नहीं लिया। यानी गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र में 13 तो बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में आठ प्रत्याशियों के बीच चुनावी मुकाबला होगा। नाम वापसी के लिए दोपहर तीन बजे तक का समय तय था। लेकिन, पूरे समय दोनों ही नामांकन कक्षों में तैनात आरओ, एआरओ व अन्य अधिकारी नामांकन पत्र वापस लेने के लिए उम्मीदवारों के आने का इंतजार ही करते रहे। तीन बजते ही प्रतीक चिह्न आवंटित करने का काम शुरू हुआ। राष्ट्रीय दलों प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह तो पहले से तय हैं लेकिन बाकी को आरओ की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। यद्यपि ज्यादातर ऐसे उम्मीदवारों को उनकी पसंद के प्रतीक चिन्ह मिले हैं। किसी को फुटबाल खिलाड़ी, आटो रिक्शा, टेलीविजन तो किसी को उपहार, चारपाई, हीरा, नौका, सिटी आदि चुनाव चिन्ह मिले। नामांकन से जुड़ी पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के साथ ही माना जा रहा है कि अब चुनाव प्रचार में और तेजी आ जाएगी। प्रतीक चिन्ह आवंटन के समय गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक नथमल डिडेल और बांसगांव लोकसभा क्षेत्र की प्रेक्षक आर मेनका भी मौजूद रहीं।

**बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी**
- भाजपा कमलेश पासवान
- इंडिया गठबंधन सदल प्रसाद
- बसपा रामसमुझ
- निर्दल राजेंद्र चौधरी
- निर्दल मुरलीधर
- निर्दल श्रवण कुमार निराला
- निर्दल मुरलीधर
- निर्दल ज्ञान प्रसाद
- निर्दल हीरालाल

# रायबरेली सीट का रण और भी दिलचस्प हुआ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रायबरेली सीट का रण और भी दिलचस्प होता जा रहा है। भाजपा ने जहां दिनेश को जिताने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रखी है तो वहीं कांग्रेस भी

- **भाजपा को मनोज पांडे तो कांग्रेस को उत्कर्ष मौर्य का मिला समर्थन**

पीछे नहीं है। भाजपा ने ब्राह्मण वोट को अपने पाले में करने के लिए मनोज पांडे को पार्टी में शामिल किया है तो वहीं कांग्रेस ने उत्कर्ष मौर्य का समर्थन पा लिया है। उत्कर्ष मार्य स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे है और मौर्य बिरादरी में इनकी पकड़ मजबूत है।

रायबरेली लोकसभा सीट से एक तरफ राहुल गांधी हैं तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने अपने मौजूदा मंत्री दिनेश सिंह को यहां से प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने दिनेश सिंह को जिताने के लिए तमाम सियासी समीकरण जुटाने में लगी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडे भी भाजपा में शामिल हो गए तो वहीं कांग्रेस ने भी अब इस दांव की काट निकल ली है।



रायबरेली लोकसभा सीट कांग्रेस पार्टी के गढ़ के रूप में मानी जाती रही है। यहां से इंदिरा गांधी, अरुण नेहरू, शीला कौल, सतीश शर्मा और सोनिया गांधी सरीखे नेताओं ने लगभग पांच दशक तक राज किया है। इस बार कांग्रेस पार्टी से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी को घेरने के लिए पूरी ताकत लगा दी है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने



मौजूदा मंत्री दिनेश सिंह को मैदान में उतारा है, बीजेपी ने दिनेश सिंह को जिताने के लिए पूरा जोर लगाया हुआ है। यहां के जातीय समीकरण को साधने के लिए चुनाव से पहले ऊंचाहार सीट से सपा विधायक मनोज पांडे को भी अपने पाले में मिला लिया है। अमित शाह खुद मनोज पांडे के घर जा चुके हैं तो वहीं शुक्रवार की रैली में उन्होंने मनोज पांडे को अपनी पार्टी में शामिल तक कर लिया। लेकिन अब कांग्रेस पार्टी ने मनोज पांडे की काट ढूंढ ली है। कांग्रेस पार्टी ने पूर्व मंत्री और कद्दावर नेता रहे स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे उत्कर्ष मौर्य का समर्थन कांग्रेस के पक्ष में पा लिया है। उत्कर्ष मौर्य ने शुक्रवार को प्रियंका गांधी से मुलाकात की जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस का समर्थन करने का एलान कर दिया है। आपको बता दें कि ऊंचाहार विधानसभा से उत्कर्ष मौर्य विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं और इस सीट पर मौर्य बिरादरी का वोट अच्छा खासा है जिसमें उत्कर्ष मौर्य काफी दखल रखते हैं। उनके आने से कांग्रेस इस क्षेत्र में और मजबूत होगी। इसे मनोज पांडे की काट के तौर पर भी देखा जा रहा।

# अखिलेश को मिला अपने दो पुराने सहयोगियों का साथ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी की कुशीनगर लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ उनके पुराने दो सहयोगियों ने हाथ मिला लिया है। इस सीट पर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य चुनाव में ताल ठोंक रहे हैं और अब आजाद





समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने उन्हें अपना समर्थन दिया है।

भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद ने कुशीनगर में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओ और समर्थकों से स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थन में वोट देने की अपील की है। उन्होंने एक चिट्ठी लिखकर अपने कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों और समर्थकों से स्वामी प्रसाद मौर्य के लिए वोट देने की अपील की और उनके लिए चुनाव प्रचार में तन-मन-धन से जुटने को कहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी चुनाव में उनकी ओर से मिले समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद किया है। मौर्य ने उनकी चिट्ठी शेयर करते हुए लिखा, 'आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद का कुशीनगर लोकसभा 65 से अपना समर्थन राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी यानी मुझे दिया। जिसके लिए एडवोकेट चंद्रशेखर भाई को बहुत-बहुत धन्यवाद।'

लोकसभा चुनाव से पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया है। जिसके बाद अब वो कुशीनगर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि उन्होंने बाकी सीटों पर इंडिया गठबंधन को समर्थन देने का एलान किया है। वहीं चंद्रशेखर आजाद भी सपा के साथ थे। खतौली और रामपुर उपचुनाव में उन्होंने खुलकर सपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया था। माना जा रहा था कि लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन की ओर से चंद्रशेखर आजाद को नगीना लोकसभा सीट दे सकते हैं लेकिन आखिरी वक्त में उनकी बातचीत टूट गई, जिसके बाद वो अकेले ही चुनाव मैदान में उतर गए। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी उनका समर्थन किया था और अपने समर्थकों से उनके समर्थन में चुनाव प्रचार करने के निर्देश दिए थे। अब जब स्वामी प्रसाद मौर्य को जरूरत पड़ी तो चंद्रशेखर आजाद भी उनके साथ आ गए हैं।

# त्रिकोणीय मुकाबले के आसार, फिर भी भाजपा मजबूत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाराजगंज संसदीय क्षेत्र कुर्मी, ब्राह्मण, ठाकुर और दलित बहुल है। हालांकि मुस्लिम और ओबीसी वर्ग के मतदाता भी यहां पर निर्णायक हैं। इस सीट पर पिछले दो चुनाव में मोदी लहर के चलते बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल की है। मगर इस बार यहां पर सपा-कांग्रेस गठबंधन होने से नजदीकी मुकाबला होने की आस है। आम चुनाव 2024 की जंग में

- **महाराजगंज लोकसभा सीटः- मुस्लिम और ओबीसी वर्ग के मतदाताओं का मत निर्णायक**

महाराजगंज सीट पर भाजपा ने फिर से अपना उम्मीदवार पंकज चौधरी को ही बनाया है। सपा-कांग्रेस गठबंधन से विधायक वीरेंद्र चौधरी मैदान में उतरे हैं। बसपा से मौसमें आलम चुनाव मैदान में हैं। फिलहाल यूपी में बन रहे सियासी माहौल से त्रिकोणीय मुकाबले के आसार तो हैं, लेकिन इसके बावजूद भी यहां पर मजबूत भाजपा की राह आसान ही रह सकती है।

यूपी के पिछड़े जिले में शुमार महाराजगंज नेपाल से सटा जिला है। जब देश में पहला चुनाव हुआ तब इस सीट का प्रतिनिधित्व शिक्षाविद और स्वतंत्रता सेनानी शिब्बन लाल सक्सेना ने किया। शिब्बन लाल संविधान सभा के सदस्य भी रहे थे।

जितनी खूबसूरत महाराजगंज जगह है। उतना ही खूबसूरत यहां का इतिहास भी रहा है। महाभारत काल में इस जगह को कारापथ के नाम से जाना जाता था। जो कि कौशल राज्य का एक अंग हुआ करता था। इक्ष्वाकु राजाओं का यहां शासन था। जो बाद में छोटे-छोटे राज्यों में बंट गया। अगर बात इस सीट के राजनैतिक इतिहास की करें, तो यहां पर पहली बार साल 1952 में चुनाव हुआ था, जिसमें में शिब्बन लाल सक्सेना ने निर्दलीय जीत दर्ज की थी। ऐसा कहा जाता है कि उस समय कांग्रेस ने उन्हे सम्मान नहीं दिया था। जिस कारण वो निर्दलीय ही चुनाव मैदान में कूद गए थे। शिब्बन लाल साल 1957 में भी दूसरा चुनाव जीते थे। इसके बाद साल 1962 के चुनाव में कांग्रेस के महादेव प्रसाद के हाथों उन्हें शिकस्त मिली थी। साल 1967 के चुनाव में कांग्रेस से महादेव प्रसाद ही




यहां से दोबारा सासंद बने थे। लेकिन 1971 में जब चुनाव हुए तब शिब्बन लाल सक्सेना एक बार फिर निर्दलीय चुनाव जीत गए थे। हालांकि साल 1977 का अगला चुनाव शिब्बन लाल सक्सेना ने जनता पार्टी के सिंबल पर लड़कर जीता था। साल 1980 के चुनाव में कांग्रेस के अशफाक हुसैन यहां से सांसद चुने गए थे। वहीं साल 1984 में कांग्रेस से जितेंद्र सिंह चुनाव जीत कर संसद पहुंचे थे। साल 1989 के चुनाव में जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हर्ष वर्धन यहां से सांसद बने थे। साल 1991 की राम मंदिर लहर में भाजपा का यहां पर खाता खुला था और पंकज चौधरी चुनाव जीतकर सांसद बने थे। पंकज ने इस सीट पर भाजपा की पकड़ बनाए रखा है और अब तक 6 बार सांसद बन चुके हैं। पंकज चौधरी ने यहां साल 1996 और 1998 का चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी। 1999 में हुए चुनाव में समाजवादी पार्टी के अखिलेश सिंह के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। पंकज ने अगले ही चुनाव साल 2004 में फिर वापसी की थी और जीत दर्ज कर चौथी बार संसद पहुंचे थे। साल 2009 के चुनाव में पंकज को कांग्रेस के हर्ष वर्धन के हाथों हार मिली थी। लेकिन साल 2014 के चुनाव में बीजेपी ने फिर से पंकज पर दांव खेला था। जिस पर वो खरे उतरे थे और पांचवीं बार जीत दर्ज कर भाजपा की वापसी कराई थी। साल 2019 का पिछला लोकसभा चुनाव भी महाराजगंज सीट पर पंकज चौधरी के ही नाम रहा था। इस बार उन्होंने यहां पर छठीं बार जीत हासिल की थी।

**एक नजर लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर :** महाराजगंज सीट पर साल 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव पर नजर डालें, तो इस सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। भाजपा के पंकज चौधरी ने सपा के अखिलेश सिंह को तीन लाख से अधिक वोटों के बड़े अंतर से हराया था। पंकज चौधरी को कुल 7 लाख 26 हजार 349 वोट मिले थे। जबकि दूसरे नंबर पर रहे अखिलेश सिंह को 3 लाख 85 हजार 925 मत मिले थे। वहीं तीसरे नंबर पर कांग्रेस की सुप्रिया श्रीनेत रही थी। सुप्रिया श्रीनेत को केवल 72 हजार 516 वोट पड़े थे।

**साल 2014 :** अगर बात साल 2014 के लोकसभा चुनाव की करें, तो भाजपा के पंकज चौधरी ने यहां पर पांचवीं बार चुनाव जीता था। पंकज ने इस चुनाव में बसपा को करीब ढाई लाख वोटों से पटखनी दी थी। इस चुनाव में पंकज को कुल 4 लाख 71 हजार 542 वोट मिले थे। जबकि दूसरे नंबर पर बसपा के काशी नाथ शुक्ल रहे थे। काशी नाथ शुक्ल को कुल 2 लाख 31 हजार 84 वोट मिले थे। वहीं तीसरे नंबर पर सपा के अखिलेश सिंह थे। अखिलेश सिंह को कुल 2 लाख 13 हजार 974 वोट मिले थे।

**साल 2009 :** बात साल 2009 के लोकसभा चुनाव की करें, तो कांग्रेस के हर्ष वर्धन इस सीट से सांसद बने थे। कांग्रेस के हर्षवर्धन ने करीब सवा लाख वोटों के अंतर से यह चुनाव जीता था। हर्ष वर्धन को कुल 3 लाख 5 हजार 474 वोट मिले थे। जबकि दूसरे नंबर पर बसपा के गणेश शंकर पांडेय रहे थे। गणेश शंकर को कुल 1 लाख 81 हजार 846 वोट मिले थे। वहीं तीसरे नंबर पर भाजपा के पंकज चौधरी थे। पंकज को इस चुनाव में केवल 1 लाख 73 हजार 41 वोट पड़े थे।

# सर्वाधिक मतदान कराने वाले आरडब्ल्यूए होंगे सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी ऑडिटोरियम में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की विभिन्न कालोनियों व बहुमंजिला सोसाइटी के आरडब्ल्यूए व जन कल्याण समिति के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मण्डलायुक्त, लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए मतदाता शपथ दिलायी।

मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि जब भी चुनाव में कम मतदान होता है तो लोग चर्चा करते हैं कि शिक्षित समाज वोट डालने के प्रति उदासीन है। हमें साथ मिलकर इस सोच को बदलना होगा और आगामी 20 मई को लखनऊ में होने वाले मतदान में पहले वोट करना होगा। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में लखनऊ की आवाज कितनी बुलंद है, यह हमें मतदान वाले दिन वोट डालने की अपनी ड्यूटी निभाकर दिखाना होगा। मण्डलायुक्त ने कहा कि रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सभी सदस्य चुनाव में प्रशासन के पार्टनर हैं। लिहाजा मतदान के प्रति आपकी भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है, जितनी की प्रशासन के अधिकारियों की है। इसलिए आरडब्ल्यूए को यह सुनिश्चित करना होगा कि सोसाइटी का हर एक मतदाता अपने घर से निकल कर वोट डालने जरूर जाए। उन्होंने कहा कि जिन सोसाइटी में सर्वाधिक मतदान होगा, उनके आरडब्ल्यूए को सम्मानित किया जाएगा। इस क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि निर्वाचन/मतदान प्रक्रिया की जानकारी के लिए जनपद स्तर से एक वेबसाइट इङ्ङ्ङ्ग्ऱ्ँ'ङ्क्ष्ङ्ङ्ल्ल.ल्ल तैयार की गई है। इस वेबसाइट पर मतदान केन्द्र की भौगोलिक स्थिति, वोटर लिस्ट, वोटर स्लिप, बूथ पर कतारबध मतदाताओ की जानकारी आदि उपलब्ध रहेगी। वोटर्स अपने बूथ की वास्तविक लोकेशन, बूथ पर कतारबद्ध मतदाताओं की जानकारी और संभावित प्रतीक्षा अवधि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, नगर आयुक्त श्री इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि मतदाताओं की सहूलियत के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम लोग अपने बच्चों को परीक्षाएं दिलाने ले जाते हैं, उसी तरह धूप और गर्मी की परवाह किये बगैर हमें वोट डालने जाना होगा।

**परिसर में ही मतदान कर सकेंगे बहुमंजिला फ्लैटों के मतदाता :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि इस बार प्राधिकरण द्वारा शहर के 14 अपार्टमेंट्स में मॉडल मतदान केन्द्र बनाये गये हैं, जिससे कि बहुमंजिला सोसाइटी में रहने वाले मतदाता अपने आवासीय परिसर में ही मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान वाले दिन निजी वाहन मतदान केन्द्र की 100 मीटर की परिधि तक जा सकेंगे। इससे वोटरों को मतदान केन्द्र तक जाने में किसी तरह की कोई असुविधा नहीं होगी। इसके अलावा आरटीओ की तरफ से विभिन्न ग्रुप हाउसिंग व कालोनियों में पर्याप्त संख्या में ई-रिक्शा भी लगाये जा रहे हैं, जिससे बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं व दिव्यांग जनों को बूथ तक जाने में किसी तरह की असुविधा नहीं होगी।

**मतदान के लिए शपथ दिलवाई :** गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति की ओर से शनिवार को अयप्पा मंदिर विनीत खंड 6 एक मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को 5 लाख से अधिक मतों के अंतर से विजय के लिए पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी को मतदान के लिए शपथ दिलवाई गई। उक्त अवसर पर अध्यक्ष बीएन सिंह, महासचिव राघवेंद्र शुक्ला, कर्नल ए एन पांडे अतिरिक्त महासचिव, सी जी नायर, सचिव, संजय निगम, कार्यकारी सचिव, अरुण गुप्ता सहित सभी खंडों के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नुक्कड़ सभा कर राजनाथ को जिताने का लिया संकल्प :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ इकाई के तत्वावधान में शनिवार को ऐशबाग में नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ। सभा में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व शिक्षा मंत्री अनुपमा जायसवाल मौजूद रहीं। इस दौरान सभी व्यापारियों ने भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को 5 लाख से अधिक वोटों से जिताने का संकल्प लिया। संगठन के प्रदेश युवा महामंत्री योगेंद्र सिंह ने कहा कि व्यापारी राष्ट्रहित में धूप-गर्मी को दरकिनार करके पहले मतदान फिर जलपान के तहत वोट करने जायेगा। नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने व्यापारियों से राजनाथ के पक्ष में मतदान की अपील की। नुक्कड़ सभा में सफाई आयोग के उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, ऐशबाग व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सुशील जायसवाल, वैश्य एकता परिषद के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमिला जायसवाल, श्याम मिश्रा, विवेक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## समाचार पत्र वितरकों ने ली मतदान करने की शपथ

लखनऊ। चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के तत्वावधान में शनिवार को चौक डिपो पर मतदाता जागरूकता संकल्प शपथ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आचार्य राजेश शुक्ल ने सभी समाचार पत्र वितरकों को शपथ संकल्प पढ़वाया। कार्यक्रम में मौजूद अंकुर दीक्षित ने सभी समाचार पत्र वितरकों से अपील की, कि 20 तारीख को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके अलावा अपने क्षेत्र के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर चौक डिपो अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, गोपालनाथ शर्मा, संजय अवस्थी, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, रमेश रावत, दिनेश चंद्र कश्यप, श्याम सिंह, चंदन लोधी, सिराज अहमद कमलेश, पंकज बाजपेई, सौरभ, विनीत मिश्रा, राजेश, शिवमोहन राठौर, बी.के. शुक्लआदि उपस्थित रहे।

## चुनाव में जनता से मतदान करने की अपील की

**लखनऊ।** ट्रांस गोमती जन कल्याण महासमिति के अध्यक्ष अभिनव नाथ त्रिपाठी और महासचिव प्रवीण श्रीवास्तव ने महासमिति के पदाधिकारियों के साथ गोमती नगर में बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में जनता से मतदान करने की अपील की। बैठक में प्रचंड गर्मी को देखते हुए नागरिकों से अपना ध्यान रखने, कड़ी धूप में सावधानी बरतने की अपील की गई। खास कर बुजुर्ग लोग से अपना ध्यान रखने की अपील की। साथ ही महासमिति के सभी पदाधिकारियों से अपने सभी पास-पड़ोस निवासियों तथा परिचितों को फोन, मैसेज, सोशल मीडिया आदि माध्यमो से सभी को अधिक से अधिक संख्या में अपने वोट को जरूर पोल करे। बैठक में मुख्य रूप से पार्षद अरुण राय, संजय सिंह राठौर, रामकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष शैलेंद्र राय ₹डब्बू₹, उपाध्यक्ष अभिषेक राय, मधु चौधरी, डॉ दुर्गेश, मिथिलेश मिश्र, हिमांशु भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## चिनहट में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**लखनऊ।** चिनहट स्थित पार्थ हास्पिटल ने 60 फीसद से ऊपर मतदान कराने का संकल्प दिलाया। अस्पताल से चिनहट चौराहे तक डाक्टरों, नर्सों, अस्पताल प्रबंधन और नागरिकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इसका शुभारम्भ एवं प्रस्थान कोशिश फाउंडेशन संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष दिनेश खरे ने हरी झंडी दिखाकर किया। लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, पार्थ हॉस्पिटल प्रबंध समिति के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक सिह (एमडी), आलोक श्रीवास्तव, अमर दूबे, अभिनव श्रीवास्तव, अंशुल श्रीवास्तव ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता जैसे अभियान का हिस्सा बनकर अपने नागरिक होने के कर्तव्य का निर्वहन करें।

# एल.एच.बी. कोच से रेलवे की आय बढ़ी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा एल.एच.बी. (लिंक हाफमैन बुश) रेकों के पिट अनुरक्षण के दौरान जेनरेटर सेट के स्थान पर ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरण मित्रवत 750 वोल्ट विद्युत सप्लाई का प्रयोग किया जा रहा है। जेनरेटर सेट के स्थान पर विद्युत सप्लाई का उपयोग बहुत ही लाभप्रद है तथा इससे व्यय में कमी के साथ ही हाई स्पीड डीजल (एच.एस.डी.) की बचत हो रही है।

- **63 जोड़ी ट्रेनों के 85 रैकों में किया जा रहा है उपयोग**

अभी तक एल.एच.बी. रेकों के पिट अनुरक्षण के दौरान जेनरेटर सेट का प्रयोग होता था। एल.एच.बी. रेक के पिट अनुरक्षण के कार्य में समय लगता है, जिसमें इस्तेमाल किये जाने वाले जेनरेटर सेट में हाई स्पीड डीजल (एच.एस.डी.) की खपत होती थी। साथ ही अनुरक्षण के दौरान इनसे निकलने वाला कार्बन पर्यावरण के अनुकूल नहीं होता था। पूर्वोत्तर रेलवे के 21 वाशिंग पिटों पर एल.एच.बी. कोचों के अनुरक्षण का कार्य 750 वोल्ट विद्युत सप्लाई से किया जा रहा है, जिससे 1211.429 किलो लीटर एच.एस.डी. की बचत हुई है, जिससे वित्त वर्ष 2023-24 में 11.15 करोड़ रुपये के रेल राजस्व की बचत हुई है। इसी क्रम में, ऊर्जा दक्ष, कम खचीर्ली एवं पर्यावरण मित्रवत हेड ऑन जेनरेशन (एच.ओ.जी.) का उपयोग 63 जोड़ी ट्रेनों के 85 रेकों में किया जा रहा है, जिससे 17326.391 किलो लीटर एच.एस.डी. की बचत हुई है, जिससे वित्त वर्ष 2023-24 में 159.50 करोड़ रुपये के रेल राजस्व की बचत हुई है।

# जीएम उत्तर रेलवे ने रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी का मुख्यालय के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ पहुंचे। अपने इस आगमन के दौरान उन्होंने मुख्यालय से आए अधिकारियों तथा मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ एस.एम.शर्मा तथा मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ के चारबाग में स्थित रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप (लोको एवं कैरिज), उत्तर रेलवे का निरीक्षण किया। इसके उपरांत जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए।

- **जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हुए सम्मिलित**

अपने निरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व महाप्रबंधक का आगमन मंडलीय चिकित्सालय में हुआ। वहां पहुंचकर उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संगीता सागर से रोगियों को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं एवं चिकित्सा संबंधी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा चिकित्सालय का अवलोकन किया। महाप्रबंधक ने आधुनिक चिकित्सा तकनीक द्वारा चिकित्सा सुविधाओं का निरंतर उन्नयन करते रहने तथा आधुनिकतम परीक्षण संयंत्रों की उपलब्धता की अनिवार्यता की बात कही। तदोपरांत जीएम रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप (लोको एवं कैरिज) उत्तर रेलवे चारबाग पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने मुख्य कारखाना प्रबंधक मनीष पाण्डेय के साथ वर्कशॉप का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने वर्कशॉप का मॉडल, वी.सी.बी.ओवरहॉलिंग एंड एनालाइजर एरिया, बोगी शॉप, फेब्रीकेशन शॉप, रोलर बेयरिंग निरीक्षण एंड जाइग्लो सेक्शन, सी.डब्ल्यू.ई.शॉप, मेटालर्जिकल माइक्रोस्कोप सहित अन्य कार्यस्थलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सम्मिलित होकर अपने सुझाव एवं निर्देश दिये।

इसके बाद महाप्रबंधक जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। अकादमी में महाप्रबंधक ने परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत राष्ट्रीय रेल सुरक्षा संग्रहालय का अवलोकन किया। तदोपरांत दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा नवनियुक्त आईआरपीएफएस/प्रोबेशनर्स को निष्ठा की शपथ दिलाई एवं पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान किया।

## गोमती नदी किनारे लखनऊ आई लगाने की तैयारी

**लखनऊ।** गोमती नदी किनारे को सजाने व संवारने का काम एलडीए करेगा। इसके किनारे एडवेंचर सफारी, एडवेंचर जोन व फ्लोटिंग रेस्टोरेंट स्थापित होंगे। लंदन आई (झूला) की तर्ज पर गोमती नदी किनारे लखनऊ आई को भी लगाया जाएगा। इसके लिए टेण्डर डाक्यूमेंट तैयार हो गया है। चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण इसका टेण्डर कराएगा। यह करीब 700 मीटर ऊंचा होगा। इससे लखनऊ ही नहीं, आस पास के जिलों का क्षेत्र भी दिखेगा। एलडीए इसका निर्माण पीपीपी मॉडल पर करेगा। कम्पनी के चयन के लिए ग्लोबल टेण्डर होगा। इसके निर्माण पर 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च आने की उम्मीद है। लखनऊ आई पर बैठने वालों को पूरे शहर का नजारा देखने को मिलेगा उन्हें इस विशेष झूले से जहां विधानसभा दिखेगी, वहीं इमामबाड़ा और रेजीडेंसी का भी खूबसूरत नजारा दिखेगा। लंदन आई की तर्ज पर लखनऊ आई के निर्माण का प्रस्ताव वर्ष 2013 में तत्कालीन अखिलेश यादव सरकार में बना था। बाद में इसे वापस ले लिया गया था, तब से मामला लटका था। एलडीए ने इसके निर्माण को अंतिम रूप दे दिया है।

# सफल कार्यक्रम से छात्रों को किया गया जागरूक

## लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउन्डेशन) में सफल कार्यक्रम का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल, (सी.पी. सिंह फाउन्डेशन) द्वारा सीबीएसई के तत्वाधान में एक कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सफल आयोजित की गयी। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की सेक्टर-आई शाखा में स्थित श्री सीपी सिंह स्मृति सभागार में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से आए कम्प्यूटर विज्ञान संकाय के अनेक शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉक्टर श्वेता सिंह (संयुक्त सचिव शैक्षिक एवं मूल्यांकन सीबीएसई) एवं मोहम्मद मिर्जा (पीजीटी कंप्यूटर साइंस सेठ जयपुरिया लखनऊ) वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

ज्ञातव्य हो कि सफल कार्यक्रम, विद्यार्थियों के मध्य तीसरी पांचवी और आठवीं श्रेणी के लिए प्राथमिक आधारभूत योग्यताओं और मूलभूत प्राथमिक शिक्षण का शैक्षिक परिणाम जानने के लिए एक योग्यता आधारित मूल्यांकन है, जिसके माध्यम से उन्नति एवं विकास को जाना और समझा जा सकता है। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं ने सकारात्मकता का अनुभव किया। कार्यक्रम में डॉ अखिलेश कुमार (अधीनस्थ सचिव शिक्षा केंद्र प्रयागराज) और डॉ. जावेद आलम (नगर संयोजक सीबीएसई, लखनऊ) भी उपस्थिति थे। विद्यालय की निदेशिका रश्मि पाठक ने इस अवसर पर अतिथिगणों का सम्मान करते हुए अपनी मूल्यवान उपस्थिति से सफल कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया।

# बीबीएयू में हुई भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी की बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में शनिवार को भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी, प्रयागराज की पहली एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनएमपी वर्मा ने की। बैठक में मुख्य तौर पर एम्स भोपाल के पूर्व निदेशक एवं प्रख्यात चिकित्सा सर्जन प्रो संदीप कुमार, भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष प्रो एनपी चौबे एवं जनरल सेक्रेटरी प्रो मनोहर लाल उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया एवं शिक्षा के स्तर में वृद्धि के लिए विभिन्न कार्ययोजना के संदर्भ में चर्चा की गयी।

बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि 2025 में स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, कोलकाता में सभी भारतीय भाषाओं में विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान विषय पर 48वीं भारतीय सामाजिक विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जायेगा। बैठक के दौरान प्रो शशि कुमार, प्रो ए. एलेनगोवान, प्रो. मुकंद शर्मा, प्रो. एचएन मिश्रा, डॉ. विनोद झा, डॉ. राशिदा, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. मणिराम सिंह एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मल्हौर में दो करोड़ की जमीन पर कब्जा, एफआईआर

**लखनऊ।** नगर निगम के संपत्ति विभाग ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए निजामपुर मल्हौर में सरकारी जमीन से कब्जा हटाया। दो करोड़ रु की जमीन खाली कराकर कब्जेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। मल्हौर में खसरा संख्या-244 क्षेत्रफल 0.1960 हे. राजस्व अभिलेखों में नवीन आबादी के लिए सुरक्षित के रूप में दर्ज है। जो कि नगर निगम में निहित सम्पत्ति है। मौके पर यह रिक्त भूमि थी। ललित व सूरज ने ट्रैक्टर ट्राली से मलबा डालकर कब्जा करने का प्रयास किया गया था। इसकी जानकारी होने पर दोनों के विरुद्ध थाना चिनहट में लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट नगर निगम लेखपाल सुभाष कौशल व राकेश कुमार की ओर से दर्ज करवाया गया है। इस भूमि की बाजारू कीमत लगभग 02 करोड़ से अधिक की है।

# कुलपति ने नये सत्र की तैयारी के लिए विभागाध्यक्षों को दिये निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में समर्थ पोर्टल के कार्यान्वयन संबंध में सभी संकायाध्यक्ष, निदेशकों तथा विभागाध्यक्ष की एक समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए।

कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने नए सत्र को लेकर तैयारी के लिए विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कुलपति ने सभी विभागाध्यक्षों को सूचित किया कि आने वाले सत्र 2024-25 से विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का एडमिशन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही किया जायेगा। इसके अतिरिक्त लीव मोड्यूल, रिक्रूइटमेंट मोड्यूल तथा कैस (उअर प्रमोशन) मोड्यूल को भी प्रथम फेज में जल्द से जल्द लागू करने के लिया निर्देशित किया और इसके लिए जो आवश्यक तैयारियां की जरूरत है वह समय से कर ली जाए। इस संबंध में प्रो. मुकुल श्रीवास्तव तथा डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य ने एक संक्षिप्त प्रजेंटेशन सभी के समक्ष किया। कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद दिया गया।

## लविवि की टीम ने जीती ऑनलाइन मूट कोर्ट प्रतियोगिता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के पांच वर्षीय एलएलबी ऑनर्स के दो छात्रों ने हिमाचल प्रदेश के हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस, एचपी कॉलेज ऑफ लॉ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विजेता का स्थान प्राप्त किया। टीम को 10 हजार रुपये की इनाम राशि से सम्मानित किया गया। इनमे एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम की छात्रा हर्षिता पटेल एवं छात्र प्रांजल पाल शामिल हैं। विधि संकाय के संकाय एवम विभागाध्यक्ष प्रो बंशीधर सिंह, प्रो आनंद विश्वकर्मा, लखनऊ यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट एसोसिएशन के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. राधेश्याम प्रसाद, डॉ. आलोक यादव, डॉ. वरुण छाछड़, डॉ. नंदकिशोर, डॉ. कौशलेंद्र प्रताप सिंह एवं विधि संकाय के अन्य शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

# छात्रों ने मतदान प्रति शत बढ़ाने के लिए किया नुक्कड़ नाटक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले, स्टडी हॉल कॉलेज के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सड़कों पर उतरे। ट्रांसपोर्ट नगर, ट्रैफिक पार्क कृष्णा नगर, आलमबाग बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन, स्मृति उपवन चौराहा और ज्ञानसेतु- गांवों में सामुदायिक परिवर्तन केंद्र सहित प्रमुख स्थानों पर आयोजित नाटकों के माध्यम से 1,250 से अधिक समुदाय के सदस्य जुड़े।

बीकॉम की छात्रा किरणदीप कौर ने जोर देकर कहा, हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और चुनाव होने वाले हैं। हमें अपने वोट के महत्व को समझना चाहिए और अपने देश का लोकतांत्रिक नागरिक बनना चाहिए। बीसीए छात्र आर्यन ने कहा कि हमारा वोट हमारी आवाज है। इसमें भाग लेना सभी के लिए महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि हमारे समुदाय जाएं और मतदान करें, क्योंकि यह महत्वपूर्ण है। ज्ञानसेतु हरदुइया केंद्र की शिक्षिका शिवानी ने कहा, समुदाय के सदस्यों को यह समझाने के लिए शिक्षित करना आवश्यक है कि उन्हें मतदान क्यों करना चाहिए। इस नाटक के माध्यम से मेरे समुदाय ने अपने वोट की ताकत को समझा और छात्रों ने उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्टडी हॉल कॉलेज के थिएटर फैकल्टी, नीतीश भारद्वाज द्वारा निर्देशित, नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को जिम्मेदारी से मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। 2016 में स्थापित, स्टडी हॉल कॉलेज एक डिग्री कॉलेज है, जो लखनऊ विश्वविद्यालय से एफिलिएटेड है और वर्तमान में बीए-जेएमसी, बीबीए, बीकॉम, और बीसीए जैसे कोर्सेज हैं। ज्ञानसेतु उत्तर प्रदेश के छह जिलों लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या और प्रतापगढ़ में चल रहे सामुदायिक परिवर्तन के केंद्र हैं। वर्तमान में, ऐसे 116 स्कूल न जाने वाले 3000 से अधिक बच्चों को औपचारिक स्कूली शिक्षा में भेजने के उद्देश्य से शिक्षित करने का कार्य करता हैं। ज्ञानसेतु केंद्रों में पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के लिए एक स्थायी और देखभाल करने वाली सहायता प्रणाली बनाने के लिए समुदाय के सदस्य भी शामिल हैं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# पांचवे चरण के चुनाव को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

- 20 मई को पड़ेगें लोक सभा और विधानसभा उपचुनाव के वोट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत पंचम चरण हेतु लोकसभा क्षेत्र मोहनलालगंज एवं लखनऊ में 20 मई को वोट डाले जायेगें। जिसको ध्यान में रखते हुये सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम किये गये है। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि मतदान को शांतिपूर्ण वातावरण में निष्पक्ष एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने हेतु कुल 1544 मतदान केन्द्रों में से अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र 205, संवेदनशील केन्द्र 58 व सामान्य मतदान केन्द 1281 को निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित किये गये नियमों के अनुरूप पुलिस बल का व्यवस्थापन कराया गया है। उक्त मतदान केन्द्रों पर उपनिरीक्षक 189, मुख्य आरक्षी 4772, होमगार्ड 5908 व 23 कम्पनी प्लाटून केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल (सीएपीएफ) व 03 कम्पनी पीएसी बल प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि मोहनलालगंज में मतदान केन्द्र 1088, मतदेय स्थल 1873, जोन 22 और 119 सेक्टर में बांटा गया है। जबकी लखनऊ लोक सभा को लेकर मतदान केन्द्र 456 , मतदेय स्थल 1895, जोन 24 समेत 105 सेक्टर में बांटा गया है। मोहनलालगंज के कुल मतदान केन्द्र-1088 पर उपनिरीक्षक 189, मुख्य आरक्षी 2807, होमगार्ड 3032 समेत केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल-72 सेक्शन का व्यवस्थापन किया गया है। वहीं लखनऊ के कुल मतदान केन्द्र 456 पर उपनिरीक्षक 459, मुख्य आरक्षी 1997, होमगार्ड 2587 समेत केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल-59. 5 सेक्शन का व्यवस्थापन किया गया है। इसके अतिरिक्त डीसीपी 10, एडीसीपी 11, एसीपी 23, निरीक्षक 97, उपनिरीक्षक 596, मुख्य आरक्षी 2859 होमगार्ड 266 व केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बल 55.5 सेक्शन एवं पीएसी30 सेक्शन लगाया गया है। जिसमें 224 सेक्टर मोबाइल, 46 जोनल मोबाइल, 51 बैरियर समेत 102 क्यू०आर०टी० सम्मिलित होंगी।

मतदान प्रक्रिया के दृष्टिगत सुगम यातायात व्यवस्था हेतु काफी संख्या में यातायात पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है। जिससे लोगों को मतदान केन्द्र तक आवागमन में किसी प्रकार की असूविधा का सामना न करना पड़े। आकस्मिक अग्नि घटनाओं के दृष्टिगत कमिश्नरेट में स्थापित 08 फायर स्टेशनों को समस्त अग्नि सुरक्षा उपकरणों सहित मतदान दिवस पर सतर्क रखा गया है, जिनके द्वारा आकस्मिक सूचनाओं पर त्वरित गति से घटना स्थल पर पहुँचकर स्थिति पर नियंत्रित करेंगे। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण वातावरण में निष्पक्ष एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने हेतु अभिसूचना को प्रशिक्षण करके उन्हें निरन्तर क्रियाशील रहकर ऐसे प्रत्येक सूचना को संकलित करके अपक्षित बाही सुनिश्चित कराये जाने हेतु लगाया गया है। जिनके द्वारा मुख्यतः मतदान के दौरान लोगों के बीच के वितरण, धन के वितरण, असलहों का प्रदर्शन कर किसी भी मतदाता आदि को डराया, धमकाना तथा वोटरों को मतदान से रोकने सम्बन्धी कार्यवाही पर विशेष सतर्क दृष्टि रखेंगे व ऐसी किसी भी त्वरित कार्यवाही हेतु सूचना का आदान प्रदान करेंगे। मतदान दिवस पर शराब, बीयर व अन्य मादक पदार्थों की दुकानें पूर्णतः बन्द रहेगी। सम्बन्धित थाना व मोबाइल निर्धारित क्षेत्र में निरन्तर भ्रमणशील रहकर चेकिंग करते रहेंगे। किसी भी दशा में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री नहीं होंने देंगे।

## डीएम ने की लखनऊ में 20 मई को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

**लखनऊ।** सोमवार यानी 20 मई को लखनऊ में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लोकसभा चुनाव लेकर डीएम और जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं. इसी बीच डीएम सूर्यपाल गंगवार की ओर से सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। सोमवार को लखनऊ में सभी दुकानें और कारखाने, ऑफिस , स्कूल बंद रहेंगे. यानी सोमवार को पूरी तरह से लखनऊ में सब कुछ बंद रहेगा।

डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने और लोग वोट का इस्तेमाल कर सके इसके लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार लखनऊ का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि छुट्टी घर में रहकर ना मनाएं बल्कि वोट दें और अपना कर्तव्य निभाएं।

## अवैध देशी शराब की बिक्री करते शातिर गिरफ्तार

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने शुक्रवार देर शाम थाना क्षेत्र स्थित एसकेडी अस्पताल के पास से एक शातिर को अवैध देशी शराब की बिक्री करते गिरफ्तार किया है। वही पुलिस को पकड़े गए शातिर के पास मिले थैले से 25 पाउच देशी शराब बरामद हुआ है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना परिचय रामप्रसाद उर्फ गुड्डू पुत्र रामलाल वर्मा ग्राम गोकुलपुर असेनी थाना सतरिख जनपद बाराबंकी हाल पता ग्राम बरगवां थाना कृष्णानगर लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए शातिर के खिलाफ बरामदगी के आधार पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कारवाई की गई है।

## अवैध गांजा संग कैरियर गिरफ्तार

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने शुक्रवार देर शाम थाना क्षेत्र स्थित माता जी की बगिया जयजगत पार्क के पीछे वाले गेट के सामने से दो गांजा कैरियर को अवैध गांजा की बिक्री करते गिरफ्तार किया है। पुलिस को गिरफ्त में आए दोनों कैरियर के पास मिले थैले से 950 ग्राम गांजा सहित 1150 नगद बरामद हुआ है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में गिरफ्त में कैरियर ओम प्रकाश कश्यप पुत्र रमेश कश्यप पटवारी मोहल्ला थाना विजनौर जनपद बिजनौर व दूसरे ने परिचय दीपक शर्मा पुत्र मुन्नू शर्मा निवासी चौधरी मोहल्ला बिजनौर थाना विजनौर जनपद लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। पकड़े गए दोनों कैरियर को एनडीपीएस एक्ट के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## दुधमुंहे मासूम कुत्ते के भौंकने से नींद में पड़ी खलल तो बुजुर्ग ने कर दी हत्या

- हत्या के बाद दुधमुंहे मासूम कुत्ते के शव को पन्नी में भर लगाया ठिकाने
- वायरल वीडियो को आसरा हेल्पिंग संस्था ने संज्ञान में लेते हुए आशियाना थाने पर की शिकायत

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र के शारदा नगर रूचि खंड द्वितीय के एक आवासीय मोहल्ले में दो मासूम शावकों को एक बुर्जुग द्वारा अपने दोनों हाथो में उठाकर घर के भीतर जाने और शावकों की बेरहमी से जान लेने के बाद पन्नी में रख स्कूटी से ले जाते बुजुर्ग की करतूत गली में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई । शनिवार सुबह से सोसल मिडिया पर जमकर वीडियो वायरल हो गया। जिससे हड़कंप मच गया` वायरल वीडियो को पशु प्रेमी संस्था आसरा द हेल्पिंग की संचालिका हंस नगर पारा निवासी चारु खर्रे ने संज्ञान में लेते आरोपित बुजुर्ग रूचि खंड द्वितीय मकान संख्या 2/232 निवासी कौशल किशोर श्रीवास्तव एवं उनके बेटे राहुल श्रीवास्तव के खिलाफ आशियाना थाने पर शिकायत की है` मामले में आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि आरोपी बुजुर्ग रोडवेज से सेवानिवृत्त है संस्था अध्यक्षा की शिकायत पर मामले में जाँच की जा रही है` बुजुर्ग ने मामले में जानकारी दौरान स्वीकार किया है कि उसने क्रोध वश दोनों शावकों को चार दिन पूर्व बीते 14 मई को पन्नी में भर कूड़े के ढेर में फेक दिया था` मामले में और जानकारी जुटाई जा रही है स्थिति स्पष्ट हो जाने पर विधिक कार्यवाई किया जाएगा` वहीं संस्था संचालिका चारु खर्रे के मुताबिक जब उन्होंने वायरल वीडियो संज्ञान में ले मौके पर जाँच करने गई तो आरोपी बुजुर्ग और उनका बेटा जाँच में सहयोग के बजाये उनके साथ अभद्र व्यवहार करने लगे थे।

## इलेक्ट्रिशियन समेत मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

### गोसाईगंज व सुशांत गोल्फ सिटी इलाके की घटना, पुलिस जांच में जुटी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोसाईंगंज इलाके में मजदूर और सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में इलेक्ट्रिशियन का शव अपने घर के अंदर लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फारेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक मूलरूप से गोरखपुर के रहने वाले सुधीर (22) हसनपुर खेवली गांव किराये के मकान में रहकर इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। शानिवर की सुबह उसका शव कमरे अंदर गमछे से पंखे के हुक से लटका देखा गया। आसपास रहने वाले लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौकेपर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

वहीं दूसरी ओर गोसाईंगंज के बरुआ गांव में रहने वाले अनिल कुमार रावत (25) का शव गांव के बाहर आम की बाग में रस्सी के सहारे लटका मिला। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक मजदूरी करता था। परिजनों की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के पिता श्रवण कुमार ने बताया कि शाम तक सब ठीक था रात के वक्त बाग कैसे पहुंचा पता नही चला जब सुबह ग्रामीणों ने खेत की ओर गए तो लटका देखा गया जिसके बाद सूचना मिली । पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## एसी से दो मंजिला घर में लगी आग

**लखनऊ।** वृन्दावन सेक्टर पांच स्थित दो मंजिला घर में शुक्रवार रात एसी में हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई। लपटें देख घर में मौजूद महिलाएं शोर मचाते हुए भागकर बाहर आ गईं। मौके पर पहुंची दो दमकल ने आधे घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू लिया। पीजीआई वृंदावन सेक्टर पांच में उमेश ओझा परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात दस बजे उमेश की पत्नी पुष्पा व एक और महिला घर पर थी। पहली मंजिल स्थित कमरे में एसी में हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटें देख हड़कंप मच गया। आग देख दोनों महिलाएं शोर मचाते हुए भागकर नीचे आ गई। चीख पुकार सुन आसपास के लोग भी जुट गए। लागों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बढ़ती देख पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में एफएसओ पीजीआई मामचंद बडगूजर दो दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। एफएसओ के मुताबिक आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। आग की चपेट में आकर बेड व गृहस्थी का अन्य सामान जल गया।

## 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

लखनऊ। लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जिले में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत शनिवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 (मलिहाबाद) सुबाष चन्द्र ने अपनी टीम के साथ थाना काकोरी अंतर्गत ग्राम खालिसपुर तथा लुधौसी में बेहता नाला के किनारे , खेतों एवं आम के बगीचों में संदिग्ध स्थानों पर दबिश और सघन तलाशी अभियान चलाया गया। दौरान दबिश मौके से लगभग 35 लीटर अवैध कच्ची शराब और 150 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। बरामद लहन को मौके पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। क्षेत्र में प्रवर्तन कार्य आगे भी जारी रहेगा दबिश टीम में प्रधान, आबकारी सिपाही कमलेश श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार, सुजीत कुमार आदि सम्मिलित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद में आबकारी विभाग की विभिन्न टीमों द्वारा मदिरा की दुकानों का निरीक्षण भी किया जा रहा है।

## शादी डॉट कॉम पर दोस्ती कर युवती को नशीला पदार्थ दे किया दुष्कर्म, बनाई अश्लील वीडियो

- शादी से किया इंकार, शिकायत पर वीडियो वायरल करने की दी धमकी
- पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जाँच में जुटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाने पर शनिवार सुबह एक युवती ने साल भर पूर्व शादी डॉट काम से हुई दोस्ती के बाद थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित एक निजी होटल में युवक द्वारा खाने पिने के दौरान नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो बना शादी से इंकार कर देने का आरोप लगा शिकायत की हैं शिकायत पर पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।

लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती के मुताबिक वर्ष 2023 में शादी डॉट कॉम के माध्यम से उसकी दोस्ती दिल्ली के द्वारिकापुरी निवासी आरोपी अश्वनी कुमार वर्मा पुत्र राजेंद्र वर्मा से हुआ था ` आरोपित ने अपने को डीआरडीओ विभाग में वैज्ञानिक बताया था` फोन पर उसने शादी के लिए अपने माता पिता से मुलाकात कराने के लिए उसे दिल्ली अपने घर बुलाया था जिसपर वह दिल्ली गई थी लेकिन युवक के घर पर कोई परिवारीजन न देख वापस लखनऊ आ गई थीं जिसके बाद भी निरंतर वह आरोपी के संपर्क में थी और बातचीत होती रहती थी ।आरोपी उससे मुलाकात करने के लिए दो बार लखनऊ आया था और होटल में उसकी मुलाकात हुई थीं` आरोप है कि बीते 4 अप्रैल को आरोपी लखनऊ आया था ।आरोपी के कहने पर पीड़िता उसके साथ ट्रांसपोर्ट नगर के एक होटल में ठहरी थी जहाँ दोनों लोगो ने एक साथ खाया भी था इस अवसर का लाभ उठा आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ खिला दिया ।जिससे उसका सर भारी हो गया था उसके आपत्ति के बावजूद भी आरोपित ने होटल के कमरे में उससे सम्बन्ध बनाया और उसकी फोटो खींची जिसके बाद वह वापस दिल्ली लौट गया था और उसका मोबाईल नंबर भी ब्लैक लिस्ट कर दिया था` पीड़िता के मुताबिक अपने साथ हुई इस घटना को लेकर उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है जिसपर उसे जानकीपुरम थाने पर भेजा गया था लेकिन पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की घटना नहीं बताकर उसे बैरंग लौटा दियाे पीड़िता ने मामले की शिकायत सरोजनीनगर थाने पर की हैं मामले में एडीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है पीड़िता की दोस्ती शादी डॉट कॉम से हुआ था ।आरोपी शादी से मुकर गया है पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने पर शिकायत की हैं शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

## रहीमाबाद में स्कूल के पास दिखा तेंदुआ, इलाके में दहशत

- वन विभाग को नहीं मिले तेंदुए के पग चिह्न

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रहीमाबाद मवई कला रोड पर इमानवल मिशन स्कूल के 100 मीटर आगे बेता नाले के पास शुक्रवार को तेंदुआ चहलकदमी करते दिखा। स्कूल के वैन चालक ने तेंदुए को देखा और उसका वीडियो भी बनाया। तेंदुए की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। वन विभाग की टीम ने भी शनिवार को मौका मुआयना किया लेकिन तेंदुए के पग चिह्न कहीं नजर नहीं आए।

रहीमाबाद मवई कला रोड पर इमानवल स्कूल के निकट बेता नाले से कुछ दूरी पर शुक्रवार दोपहर स्कूल के वैन चालक समीर अली पान की दुकान पर खड़े थे। तभी उन्हें सामने खेत में कुछ चलने की आहट लगी। उन्होंने ध्यान से देखा तो तेंदुआ दिखाई दिया। समीर ने तुरंत उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। तभी तेंदुआ उनकी ओर बढ़ने लगा तो वह वहां से भाग खड़े हुए। स्कूल के पास पहुंच कर उन्होंने यह बात अपने चालक साथियों को बताया। फिर सभी मौके पर गए लेकिन तब तक तेंदुआ जा चुका था। क्षेत्र में तेंदुआ की खबर फैलते ही तमाम लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तेंदुए का कुछ पता नहीं चल सका।

### तेंदुए की मौजूदगी से डरे ग्रामीण

तेंदुए की खबर से दौलतपुर, रामनगर, बाकी नगर, मवई कला, तिरगंवा, रहीमाबाद, तिलक खेड़ा, महबूब खेड़ा, भटपुरवा गांव सहित आसपास के एक दर्जन गांवों के ग्रामीण थोड़ा डर गए हैं। शाम होते ही ग्रामीण बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने देते। ग्रामीण समूह में खेतों पर जा रहे हैं।

**वन विभाग को जानकारी नहीं:** वन विभाग के रेंजर आलोक तिवारी ने बताया कि दिलीप चौहान व ताहिर खान के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने शनिवार को मौके की जांच की। खेत में गेहूं कटने के बाद खेत एक दम सूखा होने के कारण तेंदुआ को कोई पग चिह्न नहीं दिखा। उन्होंने बताया कि एहतियतन वन विभाग की टीम को तैनात कर दिया गया है। अगर ग्रामीणों को कहीं कुछ दिखता है तो सूचना दें।

## युवती का अपहरण कर बनाई अश्लील वीडियो, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत से वापस आ रही एक दलित युवती को बाइक सवार चार लोगों ने जबरन उठाकर उसका अपहरण कर लिया और उसे उठाकर सुनसान जगह ले गये ।युवती के चिल्लाने की आवाज पर पहुंचे ग्रामीणों को आता देख अपहरण कर्ता फरार हो गये। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मलिहाबाद क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़ित युवती की मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बीते शुक्रवार को लगभग साढ़े सात बजे मेरी पुत्री जो खेत से वापस आते समय बाईक सवार जुहैब पुत्र अन्सार व साहिल पुत्र लुच्चू व भोलू पुत्र मोलहे व जैद पुत्र अज्ञात के द्वारा मेरी पुत्री को जबरदस्ती अपनी दो मोटर साईकिलों से उठा ले गये थे ।मैं घटना के वक्त कुछ दूर पीछे थी व उसके चिल्लाने पर कई लोग आ गये उन लोगों को पहचान लिया। जब युवती की माँ उन लोगों के घर गयी और कहा कि मेरी पुत्री को आपके लड़के जबरदस्ती उठा ले गये थे यह कहते ही लड़के के परिवार के लोगों द्वारा जाति सूचक गालियां दी गई यहाँ से भाग जाओ हम तुम्हारी लड़की को धर्मपरिवर्तन करवा कर निकाह करवा देगें। जुहैब कहने लगा कि तुम्हारी लड़की की अश्लील विडियो बना लिया है हमारा कोई कुछ नहीं कर पायेगा यदि तुमने मेरे खिलाफ कही कोई कार्यवाही की तो तुम्हारी लड़की को जान से भी मरवा देगे।

## एक हफ्ते से वाटर कूलर में उतर रहा था करंट

लखनऊ। कैसरबाग स्थित रोडवेज के अवध बस डिपो में लगे वाटर कूलर में करंट हफ्ते भर से आ रहा है। इसके बावजूद वर्कशाप कर्मियों की शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया। ऐसे में गुरुवार की रात एक होटल कर्मी की वाटर कूलर में उतरे करंट के चपेट में आकर मौत हो गई थी। इस मामले में शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई। इस बीच शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंची वजीरगंज थाने की पुलिस ने वाटर कूलर का निरीक्षण किया। जहां एआरएम सत्यनारायण चौधरी की मौजूदगी में वाटर कूलर में होल्डर लगाकर चेक किया तो लगातार करंट आ रहा था। मौके पर वर्कशाप कर्मियों ने बताया कि एक हफ्ते से वाटर कूलर में करंट उतर रहा है।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं. 19213023 है जिसमें मेरा नाम रोहित सिंह दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रोहित वर्मा दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। **रोहित वर्मा पुत्र विमल कुमार नि.- 545का/एएस-046 अशोक विहार पारा लखनऊ।**

## छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान

### 1090 चौराहे पर मतदाता जागरुकता कार्निवाल का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं 173 लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर स्वीप योजना के अंतर्गत गतिविधियां संचालित कराई जा रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को लखनऊ में 1090 चौराहे पर मतदाता जागरुकता कार्निवाल का आयोजन हुआ जिसमें कॉमेडी का हंगामा और मनोरंजन का हंगामा हुआ। आयुक्त लखनऊ मंडल, डॉ. रोशन जैकब जी ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कॉमेडी हंगामा कार्यक्रम के मुख्य कलाकार चंदन प्रभाकर, सुनील सावरा और अनिरुद्ध मद्धेशिया थे और मनोरंजन का हंगामा के कलाकार स्वाति शर्मा और अमित शर्मा थे। मुंबई से आए इन कलाकारों के साथ संगीत की इनकी पूरी टीम ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से अवध की शाम को रसमय बना दिया। छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान। वोट डालने जाना है, देश के प्रति फर्ज निभाना है, एक वोट से जीत हार, वोट ना हो कोई बेकार जैसे नारों से 1090 चौराहा गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष. लखनऊ विकास प्राधिकरण डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल अधिकारी अजय जैन, संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ मंडल, डॉ.प्रदीप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक/ सहायक नोडल अधिकारी स्वीप, लखनऊ राकेश कुमार, अपर नगर आयुक्त, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जय शंकर श्रीवास्तव, सह निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय उत्तर प्रदेश, मनीषा द्विवेदी, स्वीप कोर टीम के सदस्य डॉ.पल्लवी शर्मा, के. एल. शर्मा, कृष्ण कुमार शुक्ल, आयुष्मान, बेसिक शिक्षा विभाग जनपद लखनऊ के अधिकारियों के साथ ही भारी संख्या में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के प्रधानाचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक ने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। संपूर्ण 1090 चौराहा मतदाता जागरूकता संबंधी एल ई डी डिस्प्ले, पोस्टर, बैनर, स्टीकर आदि के माध्यम से रंगा हुआ था। आयुक्त महोदया ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान में यह कार्यक्रम बहुत प्रभावशाली है। जोर देकर कहा कि एक वोट की बहुत कीमत है। सभी लोग प्रेम भाव के साथ वोट डालेंगे। उन्होंने सभी कलाकारों को बधाई देते हुए उपस्थित जन समुदाय से 20 मई को मतदान अवश्य करने की अपील की।

## कल शाम को रमाबाई मैदान के आसपास ट्रैफिक बदला रहेगा

- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लखनऊ में पांचवें चरण का मतदान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लखनऊ में पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होना है। इसमें पोलिंग पार्टियों की वापसी और ईवीएम को लखनऊ के विभिन्न पोलिंग बूथों से रमाबाई मैदान में ही जमा किया जायेगा। इस वजह से सोमवार शाम से मध्य रात्रि तक वाहनों का चार स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान पोलिंग पार्टी के आवागमन के बीच ट्रैफिक का दवाब अधिक रहने की संभावना है। ऐसे में वाहन सवार वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करके आवागमन कर सकेंगे।

उतरेठिया शहीद पथ अंडरपास चौराहा से रमाबाई अंबेडकर मैदान रैली स्थल की तरफ रांग साइड में किसी भी प्रकार के वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। वहीं अंबेडकर विश्वविद्यालय अंडरपास से कोई भी वाहन उल्टे दिशा से रमाबाई की तरफ नही जा सकेंगे। निजी वाहन रमाबाई पुलिस चौकी रैली स्थल तिराहे से रैन बसेरा तिराहा या बिजनौर शहीद पथ अंडरपास सर्विस रोड होकर नही जा सकेगा। यह वाहन शहीद पथ के ऊपर से होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। बिजनौर शहीद पथ अंडरपास चौराहे से कोई भी वाहन सर्विस रोड होकर रमाबाई पुलिस चौकी की तरफ नही जा सकेगा। यह वाहन बिजनौर रोड, ओमेक्स सिटी या न्यू गडौरा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

**प्रतिबंधित मार्ग पर इमरजेंसी वाहन जा सकेंगे:** 20 मई को रमाबाई मैदान के आसपास प्रतिबंधित मार्गो पर इमरजेंसी वाहन आ-जा सकेंगे। एंबुलेंस, फायर बिग्रेड, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस के वाहनों को छूट रहेगी। इस दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति में ट्रैफिक कंट्रोल नंबर-9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मतदान कर्मियों के लिए गाड़ियां तैयार



लखनऊ। लोकसभा चुनाव के चलते लगभग सभी तैयारिया पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही मतदान कर्मियो को डयूटी में जाने के लिए स्मृति उपवन में आरटीओं विभाग के तरफ से सभी तैयारिया पूरी कर लिया गया है। मतदान कर्मी जैसे ही गेट पर पहुंचेगें तो उन्हे गाड़ी नम्बर और परिचालक तत्काल मिल जायेगा। एआरटीओं अखिलेश दिवेद्वी ने बताया कि सभी तैयारिया पूरी कर लिया गया है।

# बदले हुए रूट से जायेगी राजधानी एक्सप्रेस




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु उत्तर पूर्व सीमान्त रेलवे के रंगिया मण्डल के बरपेटा रोड-पाठशाला रेल खण्ड के दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में बरपेटा, सोरूपेटा एवं पाठशाला स्टेशनों पर प्री-नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का रि-शिड्यूलिंग, नियंत्रण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा । जिस ट्रेन को रि-शिड्यूलिंग किया जायेगा उनमें नाहरलागून से 25 मई एवं 01 जून को चलने वाली 09526 नाहरलागून-हापा विशेष गाड़ी नाहरलागून से 120 मिनट रि-शिड्यूल कर चलायी जायेगी ।

जिन ट्रेनों नियंत्रित किया जायेगा उनमें नई दिल्ली से 19, 23, 26 एवं 30 मई को चलने वाली 20506 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें नई दिल्ली से 18, 20, 21, 22, 24, 25, 27, 28, 29 एवं 31 मई को चलने वाली 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोगाईंगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी । चण्डीगढ़ से 19, 22, 26 एवं 29 मई को चलने वाली 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोगाईंगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी । डिब्रूगढ़ से 01 जून को चलने वाली 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी । गुवाहाटी से 20 एवं 27 मई को चलने वाली 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी । गुवाहाटी से 20 एवं 27 मई को चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी ।

**ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के कारण ट्रेनें होंगी नियंत्रितः** रेलवे प्रशासन द्वारा खलीलाबाद-मगहर खंड के मध्य ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के कारण गाड़ियों का नियंत्रण एवं रि-शिड्यूलिंग किया जायेगा। जिन ट्रेनों को नियंत्रित किया जायेगा उनमें 12512 कोच्चुवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस 23 मई को मार्ग में 75 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी ।15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस 23 मई एवं 08 जून को मार्ग में 25 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 07 जून को मार्ग में 55 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 12492 जम्मूतवी-बरौनी एक्सप्रेस 08 जून को मार्ग में 110 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। जिन ट्रेनों को रि-शिड्यूलिंग किया गया है उनमें मथुरा जं. से 22 मई एवं 07 जून को चलने वाली 22532 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस मथुरा जं. से 150 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 22 मई को चलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनल से 90 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 07 जून को चलने वाली 15622 आनन्द विहार टर्मिनल-कामाख्या एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनल से 110 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी।

## गोरखपुर-एलटीटी स्पेशल के फेरे बढ़ाये गये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलायी जा रही 05325/05326 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन अवधि गोरखपुर से 31 मई तक तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 02 जून तक बढ़ायी जा रही है। 05325 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन दैनिक विशेष गाड़ी 25 से 31 मई तक गोरखपुर से 21.15 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, दूसरे दिन गोण्डा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., बीना, भोपाल, इटारसी, खण्डवा , भुसावल , नासिक रोड, ईगतपुरी, कल्याण,तथा ठाणे होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस 07.25 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन दैनिक विशेष गाड़ी 27 मई से 02 जून तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सुबह10.25 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर दूसरे दिन शाम 18.00 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन में जी.एस.एल.आर.डी. के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 तथा शयनयान श्रेणी के 12 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

## 15 जून तक छुट्टी मिलने से बच्चों के चेहरों पर दिखी मुस्कान



लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों में शनिवार को पढ़ाई के साथ15 जून तक ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित किये जाने की सूचना पाकर बच्चों के चेहरों पर एक नई मुस्कान देखने को मिली। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे छुट्टी के बाद एक दूसरे को अपने छुट्टी प्लान की चर्चा करते नजर आए। लेकिन छुट्टी के दौरान होमवर्क की टेंशन जरूर देखने को मिली। शनिवार को मोहनलालगंज ब्लाक के गुमानी खेडा हेड मास्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि बच्चों को 15 दिन के ग्रीष्म कालीन अवकाश दिए जाने के साथ प्रत्येक दिन का होमवर्क भी दिया गया है जिससे बच्चे प्रत्येक दिन दिनचर्या के साथ पढ़ाई जरूर करें ।गोसाईंगंज ब्लाक के भी कई परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को खुशी चेहरे देलह कर समझी जा सकती थी।

## कुलपति ने पैदल मार्च निकाला मतदान के लिए पर्चे बांटे



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बाबूगंज और डालीगंज इलाके में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अगुवाई में मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, चीफ प्रवोस्ट प्रो. अनूप सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. अमरेन्द्र कुमार, डॉ. ओपी शुक्ला समेत अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने पैदल मार्च निकाला। इस दौरान राहगीरों, दुकानदारों और अन्य आने जाने वालों को कुलपति ने पर्चे बांटे। साथ ही उनसे मतदान करने की अपील की। इस अभियान में रास्ते भर छात्र-छात्राएं पहले जलपान फिर मतदान, एक प्रयास मतदाता जागरूकता के नाम, छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता है जागरूक मतदाता, लोकतंत्र का करो सम्मान, शत प्रतिशत करो मतदान जैसे नारे लगाते रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने शुरू किया कम्प्यूटरीकृत पार्सल मैनेजमेन्ट सिस्टम

## पार्सल यातायात को ट्रैक करना होगा आसान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन अपने उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में, पार्सल यातायात को ट्रैक करने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने कम्प्यूटरीकृत पार्सल मैनेजमेन्ट सिस्टम की शुरूआत की है। इस सिस्टम के माध्यम से उपभोक्ता लगेज (पार्सल) को बेहद आसानी से ट्रैक कर सकते हैं।

पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से उपभोक्ताओं को लगेज बुक करने के बाद ट्रेन में उसे चढ़ाने से लेकर गंतव्य स्थान तक पहुँचने की सारी जानकारी मोबाइल पर एस.एम.एस. के माध्यम से प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त लगेज ले जाने वाली ट्रेन की जानकारी एवं लोकेशन ऑनलाइन उपलब्ध होता है।

इस मैनेजमेंट सिस्टम में कम्प्यूटर की मदद से लगेज का वजन लेने के बाद 10 अंको का एक प्रोग्रेसिव रिफरेन्स रिकॉर्ड (पी.आर.आर.) संख्या जेनरेट होता है, जिसमें लगेज का वजन, बुकिंग स्टेशन, गंतव्य स्टेशन, सामग्री का विवरण, बुकिंग की तिथि, समय एवं गाड़ी संख्या इत्यादि अंकित होता है, जिसका मैसेज उपभोक्ता के मोबाइल पर प्राप्त होता है। पी.आर.आर. संख्या की मदद से लगेज को आसानी से ट्रैक कर सकते हैं। पार्सल के बुकिंग होने के बाद एक बारकोड जेनरेट होता है, जो पार्सल वाले सामान पर लगाते हैं और बुक करने वाले व्यक्ति को यह बारकोड उपलब्ध करा दिया जाता है। इस बारकोड का प्रयोग करके ग्राहक लगेज से सम्बन्धित जानकारी को ट्रैक कर सकते हैं।

यह प्रणाली पूर्वोत्तर रेलवे के बरेली सिटी, लालकुआँ, कासगंज, फरुर्खाबाद, गोरखपुर, खलीलाबाद ,बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, ऐशबाग, सीतापुर, लखीमपुर, बहराइच, बलरामपुर, प्रयागराज रामबाग, बलिया, देवरिया सदर, गाजीपुर सिटी, कप्तानगंज, बनारस, मऊ, पडरौना, सिसवा बाजार, सीवान जं., वाराणसी सिटी सहित 25 स्टेशनों पर यह सिस्टम क्रियाशील है तथा 06 स्टेशनों- काठगोदाम, रूद्रपुर सिटी, काशीपुर, कन्नौज, रामनगर एवं आजमगढ़ स्टेशनों इस प्रणाली के लगाये जाने का कार्य प्रगति पर है। पार्सल मैनेजमेन्ट सिस्टम से रेल कर्मचारियों को भाड़े की ऑटोमेटिक गणना करना आसान हो गया है तथा ग्राहकों को परिवहन के दौरान पार्सल की वर्तमान स्थिति जैसे बुकिंग, लोडिंग, अनलोडिंग एवं डिलेवरी की सटीक जानकारी मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से मिलती रहती है। इसके उपयोग से ग्राहकों में संतुष्टि एवं पारदर्शिता बढ़ी है। रेलवे में पार्सल मैनेजमेन्ट सिस्टम के उपयोग से रेल उपभोक्ताओं की सुविधा में वृद्धि हुई है। उपभोक्ता पार्सल बुकिंग से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# छात्र-छात्राओं को दिलाई गई मतदाता जागरूकता शपथ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ ।** नगराम के जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली के शिक्षकों एवं कर्मचारी तथा बच्चों द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ ली गई। जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लखनऊ जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं जिसमें मीडिया का भी सहयोग मिल रहा है। शनिवार के दिन विद्यालय के बच्चों ने अपने अभिभावकों को प्रेरित करने के लिए शपथ लिया तथा जो बच्चे वोटर है उनके द्वारा शिक्षकों के साथ मतदाता शपथ ली गई । माध्यमिक विद्यालयों में 21 मई से ग्रीष्म अवकाश प्रारंभ होता है जिसके कारण आज अंतिम कार्य दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में बच्चों को गर्मी की छुट्टियां के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अपनी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि छुट्टियों मे चार्ट पेपर पर अपने कोर्स से संबंधित चित्र बनाएं। पढ़ाई के दौरान विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी करें विभिन्न प्रकार के कोर्स और उनसे होने वाले लाभ तथा रोजगार के बारे में जानकारी करें।

शिक्षक अमित कुमार द्वारा 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस के कार्यक्रम संबंधित जानकारी दी गई जिसमें पतंजलि योग समिति गंगागंज द्वारा एक वृहद कार्यक्रम कराया जाना है। इसके लिए विद्यालय के बच्चों को समिति द्वारा परिधान प्रदान किया गया है उन्हें इसी निर्धारित परिधान में 21 को कार्यक्रम स्थल पर योग करने जाना है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**छात्रों ने ली मतदान की शपथः** चांद सराय स्थित श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को छात्रों ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली। कॉलेज के वाइस चेयरमैन निर्मेष सिंह ने लोगों को चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है। मतदान के द्वारा हम एक अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं और देश को एक अच्छा नेतृत्व देने का कार्य करते हैं। कालेज के डीन डॉ विवेक मिश्रा ने कहा कि मतदान सभी प्रकार के दान से श्रेष्ठ दान है। इसके माध्यम से हम एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनते हैं।

## शराब की दुकानों पर भीड़ आज और कल बंद रहेगी

**लखनऊ।** लोकसभा और पूर्वी विधान सभा का चुनाव कल होगा। जिसके चलते शराब की दुकान रविवार देर शांम डीएम के निर्देश पर बंद कर दिया गया। दुकान बंद होने से पहले लोगों ने बीयर, अग्रेंजी शराब, देशी शराब और भांग के लिए दुकानो के सामने लम्बी लाईन लगाये नजर आये। आलमबाग, सरोजनीनगर, गोमतीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में शराब की दुकान बंद होने से लोग बंद होने से पहले ही शराब बड़ी मात्रा में खरीदने लगे जिससे दुकानो पर भीड़ हो गयी। शराब बेचने वाले दुकानदार ने बताया कि ब्रांड की बोतले ज्यादा बिक गयी लेकिन नान ब्रांड की बोतले कम बिक्री हुई।

## मतदान केन्द्र पर कोई बीमार हुआ तो पांच मिनट में मिलेगा इलाज

लखनऊ। लोक सभा और विधान सभा के उप चुनाव वाले दिन सोमवार को मतदान केन्द्रों पर उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। मतदान केन्द्र के बाहर एम्बुलेंस तैयार खड़ी रहेगी जिससे किसी भी अनहोनी होने पर सभी को ईलाज मिल सके। गर्मी के चलते ओआरएस समेत जरूरी दवाएं उपलबध होंगी। इलाके में सीएचसी और पीएचसी के डॉक्टरों की टीम नजर रखेगी। किसी के बीमार होने पर डॉक्टर मतदान केन्द्र पहुंचकर जरूरी उपचार मुहैया कराएंगे। एम्बुलेंस भी उपलब्ध रहेगी।

## शिक्षकों व कर्मचारियों ने जनमानस में जगायी मताधिकार की अलख



लखनऊ। सीएमएस के तीन हजार से अधिक शिक्षकों व कर्मचारियों ने स्कूल के गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष समारोह में लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प लिया और बड़े ही जोरदार तरीके से जनमानस के बीच मताधिकार का अलख जगाया। इस समारोह के माध्यम से स्कूल शिक्षकों व कर्मचारी ने विद्यालय के 62 हजार से अधिक छात्रों के अभिभावकों व अन्य जनमानस को लोकतंत्र के महापर्व में अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। बता दें कि आगामी 20 मई को लखनऊ में लोकसभा के चुनाव होने है, ऐसे में स्कूल अधिक से अधिक जनमानस को इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता के लिए प्रेरित करने के साथ ही छात्रों व युवा पीढ़ी को मतदान के महत्व से अवगत करा रहा है। इसी कड़ी में स्कूल के 62 हजार छात्रों के अभिभावकों को व्हाट्सएप, फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से मतदान के महत्व से अवगत कराकर अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# जिला अदालतों के न्यायकक्षों में लगायें जायें सीसीटीवी कैमरें

- हाई कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को चीफ जस्टिस के सामने प्रस्ताव रखने का दिया निर्देश

विधि संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि लखनऊ सहित सभी जिलों की अदालतों में सीसीटीवी कैमरे लगने चाहिए ताकि वहां के न्यायाधीशगण निर्भीक होकर अपना काम काज कर सकें। कोर्ट ने कहा कि गाजियाबाद का उदाहरण देते हुए कहा कि कम से यह काम प्रयोग के तौर पर तो किया ही जा सकता है। कोर्ट ने अपने रजिस्ट्रार जनरल से कहा कि वह इस विशय के मुख्य न्यायाधीश के समछ विचार के लिए रखें ताकि प्रशासनिक पक्ष में हाई कोर्ट इस पर निर्णय ले सके। यह आदेश जस्टिस राजन राय और ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने 2022 में कोर्ट द्वारा जिला अदालत लखनऊ में आये दिन होनी वाली अशोभनीय घटनाओं का संज्ञान लेते हुए दर्ज की गयी जनहित याचिका पर पारित किया है। कोर्ट ने पाया था कि जिला अदालत परिसर लखनऊ में कुछ अधिवक्ता या उनके भेश में गलत लोग आकर वहां का माहौल खराब करते हैं और यहां तक कई बार न्याय कक्ष में भी मारपीट और अभ्रदता करते हैं।

कोर्ट ने साफ किया कि सीसीटीवी लगाने का सुझाव देने का मतलब यह नहीं है कि जिला अदालत लखनऊ के अधिवक्तागण अच्छे नहीं हैं अपितु वास्तव में अधिकांश अधिवक्ता बहुत अच्छे हैं किन्तु कुछ कलंकित करने वाले भी हैं जो कि माहोल को खराब कर रहे हैं।

कोर्ट इस याचिका के साथ साथ कई अन्य याचिकाओं की सुनवायी एक साथ कर रही है जिनमें जिला अदालत परिसर लखनऊ के अधिवक्ताओं के खिलाफ आरोप लगाये हैं कि वे जमीन कब्जाने और अन्य अनाम शनाम काम में कथित रूप से लिप्त हैं।

# अल कायदा इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के 11 कथित आतंकियों को मिली डिफॉल्ट जमानत

- 2022 में अगस्त से अक्टूबर के बीच में गिरफ्तार किए गए थे कथित आतंकी
- एटीएस समय से नहीं दाखिल कर सकी अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अल कायदा इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के 11 कथित आतंकियों की डिफॉल्ट जमानत मंजूर करते हुए रिहा करने का आदेश दिया है। अभियुक्तों पर जमात उल मुजहीदुद्दीन संगठन के साथ कनेक्शन का भी आरोप है। उक्त अभियुक्तों को अगस्त से सितम्बर 2022 के बीच गिरफ्तार किया गया था लेकिन एटीएस समय से आरोप पत्र नहीं दाखिल कर सकी। न्यायालय ने इसी आधार पर अभियुक्तों की डिफॉल्ट जमानत मंजूर कर ली।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने अभियुक्त की ओर से दाखिल अपीलों पर पारित किया है। अभियुक्तों की ओर से एनआईए कोर्ट द्वारा डिफॉल्ट जमानत की याचिकाएं खारिज करने संबंधी आदेश को चुनौती देते हुए कहा गया कि एनआईए कोर्ट ने बिना अभियुक्तों को सुनवाई का अवसर दिए विवेचना की समय अवधि बढ़ाने संबंधी जांच एजेंसी की प्रार्थना पत्र को मंजूर कर लिया। कहा गया कि जांच एजेंसी 90 दिन की अधिकतम समय सीमा समाप्त होने के बावजूद अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल करने में असफल रही। वहीं अपीलों का राज्य सरकार के अधिवक्ता द्वारा विरोध करते हुए कहा गया कि मामले में अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं लिहाजा इस स्टेज पर डिफॉल्ट जमानत नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने सभी पक्षों की बहस सुनने के उपरांत परित अपने विस्तृत निर्णय में कहा कि विवेचना की समय अवधि बढ़ाने संबंधी 12 दिसंबर 2023 का एनआईए कोर्ट का आदेश है आविधिक है क्योंकि जांच एजेंसी के प्रार्थना पत्र पर अभियुक्तों को सुनवाई का कोई अवसर प्रदान नहीं किया गया। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने अभियुक्तों को डिफॉल्ट जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# बिजली का सिस्टम पहले सही हो फिर उपभोक्ता का भार बढ़े

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पावर कार्पोरेशन बिजली लोड़ बढ़ाने के लिए उपभोक्ता से जानकारी नही ले रहा है। माना जा रहा है कि बिजली बिजली का सिस्टम मजबूत नही है फिर भी लोड़ दिन पर दिन बढ़ रहा है। ऐसे में बिजली की मांग बढ़ जायेगी और लोड़ भी बढ़ जायेगा।

उपभोक्ताओं द्वारा लिए गए कुल स्वीकृत भार और पावर कारपोरेशन के 132 केवी सब स्टेशनों की क्षमता के कुल भार में दो करोड किलोवाट का अंतर ऐसे में इस भीषण गर्मी में जब उपभोक्ता अपने स्वीकृत भर का सत प्रतिशत करता है उपभोग तो डायवर्सिटी फैक्टर 1 अनुपात 1 होना तय। मनमाने तरीके से उपभोक्ताओं के भार बढाने के मामले में उपभोक्ता परिषद की लडाई रंग लाई अंततः पावर कारपोरेशन ने जारी किया आदेश कहा विद्युत वितरण संहिता द्वारा बनाए गए कानून के तहत की जाए कार्रवाई लगातार तीन माह तक अधिक भर आने पर एक माह की नोटिस दिए जाने के बाद ही उपभोक्ताओं के बढाए भार। प्रदेश की बिजली कंपनियां प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का भार बढाने में जुट जाती है जुटे भी क्यों ना क्योंकि उससे राजस्व बढता है वैसे पावर कारपोरेशन के निदेशक कमर्शियल अमित कुमार श्रीवास्तव की तरफ से एक बार फिर यह आदेश जारी कर दिया गया है कि हर हाल में विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए नियम विद्युत वितरण संहिता 2005 के तहत लगातार जब तक उपभोक्ता का भार उनके द्वारा लिए गए स्वीकृत भार से 3 माह अधिक आए फिर उन्हें एक माह की नोटिस देने के उपरांत ही उनका भार बढाया जाए अभी तक बिजली कंपनियां मनमाने तरीके से बिना नोटिस दिए उपभोक्ताओं के भार बढा रही थी। मार्च 2024 के आंकडों पर ध्यान दें तो प्रदेश में कुल 473 की संख्या में 132 केवी सब स्टेशन है और उनकी कुल क्षमता जो है है वह 65213 एमवीए है यानी कि जब उसे किलोवाट में निकाला जाएगा तो वह 5 करोड 86 लाख 91 हजार हजार 700 किलो वाट होगा वहीं मार्च 2024 की बात करें तो प्रदेश में लगभग 3 करोड 45 लाख 93087 विद्युत उपभोक्ताओं है उनका कुल स्वीकृत भार है वह लगभग 7 करोड 38 लाख 35635 किलो वाट है ऐसे में यह कहना उचित होगा कि जब भीषण गर्मी पड रही है और उपभोक्ता अपने स्वीकृत भार का सत प्रतिशत उपभोग कर रहा है।

# पदयात्रा कर नेताओं ने राजनाथ के पक्ष में मांगा समर्थन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट विधानसभा मंडल एक तथा तीन स्थित बाबू कुंज बिहारी वार्ड एवं गुरु गोविंद सिंह वार्ड में लखनऊ लोकसभा भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में पदयात्रा कर जनसंपर्क किया। क्षेत्रवासियों से 20 मई को कमल के निशान पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट रूपी आशीर्वाद देकर विजयी बनाने की अपील की।

वहीं, भाजपा नेता नीरज सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ने भाजपा प्रत्याशी सांसद राजनाथ सिंह के पक्ष में लोकसभा क्षेत्र लखनऊ के सदर बाजार, लकड़ी मोहाल चौराहे से मंडल कार्यालय तक एवं पांडेयगंज से यहियागंज तक पदयात्रा कर के नीरज सिंह और पार्टी के स्थानीय नेताओं ने अधिक से अधिक मतदान की पहल शुरू कर भाजपा के नेता सांसद राजनाथ सिंह के हाथों को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक मतों से जीत दिलाने का आत्मिक संदेश प्रसारित किया और देश में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए अपील की। इस दौरान लोगों में उत्साह और रोमांच नजर आया। नीरज ने जनता को केंद्र एवं राज्य के गत 10 सालों में किए गए कार्यों की चर्चा की गयी। लखनऊ आज विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए एक्सप्रेसवे, रिंग रोड, नया टर्मिनल, फ्लाइओवर, और पुराने लखनऊ का कायाकल्प का कार्य जैसे अनेक योजनाएं राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में संपन्न हुए हैं। आज लखनऊ व्यापार के लिए सबसे उत्तम क्षेत्र बनकर उभर रहा है। सर्वोदय नगर में एमएलसी राम चंद्र प्रधान द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को सबोधित करते हुए भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया व 20 मई को कमल का बटन दबाकर राजनाथ सिंह को विजयी बनाने की अपील किया।

संक्षेप

## लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सलेमपुर के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**देवरिया ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सफल संपन्न करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के लिए प्रेक्षक नियुक्त कर दिया गया है, जिनका आगमन बलिया में हो चुका है। प्रेक्षक बलिया जनपद स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगला में रह रहे हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलिया देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सलेमपुर के लिए सामान्य प्रेक्षक मोहम्मद अली शिहाब (8528966531) हैं, जिनसे सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक मिल सकते हैं। सलेमपुर के लिये पुलिस प्रेक्षक वेदामूर्ती सीबी (8924955731) से मिलने का समय शाम 5 बजे से 6 बजे तक, तथा व्यय प्रेक्षक बालासुब्रमण्यम अनन्तनारायण (7754841941) से सुबह 9:45 से 10:45 तक मिल सकते हैं।

# नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में यूपी का होगा महत्वपूर्ण योगदानः एके शर्मा

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए०के० शर्मा शनिवार को गोल्डन रिसार्ट कसया में एक के बाद दो सम्मेलन को सम्बोधित कर कुशीनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे को जिताने का ताना-बाना बुना। पहले नगर निकाय एवं पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन फिर प्रधानाचार्य - प्रबन्धक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत दस वर्षों में देश विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

पंचायत प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए उर्जा मंत्री ने कहा कि हमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष रूप से काम करना है ताकि रिकॉर्ड मत से जीतने के लक्ष्य को हर हालत में प्राप्त किया जाए। कहा कि प्रदेश से अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल कर इस बार भी उत्तर प्रदेश नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।प्रधानाचार्य-प्रबन्धक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए नगर विकास मंत्री ए०के० शर्मा ने कहा कि यह चुनाव 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की नींव रखने के लिए है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हैं, प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बनने के लिए हैं। नरेन्द्र मोदी के विगत दस वर्षों के स्वर्णिम काल की बदौलत आज दुनिया भर में भारतवासियों को गर्व की दृष्टि से देखा जाता है। मैं शिक्षक बंधुओ से आह्वान करता हूं कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री के 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भाजपा के पक्ष में कमल निशान का बटन दबा कर विजयी बनाएं। सम्मेलन को सांसद विजय दुबे, विधान परिषद सदस्य डॉ रतनपाल सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक, हाटा विधायक मोहन वर्मा, फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक अवधेश प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष कुशीनगर किरण जायसवाल, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र मणि, गोरख राय, शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, बुंदल पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, धन्नजय तिवारी द्वितीय, वरुण राय, उमेश उपाध्याय, नथुनी कुशवाहा, डॉ पुनीत राय सहित सैंकड़ों जनप्रतिनिधि और प्रधानाचार्य प्रबन्धक उपस्थित थे।

## महागठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने जनसंवाद किया



जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** महागठन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने आज रामपुरकारखाना विधान सभा क्षेत्र के पकड़ी बाबू, कौला मुंडेरा, बघड़ा, मिश्रौली, पड़री, पचरुखिया, गोपालपुर सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण, जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया।

इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज देश में समस्याओं का अंबार लगा है देवरिया लोकसभा में मूलभूत सुविधाओं का भीषण अभाव है यहां के जनप्रतिनिधियों को अपने विकास की सुधि है ना कि क्षेत्र के विकास की ,जिसके कारण देवरिया लगातार पिछड़ता जा रहा है भाजपा सरकार आमजनमानस को सिर्फ सपने दिखाती है धरातल पर कुछ भी नहीं होता महंगाई से आमजनमानस में त्राहि त्राहि मची हुई है बेरोजगारी से युवा हताश है अब देवरिया की जनता समझ चुकी है अब इनकी दाल गलने वाली नही है इस बार इण्डिया गठबंधन की सरकार बनेगी।इस दौरान पूर्व विधायक गजाला लारी ने कहा की हमारे प्रत्याशी का इतिहास ही विकास के नाम से जाना जाता है इनके सांसद बनने से पूरे लोकसभा का सर्वांगीण विकास होगा इस दौरान वीरेन्द्र श्रीवास्तव, दिलीप यादव, गैस सिद्दीकी, पंकज चौरसिया, मुनीवर विशाक मार्, विवेक रंजन, मेराज, जयदीप त्रिपाठी, मुन्ना यादव, अरविन्द शाही, धर्मवीर गुप्ता, दयाशंकर द्विवेदी, दिनेश गुप्ता, शिवशंकर सिंह सैंथवार, आदिलोग उपस्थित रहे।

# अनिरुद्धवा में लगा टीबी कैम्प 105 व्यक्तियों की हुई जांच



**कसया, कुशीनगर।** सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया एवं डीटीओ डॉ एस.एन.त्रिपाठी के आदेशानुसार तथा एमोटीसी डॉ मुकेश यादव के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी यूनिट कसया के अन्तर्गत अनिरुद्धवा में शनिवार को सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च एवं इनोवेशन सी19 कार्यक्रम एवं टीबी यूनिट के कर्मचारियों के सहयोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सभासद प्रभुनाथ सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

जहाँ लगभग 105 मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर उनकी फ्री में जांच की गयी। कैम्प का शुभारंभ सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ जो अपराह्न 3 बजे तक चला। सीएचसी की टीम से डॉ युसुफ अली द्वारा रोगियों का उपचार किया गया। वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि समय समय पर ग्रामीणों इलाको में ऐसे ही फ्री टीबी हेल्थ कैम्प लगाकर टीबी रोगियों की पहचान करके उनका उपचार किया जायेगा। हेल्थ कैम्प में कुल आये 105 मरीजो का सीएचओ कल्पना एवं स्वाति सिंह द्वारा उनके स्वास्थ्य का परीक्षण जैसे-बीपी, सुगर की जाँच की गयी तथा दवाओं का भी वितरण किया गया तो वही एसटीएस शाहिद अंसारी द्वारा सम्भावित टीबी रोगियो की काउंसलिंग की गयी। सी19 कार्यक्रम के जिला पर्यवेक्षक अमरीष शुक्ला एवं उनकी टीम में समुदाय समन्वयक अवनीश एवं रेडियोग्राफर हरिओम द्वारा कुल 65 मरीजो का चेस्ट एक्सरे किया गया जिसमें 02 सम्भावित रोगी एक्सरे में पॉजिटिव पाये गया तथा 22सम्भावित व्यक्तियों के बलगम के नमूने एकत्रित कर माइक्रोस्कोपी एवं सीबीनाट के लिये लाया गया। इस दौरान सैम्पल ट्रांसपोर्टर धनश्याम प्रसाद, आशा सत्या पांडेय, सिंधु देवी, मुन्नी देवी सहित ग्रामीण पुरुष एव महिलाएं उपस्थित रही।

## खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का चतुर्थ चरण 15 जून से किया जाएगा प्रारंभ

**देवरिया ।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा० ए०के० वैश्य ने बताया है कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत एफ०एम०डी० टीकाकरण 15 जून से खुरपका-मुंहपका(एफ०एम०डी०) टीकाकरण अभियान का चतुर्थ चरण जनपद में प्रारम्भ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के समस्त गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं (04 माह से छोटे पशु तथा 08 माह से अधिक के ग्यावन पशुओं को छोड़कर) का टीकाकरण किया जाना है। खुरपका-मुंहपका एक विषाणुजनित संक्रामक रोग है, जिसके संक्रमण से ग्रसित पशुओं को तेज बुखार, मुंह से लार गिरना, मुंह एवं पैरों में छाले पड़ जाते है। संक्रमित पशु धीरे-धीरे चारा खाना छोड़ देता है तथा दूध कम देने लगता है।

यदि समय पर इलाज नहीं होता है तो पशु की मौत भी हो जाती है। इस रोग से बचाव हेतु मात्र टीकाकरण ही विकल्प है। उक्त टीकाकरण कार्य पशुपालकों के द्वार पर निःशुल्क किया जाना है।

## फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां पूर्ण 1597 मतदेय स्थलों पर कल होगा मतदान

**अयोध्या।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नितीश कुमार ने बताया कि जनपद में 20 मई 2024 को होने वाले 54-फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत आने वाले चारों विधान सभाओं यथा रुदौली, मिल्कीपुर, अयोध्या व बीकापुर में स्थित समस्त मतदान केन्द्रों के सभी मतदेय स्थलों (कुल 1597) पर मतदान संबंधी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान में मतदाताओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से सभी मतदेय स्थलों पर बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को मतदान स्थल तक निजी वाहन की सुविधा दिए जाने के निर्देश दिए हैं साथ ही मतदान स्थल के निकट उचित स्थान पर यथासंभव पार्किंग की व्यवस्था भी किये जाने के निर्देश दिए हैं।

गर्मी के दृष्टिगत मतदान के दिन मतदाताओं को लंबी लाइनों में खड़े रहने में असुविधा न हो इसलिए मतदेय स्थलों पर आवश्यकता अनुरूप छायादार वेटिंग एरिया की समुचित व्यवस्था करने, मतदान के दिन आए हुए मतदाताओं को हर 10 मतदाता के अंतराल पर कुर्सी की व्यवस्था करने ताकि मतदाता को असुविधा न हो के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को लेकर उत्साह बना रहे इसके लिए सुरक्षा बलों को मतदाताओं के साथ शोभनीय व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रो पर पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध है, किसी भी मतदाता को कोई असुविधा न हो और वह सुगम रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके इस हेतु मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि लोकतंत्र के महापर्व मतदान दिवस के अवसर पर प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान करना आपका कर्तव्य भी है और जिम्मेदारी भी। अतः सभी मतदाता अपने अपने-अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन अवश्य करें।

# शशांक मणि ने तमकुहीराज विधानसभा के गांवों में किया जनसंपर्क



**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी शशांक मणि ने तमकुहीराज विधानसभा के दर्जनों गांव का भ्रमण किया । उन्होंने गडहिया चिंतामणि, भगवानपुर नया टोला, गिरी टोला, गौरहा बाजार, जवहीं, मलही रुस्तम, मलालीगांव में देवतुल्य जनता को संबोधित करते हुए शशांक मणि जी ने कहा की मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बन रही है इस बार 400 पार का नारा मोदी जी ने दिया है देवरिया लोकसभा की जनता इस बार 4 लाख वोटो से जीत कर नया रिकॉर्ड बनाएगी । भ्रमण के दौरान पूर्व विधायक नंदकिशोर मिश्रा, पूर्व बिधायक डी पी शुक्ला, पूर्व बिधायक रणजीत राय बड़े, ओ पी मिश्रा प्रदेश प्रवक्ता केशव पाण्डेय जिला उपाध्याय किसान मोर्चाधनंजय तिवारी, संजय गुप्ता, संजय राय जे के सिंह, रमेश चंद्र सिंह, मंशा पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे ।

# भाकपा प्रत्याशी ने जुलूस निकालकर किया शक्ति प्रदर्शन



**अयोध्या।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लोकसभा प्रत्याशी अरविंद सेन के समर्थन में लोकसभा क्षेत्र में लगभग 80 किमी जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। प्रत्याशी के गांव भिटारी हरिग्टनगंज से निकल कर कुमार गंज, अमानीगंज, मिल्कीपुर होते हुए देवकाली, रीडगंज, चैक, रिकाबगंज, सिविल लाइंस, सहादतगंज से शहीद भवन नाका में समाप्त हुआ। पार्टी नेता सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि एतिहासिक जुलूस में कार्यकताओं ने जबरदस्त उत्साह का प्रदर्शन किया। जुलूस में मित्रसेन यादव अमर रहे, अरविंद सेन जिंदाबाद, कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा आदि नारा लगा रहे थे। हजारों दो पहिया, चार पहिया वाहनों का यह प्रदर्शन कम्युनिस्ट पार्टी के पुराने दिनों की याद दिला रहा था। देवकाली पहुंचने पर पार्टी नेताओं ने लोकसभा प्रत्याशी का शानदार स्वागत किया। इसमें पार्टी के जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, सहायक सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह, रामजी राम यादव, बद्रीनाथ, उदयचंद यादव, अमर यादव, आदि ने भारी हूजूम के साथ मौजूद रहे। पार्टी प्रत्याशी अरविंद सेन ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाकपा गरीबों, किसानों, बंचितो, दलितों, महिलाओं की लिए संघर्षरत रहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कमेरा समाज एकजुट नहीं होगा तबतक पूंजीवादी ताकतें फायदा उठाते रहेंगे।

# देवरिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रयोग होने वाली ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन




**देवरिया ।** कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी में संपन्न हुई। इसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रेक्षक (सामान्य) टी अब्राहम रिटर्निंग ऑफिसर/जिलाधिकारीअखंड प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

द्वितीय रेंडमाइजेशन में 66-देवरिया लोक सभा निर्वाचन में प्रयोग होने वाले 2362 बीयू, 2362 सीयू एवं 2535 वीवीपैट का रेण्डमाइजेशन किया गया। बूथों के सापेक्ष बीयू तथा सीयू का रेंडमाइजेशन 125 प्रतिशत एवं वीवीपीएटी 135 प्रतिशत रेण्डमाइज किए गए।

विधानसभा क्षेत्र देवरिया सदर में कुल 348 बूथ के सापेक्ष बीयू 441, सीयू 441 एवं वीवीपीएटी 466, विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में 361 बूथ के सापेक्ष बीयू 458, सीयू 458 एवं 483 वीवीपीएटी, विधानसभा क्षेत्र रामपुर कारखाना के 384 बूथों के सापेक्ष बीयू 487, सीयू 487 एवं वीवीपीएटी 514, तमकुहीराज में कुल 394 बूथ के सापेक्ष बीयू 480, सीयू 480 एवं 527 वीवीपीएटी एवं विधानसभा क्षेत्र फाजिलनगर में कुल 407 बूथ के सापेक्ष बीयू 496, सीयू 496 एवं 545 वीवीपीएटी का रेंडमाइजेशन किया गया।

रिटर्निंग ऑफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि रेंडमाइजेशन के माध्यम से देवरिया लोकसभा क्षेत्र में अवस्थित पांचों विधानसभा क्षेत्रों में स्थित कुल 1894 बूथों के साथ बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपीएटी को टैग कर दिया गया है। कौन सी मशीन किस बूथ पर जाएगी, यह तय हो गया है तथा इसकी सूचना निर्वाचन में प्रतिभाग कर रहे सभी अभ्यर्थियों को दी गई है।

इस दौरान पांचों विधान सभा क्षेत्रों के एआरओ के साथ ही भाजपा से निशि रंजन तिवारी, कांग्रेस से राकेश सिंह, बसपा से अतुल कुमार, सत्येंद्र कुमार मल्ल, रफीक अंसारी, मुक्तिनाथ सिंह, उपनिदेशक एनआईसी कृष्णानन्द यादव, ईडीएम राजीव कुमार सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## दर्जनों प्रधान एवं पूर्व प्रधानों सहित सैकड़ों लोगों ने गठबंधन के प्रति समर्थन की घोषणा की



**देवरिया ।** बैतालपुर के ग्राम धतूरा में जूट दर्जनो प्रधानों पूर्व प्रधानों ने गठबंधन में अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए गठबंधन ज्वाइन किया तथा अखिलेश प्रताप सिंह को जिताने का संकल्प लिया । ज्वाइन करने वालो में रामनक्षत्र प्रसाद ग्राम प्रधान बेलडरिया मनोज यादव पूर्व प्रधान धतूरा अजय यादव, सच्चितानंद यादव, रविन्द्र यादव, रमाकांत यादव, संजय सिंह प्रधान मिश्रौलिया

रविशंकर मणि, अखिलेश्वर मणि, सी पी एन सिंह, छेदी पासवान, भरत मौर्या , परदेशी विश्वकर्मा, राजू तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने ज्वाइन किया।इस दौरान पूर्व एम एल सी जे पी जायसवाल, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव, आफताब आलम, रामप्रवेश सिंह, अशोक यादव, बंदना पासवान, शाकिर हुसैन, त्रिलोकी जायसवाल आदिलोग उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने बिना किसी भय, लोभ के मतदान करने का दिया संदेश

**देवरिया ।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत देवरिया सदर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मुकुंदपुर पर मतदान में भागीदारी बढ़ाने हेतु नुक्कड़ नाटक, मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बिना किसी भय, प्रलोभन या दबाव के अपने मताधिकार के प्रयोग का संदेश दिया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक नसरुद्दीन खान ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हम सबको वोट रूपी भागीदारी अवश्य करनी चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक कंचनलता मिश्रा ने बच्चों द्वारा दफ़्तियों पर स्लोगन भी तैयार करवाए जिसे उन्हें अपने घरों के सामने टांगने की अपील की। कार्यक्रम की सह-संयोजक राधा त्रिपाठी ने मेहंदी प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं में पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया। शशांक मिश्र के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ उन्होंने युवा मतदाताओं से मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु अनुरोध किया। कार्यक्रम में बूथ के बी0एल0ओ0 ईशू अली अंसारी, अध्यापक वागीश दत्त मिश्र, शबाना परवीन, ऋतू मिश्रा, नूतन तिवारी, निधि विश्वकर्मा, मनीषा कुशवाहा, सुभावती कुशवाहा, कहकशा तसनीम के साथ ग्राम प्रधान सब्रे आलम, बुजुर्ग मतदाता ईशा अली, तारीख अंसारी, मकबूल अंसारी, उपस्थित रहे।

विकास खण्ड रामपुर कारखाना के प्रा0वि0 भीखमपुर, कम्पोजिट स्कूल पंसरही, कम्पोजिट स्कूल बनरहा, प्रा0वि0चकदहा बलुअना, प्रा0वि0बरियारपुर प्रथम, प्रा0वि0डिघावा, उ0प्रा0वि0हिरन्दापुर एवं उ0प्रा0 वि0सिरसिया नं0 1 में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। भटनी विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय बभनौली कला में शिक्षकों तथा छात्रों ने शनिवार को मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली में छात्रों ने ग्रामीणों को एक जून को मतदाता करने की अपील की। सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, लोकतंत्र का बढ़ाओ मान...भैया भाभी, चाचा चाची सब करो मतदान, जैसे नारे लगाते हुए छात्रों ने ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान शिक्षकों तथा बीएलओ ने लोगों से मतदान मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक चंद्र भूषण मिश्र ने कहा कि एक जून को लोक तंत्र को मजबूत करने लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। स्वयं मतदान करने के साथ ही अपने आस पास के लोगों को प्रेरित करना भी एक बड़ी जिम्मेदारी है। इस दौरान शशि किरण, शिवप्रकाश कुशवाहा, नीलम यादव, इंदु यादव, जैतून निशा, पूजा तिवारी, दिनेश कुमार , राकेश तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

गौरी बाजार विकास खंड में कंपोजिट विद्यालय बनसहिया, बनकटा में उच्च प्राथमिक विद्यालय छपरा बुजुर्ग, भागलपुर में प्राथमिक विद्यालय टिकर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामवासियों को एक जून को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

# एसटीएनटी नर्सिंग इंस्टीट्यूट भठहीं के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली



**कुशीनगर।** फाजिलनगर विकास खंड के भठही खुर्द स्थित एसटीएनटी नर्सिंग इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओ ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस दौरान मतदान को प्रेरित करने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुख्य अतिथि अशोक विधापीठ इन्टर कॉलेज नकटहा मिश्र के प्रधानाचार्य कश्यप कुमार ने कहा कि राजनीतिक अधिकारों के बिना व्यक्ति शून्य हैं, एवम वोट से राजनीती शुरू होती है।एस.पी.टी. महाविद्यालय डा. शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा सशक्त लोकतंत्र के निर्माण हेतु मतदान की महती आवश्यकता है, एवं राजनीति विश्लेषक जोगेंद्र तिवारी ने बोलते हुए कहा कि मतदान हमारा मौलिक अधिकार है। मतदान के द्वारा हम मजबूत सरकार बनाने का कार्य कर सकते है। इसलिए सभी लोग जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है। अपने मताधिकार का प्रयोग जरुर करे। मतदान का प्रतिशत बढ़ना हमारी लोकतंत्र के प्रति निष्ठा दशार्ती है। कार्यक्रम का संचालन आलोक चतुवेर्दी द्वारा किया गया। कालेज परिसर से निकला यह मतदाता जागरुकता रैली भठही, भठही बुजुर्ग, बनकटा बाजार आदि गांवो से होते हुए आयोजन स्थल पर समाप्त हुआ।

इस अवसर पर एसटीएनटी नर्सिंग इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य धर्म सिंह माली, उप प्रधानाचार्य मनफूल निषाद, मनोज यादव, कलीम अली, अनीता सिंह, सुधा सिह, पूनम चौरसिया, आँचल मौर्य, ज्योति चौधरी, पिंकी शर्मा, समा परवीन, पंकज कुमार शर्मा, विवेक पाण्डेय सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# मतदेय स्थलों का सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के दृष्टिगत विधान सभा कुशीनगर के अंतर्गत विभिन्न मतदेय स्थलों यथा उच्च प्राथमिक विद्यालय भलुही मदारीपट्टी, प्राथमिक विद्यालय दिगवा बुजुर्ग, उच्च प्राथमिक विद्यालय कनखोरिया, प्राथमिक विद्यालय चिरगौरा ,प्राथमिक विद्यालय गोबरही आदि का निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम के प्रेक्षक द्वारा स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था, शौचालय, रैंप, विद्युत प्रकाश, मतदाता सूची आदि की व्यवस्थाओ की जानकारी ली गई। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी बुनियादी सुविधाएं एवं (एएमएफ)एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।

कहा की किसी भी प्रत्याशी का पोस्टर, बैनर मतदेय स्थलों के आसपास न रहें। सभी पोस्टर /होर्डिंग्स को निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के अनुसार हटवा दिया जाए या पेपर चस्पा करा दिए जाए।

स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।कहा की प्रत्येक मतदेय स्थलों पर छाया की व्यवस्था की जाएं जिससे की मतदातगणो को मतदान के दिन बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया की मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इनफॉरमेशन स्लीप) तथा वोटर गाइड का वितरण ससमय हो जाए। विधानसभा कुशीनगर के अंतर्गत क्रियाशील सभी एफएसटी एवं एसएसटी टीम लगातार एक्टिव रहे तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्दल प्रत्याशियों के जनसभा रैली पर विशेष निगरानी रखें।

उन्होंने तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह को निर्देशित किया की आदर्श आचार संहिता का अनुपालन अक्षरशः हो।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, उप निबंधक पडरौना अजय सिंह, प्रभारी राजस्व निरीक्षक बृजेश मणि त्रिपाठी, बीएलओ, क्षेत्रीय लेखपाल सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक गण आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## चार लोगों के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक व उसके परिजनों की लाठी डंडों से पिटाई कर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते चले कि सकरन थाना क्षेत्र के गजनीपुर बाजार निवासी अमीन व सुहेब के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी उसी रंजिश को लेकर सुहेब, समीर, सलीम, समीम आदि रिजवान को गाली दे रहे थे जब रिजवान ने गाली देने से मना किया तो चारो लोग लाठी डंडों से उसकी पिटाई करने लगे चीख पुकार सुनकर बीच बचाव करने आयी रिजवान की मां शबनम पत्नी साबिरा व बहन रहनुमा को भी मारा पीटा ग्रामीणों के आ जाने पर दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये रिजवान ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है पुलिस ने चारों लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सांडा भेज दिया है। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया मामले मे चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## नाबालिग से अभद्रता में 3 वर्ष की कैद

सीतापुर। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने नाबालिग से अश्लीलता के मामले में दोषी को सजा सुनाई है। वहीं 10 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। तालगांव थाना में वर्ष 2017 में तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम घूरेपारा निवासी भन्नू पुत्र भाईलाल के खिलाफ घर में घुसकर उसकी नाबालिग की लज्जा भंग करने के संबंध में केस दर्ज हुआ था। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश - कोर्ट संख्या-14 (पॉक्सो एक्ट) ने गवाहों को सुनने व साक्ष्यों को देखने के बाद भन्नू पुत्र भाईलाल लाल को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने उसको 3 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं उसे 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## घायल ने लखनऊ में तोड़ा दम

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धोधीं निवासी रामप्रसाद गत 3 मई को अपनी बाइक से लहरपुर से घर वापस घर जा रहे थे। रास्ते में लहरपुर -सीतापुर मार्ग पर ग्राम गनेशपुर नर्सरी के निकट एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूपसे घायल हो गए। जिला अस्पताल में भर्ती कराने पर डॉक्टरों ने उन्हे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। लखनऊ ट्रामा सेन्टर में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

## युवती की सर्प दंश से मौत

महमूदाबाद/सीतापुर। घर में फर्श की लिपाई कर रही युवती की सर्प दंश से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। सदरपुर के देवकलिया की फूल कुमारी 36 वर्ष पत्नी राम स्वरूप शनिवार को अपने कच्चे घर की लिपाई कर रही थी। इस दौरान उसे जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, मौके पर पुलिस टीम को भेजकर आवश्यक कार्रवाई कराई जा रही है।

## महिला का शव उतराते देख पुल पर लगी भीड़

महमूदाबाद/सीतापुर। शारदा सहायक नहर में महिला का शव उतराते देख पुल पर लगी भीड़ ने पुलिस को सूचना दी, किंतु मौके पर कोई पुलिसकर्मी न पहुंचने से शव बहते हुए महमूदाबाद क्षेत्र से आगे चला गया। शनिवार की दोपहर बिलौली शेषपुर पुल से गुजर रहे राहगीरों ने शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात महिला का शव उतराते हुए देखा। शव देखने के लिए थोड़ी ही देर में नहर पुल पर भारी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। भीड़ में मौजूद दो लोगों ने महमूदाबाद और सदरपुर पुलिस को इसकी जानकारी फोन द्वारा दी। किन्तु पुलिस न तो शेषपुर पुल पर पहुंच कर कोई पड़ताल की और न ही शव निकालने के लिए महमूदाबाद के नूरपुर पुल पर कोई पहुंचा। ऐसे में शव बहते हुए धीरे-धीरे पड़ोसी जनपद की ओर बढ़ गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह ने बताया कि नहर में शव होने की कोई जानकारी उन्हें नहीं मिली है।

# भीषण गर्मी से हर कोई बेहाल, पारा 43 डिग्री पर पहुंचा



जिला संवाददाता(vol)

- हर दिन बढ़ती जा रही गर्मी कूलर व पंखे दे गए जवाब

सीतापुर। शनिवार को गर्मी ने अपने कड़क तेवर दिखाए। शनिवार का दिन भी शुक्रवार की तरह गर्म रहा। पूरे दिन चटख धूप रही, पूरा दिन बदन को झुलसा देने वाली लू भी चलती रही।

मौसम इस कदर गर्म हुआ कि जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जिले में शनिवार का दिन शुक्रवार की तरह रहा गर्म रहा है। सुबह से लेकर शाम तक सूरज के तेवर तल्ख ही रहे। दोपहर के वक्त तो ऐसा लगा कि मानों आसमान से आग बरस रही हो। वहीं इस बीच चली हवाएं भी बेहद गर्म रहीं। लू इस कदर गर्म थी कि हर किसी को झुलसा रही थी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने इस गर्म मौसम से बचने के लिए नदी, नहरों व तालाबों का सहारा लिया। लोग पानी में उछलकूद मचाते नजर आए। शहर में दोपहर के वक्त सड़कों पर सन्नाटा सा पसर गया। केवल चैपहिया वाहन ही नजर आ रहे थे। इस दौरान हवाएं इतनी तेज चल रहीं थीं, कि धूल के गुबार हर तरफ नजर आ रहे थे। तापमान इस कदर उछाल मार रहा था कि कूलर व पंखे जवाब दे गए। पंखों से निकलने वाली हवा भी गर्म ही निकल रही थी। हर कोई इस गर्म मौसम में परेशान नजर आ रहा था। शहर में लोग ठेले व खोमचों से बर्फ खरीदकर इस गर्म मौसम से बचने का प्रयास करते नजर आए। लोगों ने लस्सी, छाछा, कोल्डड्रिंक्स पीकर गर्म मौसम से बचने का प्रयास किया। इस भीषण गर्मी की वजह से काफी संख्या में लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। जिला अस्पताल में मरीजों से सारे बेड फुल हैं। लोगों को पेट दर्द, डायरिया आदि की शिकायतें आम हैं। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से एक डिग्री सेल्सियस उछल कर 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 28 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

## आपसी मतभेद को छोड़कर 4 जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। पति व पत्नी के बीच होने वाले विवादों को सुलझाने के लिए पुलिस लाइंस में परिवार परामर्श केंद्र बनाया गया है। इसी परामर्श केंद्र के प्रयास से 4 जोड़े आपसी मतभेद को भूलकर एक साथ रहने को राजी हुए हैं। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुना गया। सभी जोड़ों की काउंसलिंग कराई गई। इनमें दुर्गावती पत्नी संदीप निवासी ग्राम रामकुण्ड थाना मानपुर, रानी पत्नी मोहित निवासी ग्राम संजराबाद थाना मिश्रिख, मोहित देवी पत्नी विनोद निवासी ग्राम शंकरपुर थाना बिसवां, शशी पत्नी अनीत निवासी ग्राम अंदेसर रावल थाना लहरपुर आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा चारों लोगों की विदाई कराई गई। काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र मधु यादव, मुख्य आरक्षी कल्पना उपाध्याय, जावेद अली, कल्पना, गीता, शिवा ढाका, काउंसलर विकास वर्मा, मांडवी मिश्रा, शशि कला मिश्रा आदि मौजूद रहीं।

## बकरा चोरी कर भाग रहे चोरों की कार दुकान से टकराई



लहरपुर/सीतापुर। नगर के मोहल्ला बागवानी टोला से कार में बकरा चोरी कर भाग रहे चोरों को मोहल्लेवासियों ने दौड़ाया, भागते समय कार दुकान में जा घुसी, दो चोर घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को नगर के मोहल्ला बागवानी टोला से अलीमुन पत्नी छोटे खां की एक बकरी व एक बकरा तीन चोर कार में लादकर भाग रहे थे, जानकारी होने पर मोहल्ले के लोगों ने कार से भाग रहे चोरों को दौड़ा लिया बचने के लिए भागते समय कार पहले डिवाइडर से टकराई फिर सड़क के किनारे आशिफ पुत्र युसूफ निवासी मोहल्ला बागवानी टोला की रिपेयरिंग की दुकान में घुस गई, जिससे लोग बाल बाल बच गए।

कार में चांद पुत्र मोइनुद्दीन 38 वर्ष सुभाष रोड कानपुर, नईम पुत्र अब्दुल खालिद 35 वर्ष माछिया थाना नौबस्ता कानपुर व उसका एक अन्य साथी सवार थे। दुर्घटना में चांद व नईम गंभीर रूप से घायल हो गए, दुर्घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों चोरों को पड़क लिया जिसमें चांद व नईम को गंभीर चोट आने के कारण नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। ज्ञातव्य है कि, मोहल्ला ठठेरी टोला व बागवानी टोला में विगत कई दिनों में कार के द्वारा बकरा चोरी की घटनाएं सामने आई थीं जिसके चलते बकरी पालक सतर्क थे और शनिवार को चोरी की घटना बच गई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी में मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, घटना में दो लोग घायल हैं जिनका पुलिस अभिरक्षा में इलाज कराया जा रहा है, तीनों चोरों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## निदा बानो ने हिंदू धर्म स्वीकार कर रचित से की शादी



सीतापुर। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के द्वारा पुनः एक घर वापसी करवाई गई। जिसमें निदा बानो पुत्री परवेज खान ने निधि बनकर हिंदू धर्म स्वीकार कर रचित से हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवाह किया। निदा बानो उर्फ निधि मैतन पुरवा थाना इमलिया सुल्तानपुर की निवासी है। रचित और निदा एक दूसरे से पहले से परिचित थे। इसी बीच रचित विकास हिंदू के संपर्क में आए रचित ने निदा उर्फ निधि से शादी करने की इक्छा जाहिर की परंतु निदा के घरवालों के डर से रचित की शादी करने की हिम्मत नहीं हो रही थी। तब राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने रचित और निदा उर्फ निधि की शादी और सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी ली। इस विषय में शासन और प्रशासन को भी अवगत कराया और लड़के के परिवार वाले और लड़की को बुलाकर काशीराम कॉलोनी के पास स्थित भद्रकाली मंदिर में दोनों की सनातन रीति से शादी कारवाई और निदा बानो का नया नाम निधि रखा। इस मौके पर रचित के परिवार वालों के साथ राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के महासचिव प्रदीप हिंदू संगठन के पदाधिकारीयों के साथ उपस्थित रहें। प्रदीप हिंदू ने कहाँ कि आज से निदा उर्फ निधि और रचित की सुरक्षा की जिम्मेदारी राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के द्वारा ली जाती है। यदि किसी के द्वारा इन लोगों को परेशान किया गया तो राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना शासन प्रशासन से वार्ता करके तुरंत विधिक कार्रवाई करेगी और नव दंपति की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाएगी। इस मौके पर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थ के दोषी को 2 वर्ष सश्रम कारावास

सीतापुर। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने मादक पदार्थ के मामले के दोषी को सजा सुनाई है। वहीं अर्थदंड से भी दंडित किया है। हरगांव थाने में हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुद्रासन निवासी राम नरेश पुत्र हरद्वारी के खिलाफ वर्ष 2014 में मादक पदार्थ (स्मैक) बरामद होने के संबंध में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी (ओएडब्लू) ने साक्ष्यों को देखने व गवाहों को सुनने के बाद रामनरेश पुत्र हरद्वारी को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने उसे 2 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## आग से सामान जलकर राख



पुरवा, उन्नाव। नगर के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी गिरजेश तिवारी पुत्र मंगली ने बताया कि वह सुबह पूजा कराने गये थे। घर पर उसका बीस वर्षीय बेटा शिवम तिवारी था जो घर के बाहर सफाई कर रहा था। इसी बीच कमरे से धुआँ निकलने पर उसने घर के अन्दर जाकर देखा तो कमरे मे रखे कपडे मे आग जल रही थी उसने बाहर आवाज लगाई लोगो के आने के पहले आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते देखते आग पूरे घर मे फैल गयी। आसपास लोगो ने पानी डालकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन कामयाब नहीं हो सके इसी बीच ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर तत्काल काबू पाया लेकिन तब तक घर मे रखा सारा सामान चारपाई, तखत, कपडे, गेहू, चावल व कुछ रुपए जलकर राख हो गये।

## बेहतर अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




सीतापुर। लहरपुर के एक स्कूल में शनिवार को बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावको को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में कक्षा 10 की विद्यालय टापर श्रृष्टि वर्मा (95: ), दूसरे स्थान पर रही आयुषी मनार ( 93:), तीसरे स्थान पर मो. आतिर (88.2:), शिवा भार्गव (88:), प्रांशी पुरी (88:), आयशा अंसारी, मो.रियाजुल्लाह , शिरोमणि पांडे को विद्यालय प्रबंधक डाक्टर हर्ष पुरी एवं प्रधानाचार्या कमल शर्मा के द्वारा ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय प्रबंधक डॉ हर्ष पुरी ने मोहम्मद आदिल को बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर 2023 का अवार्ड प्रदान किया। सभी मेधावी छात्र छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कमल शर्मा ने 20/20 और विद्यार्थियों के लिए सब्जेक्ट्स को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने स्किल सब्जेक्ट्स के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि ये सब्जेक्ट्स बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर डॉ हर्ष पुरी ने कहा कि बच्चे और प्रयास कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में उपेंद्र सिंह, सुष्मिता, आकांक्षा, तृप्ति, नीलम वर्मा, शिक्षक लइक अहमद, शुभम तिवारी आदि मौजूद रहे।

# समरकैम्प में कौशल का होगा विकास

## अभिभावकों से बच्चों को समर कैंप में भेजने की अपील



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। जनपद के विकासखंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक ने ग्रीष्मावकाश के पूर्व विद्यालय नियमित न आने वाले छात्र छात्राओं के घरों में मासिक संपर्क किया और विजय, अजीत, गोविंद, दीपांशु अमन और सेजल के घर पहुंचे। कुछ अभिभावकों ने बच्चों के बीमार होने तो कुछ ने घरेलू कार्यों हेतु घर पर उनके द्वारा ही रोक जाने की बात कही। प्रदीप वर्मा ने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में दिया जाने वाले गृहकार्य की प्रति उनके अभिभावकों को सौंपते हुए बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए। विद्यालय में भी सभी बच्चों को गृहकार्य की प्रतियां देते हुए बच्चों को छुट्टियों में इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए।

साथ ही सभी को यह जानकारी भी दी कि उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में कल से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्राओं को मेंहदी, कढ़ाई, बुनाई, क्राफ्ट, क्ले आर्ट, कला, जैम और जैली बनाने की तकनीक, छात्रों को कैरम, शतरंज और पजल गेम्स को सिखाए जाने हेतु योग्य प्रशिक्षकों से बात हो गई है। आंगनवाड़ी केंद्र कार्यकत्री, पंचायत सहायक आदि से भी सहयोग लिया जाना प्रस्तावित है। उक्त गतिविधियों में विद्यालय के बच्चों के साथ ही अन्य विद्यालयों के बच्चों को भी सीखने के अवसर प्रदान किए जाएंगे, जिसकी स्वीकृति, निर्देश और आवश्यक सुझाव जनपद की बीएसए संगीता सिंह एवम बीईओ औरास संजय शुक्ला से प्राप्त कर लिए गए हैं। समर कैंप के माध्यम से शिक्षक का मुख्य प्रयास बच्चों में विभिन्न प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें शिक्षा के साथ साथ व्यवसायिक दक्षताओं में भी निपुण करने का रहेगा। बच्चों में सामाजिक विकास, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना प्रमुख लक्ष्य रहेगा। समर कैंप में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चों के साथ उपस्थित रहेंगे एवम प्रत्येक दिन तय कार्यक्रम के अनुसार ही गतिविधियां संचालित की जायेंगी।

## खेत में पड़ा मिला युवक का शव

जिला संवाददाता(vol)

बिछिया, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गाँव तौरा के रहने वाले एक युवक का शव दही पुरवा मार्ग स्थित पोलार्ड सिटी के पास खेतों में मिलने से हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी परिजनों को दी गयी। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है।



कोतवाली क्षेत्र के गाँव तौरा के रहने वाले गुरू लोध उम्र 50 वर्ष जो कि परिजनों के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर दो बजे जानवर चराने खेतो की तरफ गए थे। देर शाम तक घर वापस न होने पर परिजन उनकी खोजबीन करते रहे। दूसरे दिन शनिवार को गुरू दीन का मृत शरीर तौरा गाँव के बाहर दही पुरवा रोड़ पर बने पोलार्ड सिटी के समीप खेतों में पड़ा मिला। शव की पहचान खेतो पर जानवर चराने गए गाँव के कुछ ग्रामीणों ने पहचान कर मामले की जानकारी परिजनों को दी। घटनास्थल पर पहुँचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुरवा पुलिस को दी। मौके पर कोतवाल कुँवर बहादुर सिंह पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। मृतक खेती किसान कर परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक पुत्र व पुत्रियों में नेहा, पूजा, प्रियांशी, सूरज, प्रीती पत्नी अनीता का रो रोकर बुरा हाल है। पुत्री नेहा की जुलाई माह में शादी को लेकर बातचीत चल रही थी।

## दहेज न मिलने से नाराज विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

सीतापुर। दहेज में बाइक व नकदी न मिलने से नाराज ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला विवाहिता द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के बिरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सकरन थाना क्षेत्र के करेंहकापुरवा गांव निवासी सन्नों 22 वर्ष की शादी एक वर्ष पूर्व सरैंया महिपत नगर थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी निवासी दीनअली के साथ तयशुदा दहेज देकर मुस्लिम रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुयी थी। सन्नों का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले बाइक व पच्चास हजार रुपए की नकदी की मांग करते हुये मारने पीटने व प्रताडित करने लगे थे आरोप है कि गुरूवार की सुबह अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुये पति दीन अली ससुर बिल्टीबाज सास परदेशी जेठ हजरत अली ,किस्मत अली जेठानी बेदुला ने सन्नों को मारा पीटा उसके बाद घर से निकाल दिया ससुराल से भगाये जाने के बाद किसी तरह अपने मायके पहुंची सन्नों ने पूरी बात अपने पिता को बतायी उसके बाद थाने आकर तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत पति समेत छह लोगों के बिरूद्ध दहेज उत्पीडन व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर छह लोगों के बिरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सरकारी लाभ पाने को कार्यालय से संपर्क करें पूर्व सैनिक

उन्नाव। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नॉन पेंशनर पूर्व सैनिक कार्यालय दिवस में अपने सर्विस पर्टिकुलर/डिस्चार्ज बुक के साथ कार्यालय में आकर सम्पर्क करें, ताकि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

## मृतक आश्रित परिवार को आर्यावर्त बैंक शाखा ने बीमा का 5 लाख का चेक सौंपा




लहरपुर/सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम केशरी गंज स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा ने मृतक आश्रित परिवार को बीमा की 5 लाख की चेक प्रदान की। प्राप्त जानकारी के अनसार ग्राम अनिया कला निवासी कौशल किशोर अवस्थी का बैंक खाता केसरीगंज स्थित आर्यावर्त शाखा में था और इनका बीमा बैंक की शाखा के द्वारा केयर हेल्थ के माध्यम से कराया था।खाता धारक कौशल किशोर अवस्थी की मृत्यु एक रोड ऐक्सिडेंट में विगत 27 जुलाई को हो गई थी, इनकी पत्नी कृष्णा देवी और बेटे रोहित अवस्थी को कौशल किशोर के बीमे की जानकारी नहीं थी। जब खाताधारक कौशल किशोर अवस्थी के रोड ऐक्सिडेंट में मृत्यु की खबर शाखा प्रबंधक सत्यम पाल को लगी तब उन्होंने गांव जाकर उनके परिवार वालो को बीमें की जानकारी दी और आवश्यक कागज तैयार करने को बताया जिससे उन्हें 5लाख रुपए का चेक से भुगतान कराया जा सके। आर्यावर्त बैंक केशरी गंज शाखा में शुक्रवार को आर्यावर्त बैंक के अध्यक्ष संतोष एस , तथा क्षेत्रीय प्रबंधक एस के सक्सेना , वरिष्ठ प्रबंधक मार्केटिंग सर्वेश निषाद वा शाखा प्रबंधक सत्यम पाल और केयर हेल्थ इंश्योरेंस से मारुति तिवारी , अमरीश चैबे ,मोहित गुप्ता के द्वारा 5 लाख रुपए का एक चेक उनकी पत्नी कृष्णा देवी वा बड़े बेटे रोहित अवस्थी को प्रदान किया गया। 5 लाख की सहायता पाकर शोक संतप्त परिवार ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिला ने प्रधान और उसके नजदीकी पर सोने की बाली छीनने का लगाया आरोप

महमूदाबाद/सीतापुर। ग्राम प्रधान और उसके एक नजदीकी पर महिला ने अभद्रता करने के साथ कान में पहने सोने के बाला छीनने का आरोप लगाया है। महिला ने थाना प्रभारी सदरपुर पर प्रार्थनापत्र न लेने और अपशब्द कहने का आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया है। महिला ने वीडियो में कहा है कि पुलिस अगर प्रार्थनापत्र पर कार्रवाई नहीं करेगी तो वह आत्महत्या कर लेगी। सदरपुर के गड़रियनपुरवा धामीसरांय की एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमे महिला बता रही है कि गांव में पेड़ कट रहे थे, उसी दौरान ग्राम प्रधान और उसके एक नजदीकी ने बदनीयती से उसे पकड़ लिया और गलत हरकतें करने लगे। महिला ने जब उनका विरोध किया तो उसी वक्त इन लोगों द्वारा महिला के कान में पहने बाला भी छीन लिए गए। महिला ने जब शोर मचाया तो आसपास के लोगों को आता देख ग्राम प्रधान और उसका नजदीकी भाग निकला। महिला ने मामले में सदरपुर थाना प्रभारी पर भी प्रार्थनापत्र न लेने और अपशब्द कहने के आरोप लगाए हैं। महिला ने पुलिस द्वारा कार्रवाई न किये जाने की स्थिति में आत्महत्या करने की बात कही है। इस संबंध में सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि प्रकरण की पूर्णरूप निष्पक्ष जांच करके प्रभावी कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी सदरपुर को निर्देशित किया गया है।

## विजयी प्रतिभागियों किया गया पुरस्कृत




सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में शनिवार को अप्रैल और मई माह में इंटर स्कूल प्रतियोगिताएँ रंगोली, मेंहदी, हिंदी कैलीग्राफी तथा सोलो सिंगिग पाठ्य सहगामी क्रियाएँ आयोजित की गईं। जिसमें विजयी हाउस के प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं मेडल का वितरण किया गया। इसके साथ ही साथ इंटर हाउस में आयोजित खेल प्रतियोगिताएँ बालक वर्ग में वॉलीबॉल प्रतियोगिता, टेबल टेनिस प्रतियोगिता तथा बालिका वर्ग के लिए थ्रो बॉल एवं टेबल टेनिस का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। प्री प्राइमरी वर्ग से कक्षा पाँच तक के विद्यार्थियों को स्टार ऑफ द मंथ के बैज भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के उप चेयरमैन आशीष सिंघानिया, सचिव परीक्षित त्रिपाठीह्य एवं अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजयी प्रतिभागियों के सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

संक्षेप

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जरर के मजरा छनियापुरवा में शनिवार को युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। श्रीपाल पुत्र अयोध्या प्रसाद 24 ने रात के समय जब घर के लोग खाना खाकर बाहर आंगन में सो रहे थे तभी मोका पाकर श्रीपाल ने घर के अंदर खपरैल के नीचे फांसी लगा ली। सुबह जब घर वाले जगे तब अंदर जाकर देखा तो श्रीपाल फांसी पर झूल रहा था। श्रीपाल को इस हालत में देखकर सबके होश उड़ गए। अचानक हुई घटना से घर में कोहराम मच गया। मृतक श्रीपाल 3 भाईयों में सबसे छोटा था। आवाज सुनकर पड़ोसी भी एकत्र हो गए। थाना गिरवां पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कालेज बांदा भेज दिया है।

## आंवला से हज यात्रियों का जत्था रवाना

**आंवला-बरेली।** मुसलमान की जिंदगी का सबसे मुकद्दस सफर हज पर जाने वालों का सिलसिला जारी है। हज पर जाने के लिए आंवला से हाजियों का जत्था दिल्ली हज हाउस के लिये रवाना हुए। दिल्ली से वो 19 मई को हज के सफर के लिए उड़ान भरेंगे। आंवला की प्रसिद्ध बारह बुर्जी मस्जिद पर हज यात्रियों को विदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहाँ पहुँचे। हज पर जाने वाले जायरीन से किसी ने गले लगकर तो किसी ने सर पर हाथ रख कर दुआ की तलब की।

अपनो की विदाई के वक्त कुछ लोगों की आँखें में आंसू भी छलक आये। हज के पवित्र सफर पर जाने वाले हज जायरीन को विदा करने के लिए आंवला व आसपास के शहर व गांवों के लोग वहां पहुँचेहज यात्रियों में आंवला के पूर्व नगर अध्यक्ष अफसर खां व उनकी पत्नी आफताब बेगम, वरिष्ठ अध्यापक सईद अहमद खान व उनकी पत्नी शबाना बी, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मसूद हुसैन आदि आजमीन दिल्ली हज हाउस के लिये रवाना हुए।

## चुनाव में मस्ती करना बीएलओ को पड़ा भारी, निलंबित

**बरेली।** बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव के दौरान एक बीएलओ ने मतदाता पर्ची नहीं बांटी। इस आरोप के चलते बीएलओ के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है बताया जाता है कि विधानसभा 124 बरेली में कंपोजिट विद्यालय खलीलपुर में बीएलओ के पद पर कार्यरत सहायक अध्यापक रेशमा खातून पर आरोप है कि उन्होंने अपने क्षेत्र की मतदाता पर्ची वितरण में लापरवाही की है और मतदाता पर्ची नहीं बांटी है। खातून के खिलाफ क्षेत्रीय लोगों ने शिकायत की है और शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ विभागीय जांच हुई। जिसमें पाया गया बीएलओ खातून ने वास्तव में मतदाता पर्ची शत प्रतिशत वितरित नहीं की है जबकि उनको कई बार सुपरवाइजर ने सचेत किया। लेकिन इसके बावजूद भी ड्यूटी में कोताही बरती है। जांच की रिपोर्ट के अनुसार बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने सहायक अध्यापक रेशमा खातून को निलंबित कर दिया है।

# राजनीति विषय नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करने सामाजिक मुद्दो को संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय पनारी में राजनीति विषय से करियर काउंसलिंग का आयोजन महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी, अध्यक्ष श्रीमती कंचन लता यादव, प्रबंध निर्देशिका डॉक्टर पूजा यादव एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सूफिया की अध्यक्षता में आहूत की गई।

- गुरुदीन महिला महाविद्यालय पनारी में राजनीति विषय से करियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, रॉबर्स रेंजर्स, उन्नत भारत के वालंटियर एवं अन्य पाठ्यक्रमों में अध्यनरत छात्राओं ने प्रतिभाग किया करियर काउंसलिंग के दौरान राजनीति विभाग अध्यक्ष श्रीमती सुषमा पटेल ने छात्राओं को राजनीति विषय से बेशुमार रोजगार एवं विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन करियर बनाने के प्रति छात्राओं को अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि अधिकतर बच्चे ग्रेजुएशन में आते-आते विषय से संबंधित बहुत सारी गलतियां कर देते हैं जिसके कारण भविष्य में आने वाले अवसरों के लाभ से वंचित हो जाते हैं, इसीलिए आज के इस कार्यक्रम का यही उद्देश्य है कि आपको राजनीति विज्ञान विषय की संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाए।

साथ ही साथ उन्होंने कहा कि राजनीति विज्ञान में डिग्री के साथ आपके करियर की संभावनाएं बेहद उज्ज्वल हैं। एक छात्रा जो राजनीति विज्ञान में स्नातक करता है, वह लेखन, संचार और विश्लेषण में कौशल प्राप्त करता है जो उदार कला शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। राजनीति विज्ञान की शिक्षा आपको सार्वजनिक नीतियों का मूल्यांकन करने, सामाजिक चुनौतियों का समाधान प्रस्तावित करने और व्यक्तियों और समुदायों पर नीतियों के प्रभाव को समझने के लिए सशक्त बना सकती है। यह नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करने और सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक बेहतरीन रोचक विषय है इसको पढ़ने से आप न केवल रोजगार बल्कि आप अपने स्वयं के अधिकार कर्तव्य और बहुत सारी ऐसी नागरिक जिम्मेदारियां से अवगत होंगे जो आपके लिए अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने छात्राओं को राजनीति विज्ञान से बेहतरीन वक्ता एवं प्रोफेसर से लेकर टीजीटी, पीजीटी, बेसिक शिक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं बेशुमार है इसी के साथ-साथ उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक, वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रकाश खरे, विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, बीएड विभाग अध्यक्ष रत्ना याज्ञिक, एनएसएस द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती साधना नागल, असि० प्रो० श्रीमती रंजना श्रीवास्तव, असि० प्रो० श्रीमती सुषमा पटेल, राघवेंद्र सिंह, जगत झा, श्रीमती रजनी यादव, पूजा सिंह, नेहा याज्ञिक , गेंदा, नेहा अहिरवार, मालती राज, मुस्ताक खान, मुजफ्फर अली, राम सहाय, सचिन पटेल, सचिन यादव,परमानंद, विमला, वर्षा उपस्थित रहे।

## प्रिंसिपल की डांट से क्षुब्ध छात्र लापता

**आंवला-बरेली।** आंवला में ड्रेस के जूते न पहनकर स्पोर्ट्स के जूते पहनकर कॉलेज गए एक इंटर के छात्र को प्रधानाचार्य ने घर भेज दिया। परंतु छात्र घर नहीं पहुंचा छात्र के पिता ने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। कस्बे के मोहल्ला गंज कुरेशियान निवासी विपिन कुमार गुप्ता ने बताया कि उनका बेटा अंश गुप्ता 17 वर्ष एक कॉलेज में टेस्ट देने गया था वह ड्रेस के जूते न पहनकर स्पोर्ट्स के जूते पहन कर चला गया। प्रधानाचार्य ने उनके बेटे समेत कुछ और बच्चों को प्रार्थना के बाद स्कूल से बाहर निकाल दिया। क्योंकि वह सभी ड्रेस के जूते पहनकर नहीं आए थे। उन सभी को कॉलेज प्रिंसिपल ने कॉलेज से बाहर निकाल दिया। सभी बच्चे वापस घर पहुंचे लेकिन अंश वापस घर नहीं पहुंचा। उसकी काफी खोजबीन की परंतु वह नहीं मिला। पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। लेकिन अभी तक अंश का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

## नगीना रेलवे फाटक 20 तक लिए बंद



**नगीना, बिजनौर।** पिछले तीन से रेलवे ट्रैक की मरम्मत व रेल पटरियों के स्लीपर्स बदलने के चलते नगीना-बिजनौर रेलवे फाटक 20 मई तक बंद रहेगा। बिजनौर रेलवे फाटक बंद रहने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर से गुजरने वाला पूरा ट्रैफिक नगीना के कालाखेड़ी रेलवे फाटक से होकर गुजर रहा है। नगीना में राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर पर स्थित बिजनौर रेलवे फाटक के बीच रेल लाइनों की पटरियों के स्लीपर्स बदलने तथा रेलवे ट्रैक की रिपेयर के कारण 20 मई तक बिजनौर रेलवे फाटक को बंद कर दिया गया है। जम्मूतवी से हावड़ा तक नगीना से निकलने वाला रेलवे का मेन ट्रैक होने के कारण इस मेन लाइन पर रेल यातायात का दबाव बहुत अधिक रहता है और लगभग प्रत्येक 15 मिनट के अंतराल में एक ट्रेन पास होती है। कभी कभी तो तीन से चार ट्रेनें पास कराने के बाद कालाखेड़ी वाले फाटक को खोला जाता है। नगीना-बिजनौर रेलवे फटक बंद होने व कालाखेड़ी रेलवे फाटक से ट्रैफिक गुजरने से बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। आजाद कॉलोनी समेत आधा दर्जन गांवों के लोग रात दस बजे तक जाम से जूझते रहे। ट्रेन के पास होने से काफी पहले ही कालाखेडी फाटक को बंद कर दिया जाता है और ट्रेन पास होने के काफी देर बाद खुला जाता है।

## 48 घंटों में तेज लू की संभावना, एडवाइजरी जारी

**बांदा।** जिले में आगामी 24 से 48 घंटों के दौरान बेहद लू चलने की संभावना जताई गयी है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने हीट वेव, लू से बचाव के लिए क्या करें, क्या न करें के संबंध में एडवाइजरी जारी की गयी है। इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट लखनऊ ने तेज लू की लहर चलने की संभावना व्यक्त की है। हीट वेव एलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इसे देखते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लू से बचाव के लिए लोगो को सुझाव दिये गये हैं। एडवाइजरी मे कहा कगया है कि प्यास न लगी हो तब भी अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। हल्के रंग के पसीना सोखने वाले सूती वस्त्र पहनें। घर से बाहर निकलते समय धूप के चश्मे, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें। खुले मे काम करने वाले सिर, चेहरा, हांथ, पैरों को गीले कपड़े से ठक कर रखें और छाते का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोंछे अथवा नहलाएं। यात्रा के दौरान पानी साथ रखें। ओ आर एस घर में बने पेय पदार्थ, लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें जिससे शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक, हीट रैस, हीट कैंप के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, बेहोशी या बीमारी का अनुभव करते हैं तो तत्काल डाक्टर की सलाह लें। घर को ठंठा रखें, पंखे गीले कपड़े का प्रयोग करें तथा बार-बार स्नान करें। काम करने वाले लोगों को सीधे सूर्य की रोशनी से बचने के लिए सावधान करें। घर से बाहर होने की स्थिति मे आराम करने की समयावधि को बढ़ाएं। अधिक प्रोटीन तथा बासी, एवं संक्रमित खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ का सेवन न करें।

## भट्ठा कर्मियों ने युवकों को पीटा जेसीबी चढ़ाने की कोशिश



जिला संवाददाता(vol)

**आंवला-बरेली।** आंवला क्षेत्र के अलीपुर में मिट्टी पर पानी डालने के विरोध में भट्टा कर्मचारियों ने बाइक सवार युवकों को पीटा, मामले में पीड़ित युवकों ने मारपीट करने और जेसीबी चढ़ाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। भट्टा कर्मियों ने खनन के दौरान गिरी मिट्टी पर इतना पानी डाला कि सड़क पर फिसलन हो गई। इस पर बाइक सवार युवक गिरकर चोटिल हो गए। नाराज बाइक सवारों ने भट्टा पर पहुंचकर मिट्टी पर पानी डालने का विरोध किया। भट्टा कर्मियों ने युवकों के साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो दबंग कर्मचारी भाग गए। गुस्साए ग्रामीण रात में ही ट्रैक्टर ट्राली से थाना पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने घायल बाइक सवार युवक को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है। गांव अलीनगर निवासी हरपाल ने बताया कि शुक्रवार की देर रात वह गांव के सुशील कुमार उर्फ टीटू, दामोदर, सूरजभान और मुकेश के साथ दो बाइकों से आंवला से गांव लौट रहे थे। अवैध खनन के चलते गिरी मिट्टी के कारण मार्ग से निकलने में परेशानी होती है। रास्ते में ईंट भट्ठे के कर्मचारियों ने मिट्टी पर पानी डाल दिया। इस वजह से सड़क पर फिसलन हो गई।

- खनन की मिट्टी पर पानी डालने का किया था विरोध

वहां से निकलते समय उनकी बाइकें गिर गई। वे लोग ईंट भट्टा पर शिकायत करने पहुंचे तो भट्टा कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की और जेसीबी चढ़ाने का प्रयास किया। जेसीबी से बाइकों में टक्कर मार दी। जिसमें हरपाल घायल हो गया। हरपाल का आरोप है कि इस दौरान भट्टा कर्मियों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। शिकायत पर पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## अवैध स्वीमिंग पुल कर रहे जिंदगी से खिलवाड़



**बरेली।** गर्मी शुरू होते ही अवैध स्विमिंग पूल की संख्या बढ़ने लगी है। यह स्वीमिंग पूल वाले 30 से 50 रुपये में मासूम जिंदगियों से खिलवाड़ कर रहे हैं। शहर से लेकर देहात तक में स्विमिंग पूल बिना प्रशिक्षित तैराक के संचालित हो रहे हैं। इसलिए छोटी सी गलती होने पर आपकी जान पर आ जाए, तो वहां आपको बचाने वाला कोई नहीं। दो वर्ष पहले यानी 30 जून 2022 को नवाबगंज के बिजौरिया रोड निवासी राजेश के बेटे आदित्य (10 वर्ष) की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई थी। हालांकि, घटना जिस स्विमिंग पूल में हुई। उसका मालिक रिटायर्ड पुलिस कर्मी कैलाश गंगवार थे। इस घटना के बाद परिजन ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने स्विमिंग पूल मालिक को हिरासत में लिया था। मगर, बाद में मामला शांत हो गया। इसके साथ ही कई अन्य बच्चों की भी पूल में डूबकर मौत हो चुकी है, लेकिन इसके बाद भी अवैध स्विमिंग पूल का धंधा फल फूल रहा है।

- 30 से 50 रुपए में जमकर रिस्क उठा रहे लोग, प्रशासन मौन
- नवाबगंज में नहाने को लेकर फायरिंग

### पुल में नहाने को लेकर चली गोली, घायल मेडिकल कॉलेज रेफर

नवाबगंज कोतवाली क्षेत्र के ज्योरा मकरंदपुर गांव के नरेंद्र गंगवार का गांव में ही डॉलफिन मिनी वाटर पार्क के नाम से स्वीमिंग पूल है। उनके स्वीमिंग पूल पर नहाने वालों की भीड़ लगी थी। कुछ लोग स्वीमिंग पूल में नहा रहे थे और कुछ लोग अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच स्वीमिंग पूल में नहा रहे कुछ दबंगों की ज्योरा मकरंदपुर गांव के एक युवक से कहासुनी हो गई। इस पर स्वीमिंग पूल संचालक ने अपने गांव के युवक का पक्ष लेते हुए दूसरे पक्ष के लोगों को डांट दिया। इससे गुस्साए दबंग उन्हें देख लेने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। मगर, कुछ देर बाद वह दबंग एक कार से स्वीमिंग पूल पर पहुंचे। उन्होंने अवैध तमंचों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली वहां मौजूद गांव के ही कृष्ण कुमार के सिर में लग गई। वह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद दबंग तमंचे लहराते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। घायल को नैनीताल रोड स्थित एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### गोलियों की तड़तड़ाहट से स्विमिंग पूल में मची भगदड़

अचानक स्वीमिंग पूल पर फायरिंग से मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। पूल में नहा रहे लोग दहशत के चलते खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि यह स्वीमिंग पूल भी अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। जिसके चलते वारदात के बाद संचालक ने पुल को बंद कर दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## जनसेवा केन्द्र संचालक को तमंचा लगाकर लूटा

**बांदा।** जन सेवा केंद्र से घर लौट रहे संचालक को गांव के तीन लोगों ने तमंचा लगाकर लूट लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भाग गए। गिरवां थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्योंढा के रहने वाले इस्त्रयाक पुत्र मुस्ताक अहमद ने गिरवा थाने में तहरीर देकर बताया की उसकी जन सेवा केंद्र की दुकान अकबरपुर देवी जी में है। शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे जनसेवा केंद्र को बंद करके बाइक से घर जा रहा था तभी गांव के तिराहे के पास एक मोटरसाइकिल में सवार इकरार खा पुत्र अयूब खा, काले खां और इल्याक खा पुत्रगण आयूब खा निवासी स्योंडा थाना गिरवां उसकी बाइक के समाने गाड़ी लगाकर खड़े हो गए और एक हाथ में तमंचा लहराते हुए सोने की चैन और 28 सौ रुपए छीन लिए और इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तुम बहुत गांव के विकास कार्यों की जांच कराते हो। इसी दौरान गांव के कई लोग मौके पर आए तो आरोपी तमंचा लहराते हुए भाग खड़े हुए। मामले की जानकारी जब थाना प्रभारी गिरवां राकेश तिवारी से लेने का प्रयास किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## निः शुल्क ठंडे पानी का कैंप लगा



**नगीना।** ऑल इंडिया पयामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से एक निःशुल्क पानी का कैंप नगीना रोडवेज बस स्टैंड पर लगाया गया। युनिट द्वारा मुसाफिरों को इस चिल चिलाती धूप में ठंडा पानी पिलाकर गर्मी से कुछ राहत देने का काम किया गया। ऑल इंडिया पयामय इंसानियत यूनिट नगीना की और से इस पुण्य के काम को आने जाने वाले लोगों ने सराहा और उन्होंने इसमें हिस्सा लेने वालों को दिल से दुआएं दी। इस मौके पर यूनिट के जिम्मेदार समाजसेवी हाजी तंजील आलम ने बताया कि ऐसे काम और लोग भी कर रहे है। इस धूप में लोगों को ठंडा पानी पिलाकर थोड़ा सा सुकून देने की कोशिश कर रहे हैं। उसी कड़ी में पयामय इंसानियत नगीना यूनिट की तरफ से भी यह पुण्य का काम जारी है और आगे भी जारी रहेगा। इस कार्य में समाजसेवी हाजी तंजील आलम के अलावा, मौ0 आमिर, अदिल कादरी, इब्राहिम, तय्यब आलम, अब्दुल रज्जाक, युसूफ आदि ने हिस्सा लिया।

# पेयजल परियोजना के सर्वे का कार्य जल्द पूरा करें: डीएम



जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निमार्णाधीन पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद के प्रकरणों के निस्तारण होने पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि अब हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए तीव्र गति से कार्य किए जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया कि टंकी के निर्माण व पाइप लाइन बिछाने का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाये, कार्य मे तेजी लाने के लिए मैन पावर बढ़ाकर कार्य कराए। उन्होंने निर्देश दिए कि पाइप पेयजल परियोजनाओं के सर्वे का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें तथा बॉक्सा जनजाति के ग्रामों में भी जल्द से जल्द स्वच्छ व साफ जल की आपूर्ति करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि आगामी बरसात से पहले शेष सभी निर्माण कार्यों में आवश्यकतानुसार तेजी लाते हुए 15 जून से पूर्व रोड़ रेस्टोरेशन के कार्यों को भी गुणवत्तापूर्वक पूरा करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को बरसात में किसी भी प्रकार कि कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत यदि कहीं किसी कार्य में किसी भी प्रकार कि कोई बाधा उत्पन्न हो रही हो तो उक्त के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं संबंधित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसको दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की उच्च प्राथमिकता में शामिल परियोजना है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि पाइप पेयजल के शेष बचे हुए पेयजल कनेक्शनों को जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां-जहां पाइप पेयजल योजनाएं संचालित है उन ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ व साफ जल की आपूर्ति की जाये तथा पाइप पेयजल योजनाओं में जहां-जहां मरम्मत की आवश्यकता है वहां प्राथमिकता पर मरम्मत करा कर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी, कार्यदायी संस्था सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सुविधा शुल्क नहीं तो ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र नहीं

**बरेली।** सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को दस प्रतिशत का आरक्षण लाभ लेने के लिए ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है। खास बात यह है कि बिना सुविधा शुल्क के ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाना बहुत कठिन काम है क्योंकि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के आवेदन पत्र को तहसीलदार के कार्यालय पर जमा करना पड़ता है इसके बाद संबंधित लेखपाल की रिपोर्ट के बाद शेष कार्यवाही होती है।

लेकिन लेखपाल की रिपोर्ट लगवाना सबसे कठिन काम है क्योंकि अधिकांश लेखपाल ने अपने स्तर पर प्राइवेट लोगों को सत्यापन के काम पर लगा रखा है जोकि अभ्यर्थी से मनमाने ढंग से धन वसूली करते हैं और उसके बावजूद अभ्यर्थी को ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के तहसीलदार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं।

## मौलाना तौकीर को कोर्ट से बड़ी राहत

**बरेली।** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान को कोर्ट से थोड़ी राहत मिली है, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए दाखिल अर्जी खारिज हो गई है। जिसके बाद मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों ने मुसलमानों से दूरी बना ली है। तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों को मुसलमानों के वोट तो चाहिए लेकिन उनकी आवाज उठाने को कोई तैयार नहीं है। आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा हमेशा समाज के दबे कुचले वर्ग के साथ मुसलमानों के हक की आवाज उठाते रहे हैं। कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं ने आपसी जुगलबंदी से आईएमसी प्रमुख को जेल भिजवाने की कोशिश कर मुसलमानों की आवाज को दबाने के लगातार प्रयास किए हैं। बरेली में उनके खिलाफ मुकदमा लिखाने के लिए दाखिल अर्जी भी उसी साजिश का हिस्सा थी। जैसा पिछले दिनों पुराने मामले में फंसा कर साजिश रची गई। जिसमें सुप्रीम कोर्ट से इंसाफ मिला और अब जिला कोर्ट में अर्जी खारिज होने से साफ हो गया कि कानून के आगे साजिशें असफल हुई हैं। कोर्ट ने वादी प्रतिवादी पक्ष की अपील और दलील सुनने के बाद दायर याचिका को खारिज कर दिया है।

# गर्मी में बिजली कटौती से जीना मुहाल



**बरेली।** बरेली में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिए हैं। यहां का तापमान शनिवार को 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मगर, यह यहीं रुकने वाला नहीं है। रविवार, सोमवार और मंगलवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। 24 मई, 27 मई, और 28 मई को अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। मगर, बढ़ती गर्मी के बीच बिजली कटौती शुरू हो गई है। बिजली आपूर्ति न होने से लोग काफी परेशान हैं। शहर के सुभाष नगर, बदायूं रोड, पुराना शहर से लेकर रामपुर रोड, नैनीताल रोड तक के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। बिजली आपूर्ति न होने के चलते लोग स्थानीय उपकेंद्र और बिजली अफसरों को फोन कर रहे हैं। मगर, उनके फोन नहीं उठते। जिसके चलते लोगों को रात भर जाकर काटनी पड़ रही है। शहर के साथ ही देहात का भी यही हाल है। यहां भी बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो रही है। बिजली कटौती को लेकर अफसर से लेकर उपकेंद्रों तक शिकायत हो रही हैं। मगर, उपभोक्ताओं की कहीं कोई सुनवाई नहीं है। ओवरलोड से फुंकने लगे ट्रांसफार्मरतापमान बढ़ने के साथ ही बिजली ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ गया है। यह ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने लगे हैं। जिसके चलते शहर के हर दिन आधा दर्जन ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं। उनको बदलने में भी समय लग रहा है। बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से भी बिजली आपूर्ति में दिक्कत आ रही है। इसके साथ ही शहर की तमाम बिजली लाइन जर्जर हैं। जिसके चलते बिजली आपूर्ति में दिक्कत हो रही है।

### पानी आपूर्ति ठप, मोबाइल डिस्चार्ज, लोग परेशान

बिजली न आने के कारण शहर के तमाम इलाकों की पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित होने लगी है। जिसके चलते लोगों को सुबह दफ्तर जाने में काफी दिक्कत हुई। बिजली आपूर्ति न होने से लोगों के मोबाइल फोन डिस्चार्ज हो गए हैं। इनको मोबाइल चार्ज करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बिजली कटौती से लोग परेशान हैं।

## धार्मिक स्थलों पर शराबियों के उत्पात से महिला भक्त परेशान



**आंवला-बरेली।** धर्मपुर गांव की महिलाओं ने शराब की भट्टी मालिकों को धर्म का पाठ पढ़ाने की ठान ली है, शराब की भट्टी को हटवाने की मांग को लेकर महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है।

आंवला तहसील क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी दर्जनभर महिलाओं ने एसडीएम एन राम को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया बीते रोज 17 मई को गांव के विद्यालय एवं मंदिर के निकट सरकारी शराब की दुकान (ठेका) खोला गया है। गांव में शराब की दुकान खुलने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। विद्यालय के निकट शराब की दुकान खुलने से पढ़ने वाले बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा तथा बच्चों को बिगाड़ सकते हैं। शराबियों द्वारा पढ़ने वाली युवतियों के प्रति गलत हरकतें भी की जा सकती हैं। उन्होंने कहा शराब की दुकान बनने से मंदिर का वातावरण दूषित हो रहा है। वहां पूजा अर्चना करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा यदि विद्यालय एवं मंदिर के पास से शराब की दुकान नहीं हटती है तो बच्चे बिगड़ जाएंगे। उन्होंने एसडीएम से शराब की दुकान हटवाने की मांग की है। इस दौरान मुन्नी देवी, प्रेमवती, आशा, ओमशीला, रूपवती, मुन्नी देवी, लता देवी, कविता और सरोज आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

वहीं आंवला नगर के भारतीय बजरंग दल के अमित शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में बताया मोहल्ला खेड़ा स्थित प्राचीन मंदिर पर गलत किस्म के व्यक्तियों के द्वारा प्रतिदिन शराब पीकर शाम को जमघट लग जाता है। वहां से निकलने वाली माताएं बहनों के साथ अभद्रता, अश्लील इशारे व फब्तियां कसते हैं। जिसके कारण पूजा अर्चना करना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि आंवला में सभी धार्मिक स्थलों का यह ही हाल है। उन्होंने कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन के द्वारा धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## साइबर ठगीः अकाउंट से उड़ाए ढाई लाख, रिपोर्ट दर्ज

**मीरगंज-बरेली।** साइबर क्राइम की कड़ी में एक और इजाफा हो गया। एक व्यक्ति के एसबीआई खाता से अज्ञात ने ढाई लाख रुपए उड़ाकर फिर से पुलिस को चुनौती दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मीरगंज कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मीरगंज कस्बा के मोहल्ला रतनपुरी निवासी प्रेमपाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को दिये गये प्रार्थना पत्र में हवाला देते हुए बताया है कि उसका एसबीआई में वचत खाता संचालित है। उसके खाता से साइबर धोखाधड़ी करते हुए 2,53,999 रुपए किसी ने उड़ा दिये। इस मामले में एसएसपी के निर्देश पर मीरगंज कोतवाली में धारा 420 व डीआईटी एक्ट 66 के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकददमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। क्षेत्र में बढ़ते साइबर क्राइम के मामले पुलिस के लिए अब भी किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

संक्षेप

## जिला मंडलीय अस्पताल के मैनेजर किये गये कार्यमुक्त

मीरजापुर। मंडलीय अस्पताल में प्राचार्य को अंधेरे में रखकर वर्षो से ड्युटी करने वाले मैनेजर अनुज ठाकुर को शिकायत के बाद प्राचार्य ने कार्यमुक्त कर दिया है। बताते चले की कांग्रेस नेता मनीष दुबे ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर फर्जी ढंग से अस्पताल में मैनेजर पद ड्युटी कर रहे अनुज ठाकुर नामक व्यक्ती की शिकायत की थी।जिसपर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मामले की जांच कराई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपनी जांच में डीएम को अवगत कराया की मैनेजर अनुज फर्जी ढंग से हॉस्पिटल में नौकरी कर रहा है।जांच रिपोर्ट भेजने के साथ ही सीएमओ ने प्राचार्य को तत्काल मामले का संज्ञान लेकर उक्त कथित मैनेजर को तत्काल अस्पताल से कार्यमुक्त करने हेतु पत्राचार किया। सीएमओ के पत्र का संज्ञान लेते हुऐ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर बी कमल ने कथित मैनेजर अनुज ठाकुर को मंडलीय अस्पताल से कार्यमुक्त करते हुऐ सीएमओ ऑफिस से संबद्ध कर दिया है। हालांकि मैनेजर को अस्पताल प्रांगण में आवंटित सरकारी आवास को अभी खाली नहीं कराया गया है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही आवंटित सरकारी आवास भी खाली कराकर दिए वेतन की रिकवरी भी कराई जा सकती है।

## गर्मियों में ओवरलोड की समस्या से लोगों को नहीं पड़ेगा जूझना

ऊसराहार, इटावा। गर्मियों में ओवरलोड की समस्या से अब ऊसराहार के लोगो को जूझना नही पडेगा विद्युत विभाग की पहल पर ऊसराहार के विद्युत उपकेद्र पर पांच एमबीए के ट्रांसफार्मर को हटवाकर दस एमबीए का ट्रांसफार्मर रख दिया गया है अब किसानो के लिए नलकूप और उपभोक्ताओं के लिए एक साथ दोनो फीडर चलाए जा सकेंगे जबकि पहले एक लायन ही चल पाती थी। ऊसराहार मे स्थापित 33 केवीए के विद्युत उपकेद्र पर शनिवार को पावर की क्षमता को बडा दिया गया है पिछले एक वर्ष से ऊसराहार मे ओवरलोडिंग की समस्या बहुत ज्यादा चल रही थी हालत यह थी कि गर्मियों मे ऊसराहार कस्बा को सप्लाई ही बहुत कम मिल पाती थी पहले ऊसराहार फीडर को चलाया तो जाता था लेकिन किसानो के लिए सुबह नलकूप की सप्लाई चलते ही उपकेंद्र पर ओवरलोड हो जाता था यदि किसानो को पानी की सप्लाई दी जाती थी तो ऊसराहार के फीडर की सप्लाई को बाधित करना पडता था इसको लेकर उपभोक्ता आए दिन सप्लाई को लेकर शिकायते करते थे लगातार चल रही इस समस्या से निजात के लिए एसडीओ ताखा संजीब अहिरवार ने ऊसराहार के उपकेंद्र पर रखे पांच एमबीए के ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा आखिर शासन ने ऊसराहार मे दस एमबीए के ट्रांसफार्मर को लगवाने का फैसला किया शनिवार को उपकेंद्र पर पांच एमबीए के ट्रांसफार्मर को हटा दिया गया उसकी जगह दस एमबीए का ट्रांसफार्मर रख दिया गया है एसडीओ संजीव अहिरवार ने बताया अब उपकेंद्र दस दस एमबीए के दो ट्रांसफार्मर से सप्लाई चलेगी जबकि पहले एक दस के साथ दूसरा पांच एमबीए का ही ट्रांसफार्मर रखा था जिसे अब हटाकर दोनो दस एमबीए के ट्रांसफार्मर कर दिए गए हैं अवर अभियंता सतेंद्र कुमार ने बताया ऊसराहार के उपकेंद्र पर ओवरलोड की समस्या के चलते लायन ट्रिपिंग की समस्या से अब छुटकारा मिल जाएगा।

# कार्यकर्ताओं के बल पर बनेगी भाजपा की सरकार : आनन्द स्वरूप

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज लोकसभा के विधानसभा ओबरा का बूथ सम्मेलन रेनुकुट स्थित सत्संग हॉल मे सम्पन्न हुआ सम्मेलन का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर मुख्यअतिथि पूर्व राज्यमंत्री आनन्द स्वरुप शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड, सांसद रामशकल , प्रत्याशी रिंकी कोल, जिला प्रभारी अनिल सिंह ने माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया।

सम्मेलन की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री आनन्द स्वरुप शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है कार्यकर्ताओं के बल पर ही हम चुनाव जीतते आये है इन्ही कार्यकताओं के बल पर 2024 का लोकसभा चुनाव जीतकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे और कहा कि घर घर शौचालय बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की माताओं बहनो को हो रही असाध्य बीमारियों से छुटकारा किया है व सम्मान बढाया है प्रधानमंत्री मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में देश प्रदेश मे बिजली शिक्षा पानी सडक स्वास्थ्य की व्यवस्था सुदृढ़ हुयी है। और कहा की कानून व्यवस्था दुरस्त हुयी अपराधि माफियाओं का दहशत खत्म हुआ है और कहा बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों को जीतकर एक बार फिर भाजपा सरकार बनाकर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेंगे। और कहा कि बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है जिसके बल पर सभी कार्यक्रम सम्पन्न होते है वही चुनाव के दौर में बूथ कमेटी के बल पर ही हम चुनाव जीतते है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भाजपा के हर कार्यकताओं के लिए देश सर्वोपरि है दल से बडा देश है। जब देश का भला होगा तक सबका भला होगा तो देश आगे बढेगा मेरे बूथ अध्यक्ष भाजपा नही देश की समृद्धि के मजबूत स्तंम्भ है। एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल ने कहा कि बूथ अध्यक्ष ही पार्टी का रीढ है जिसके बल पर ही हम लोग चुनाव जीतते है मोदी जी की सरकार बनाने मे बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख के माध्यम है उन्होने कहा कि आप सभी के दम पर एक बार फिर मोदी सरकार बनना तय है। अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आप के ही दम पर आज यहा तक पहुंची है बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख शक्ति केन्द्र के संयोजक ही हमारी शक्ति है। इसी शक्ति के बदौलत हम हर चुनाव जीतते है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए अपना दल जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने आये हुए सभी अतिथियों व बूथ अध्यक्षों का स्वागत अभिनन्दन किया। सम्मेलन मे मुख्यरुप से , जिला प्रभारी अनिल सिंह, विधानसभा प्रभारी मधुकर पाण्डेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यरुप से विधानसभा संयोजक उमेश सिंह पटेल, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, पिपरी चेयरमैन दिग्विजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड, चांदप्रकाश जैन, सतीश पाण्डेय, सुनिल सिंह, हरीराम छवि, अभिषेक विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला, अनूप तिवारी, अजय पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, रामनिवास तोमर, अनामिका जायसवाल, ओबरा विधानसभा के संयोजक व प्रभारी मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर अनोखी पहल

## केबीसी की तर्ज पर सवाल पूछ कर दे रहे पुरस्कार

जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। चुनाव आयोग के मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाने के लिए सोनभद्र के जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देश पर जगह-जगह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।




इसी मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में विकास खण्ड दुद्धी के कंपोजिट विद्यालय अमवार कॉलोनी के शिक्षक नीरज चतुर्वेदी के द्वारा एक अनोखी पहल की गई है। उन्होंने नई पहल करते हुए अनोखे तरीके से मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। जिसमें कौन बनेगा करोड़पति( केबीसी) की तर्ज पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सही उत्तर देने वाले को पुरस्कृत भी किया जा रहा है। इस संबंध में शिक्षक नीरज चतुर्वेदी का कहना है कि वह मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उनके नवाचारों से उन्हें हर जगह अच्छा रिस्पांस मिल रहा है और सभी लोग बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं। युवाओं और आमजन से यह सवाल पूछ रहे शिक्षक नीरज चतुर्वेदी वोट की तारीख क्या है? समय बताइए? यह कौन सा चुनाव है ? पंचायत, विधानसभा, या लोकसभा? आपकी भाग संख्या क्या है ?जिले का प्रमुख निर्वाचन अधिकारी कौन होता है? वोटर हेल्पलाइन नंबर क्या है ?घर से वोट कौन कर सकता है? मतदान करने का अधिकार किसे है ?कुछऐसे सवाल हैं जो मतदाताओं से पूछे जा रहे हैं और सही उत्तर देने वाले को पुरस्कृत भी किया जा रहा है। शिक्षक की इस नई पहल से मतदाताओं में काफी उत्साह हैं और इस अनोखी पहल की चर्चा चट्टी चैराहों पर होने लगी हैं।

खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र मौर्य ने कहाँ कि लोकतंत्र में अधिक से अधिक मतदान को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग दृढ संकल्पित हैं। कंपोजिट विद्यालय अमवार के शिक्षक नीरज चतुर्वेदी रचनात्मक कार्यो को लेकर नित नए-नए प्रयोग करते रहते हैं। केबीसी की तर्ज पर मतदाता जागरूकता अभियान भी एक नवाचार हैं, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ने की पूरी संभावना हैं।

# नायब तहसीलदार, दो लेखपाल समेत सात लोग कोर्ट में तलब

- सम्मन के जरिए दो जुलाई को एससी/एसटी कोर्ट में हाजिर होने का है आदेश
- दलित विधवा महिला की जमीन कब्जा करने और जान मारने की धमकी का है आरोप

सोनभद्र। दलित विधवा महिला की जमीन पर कब्जा करने और करवाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने शनिवार को प्रथम दृष्टया अपराध मानते हुए नायब तहसीलदार, दो लेखपाल समेत सात लोगों को एससी/एसटी एक्ट व अन्य धाराओं में तलब किया है। आरोपियों को सम्मन के जरिए आगामी दो जुलाई को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। उक्त आदेश दलित विधवा महिला हीरावती पत्नी स्वर्गीय संतोष निवासिनी ग्राम सजौर, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र द्वारा अधिवक्ता एपी चतुर्वेदी के जरिए दाखिल परिवाद पत्र पर दिया है।

परिवाद पत्र में हीरावती ने आरोप लगाया है कि उसका गांव का पुस्तैनी मकान एक कमरा गांव के ही देवमणि पुत्र रामचंदर तथा गोपाल मणि पुत्र द्वारिका प्रसाद द्वारा छह लोगों के हिस्से की जमीन में अपने हिस्से से ज्यादे भूमि तहसील कर्मचारियों तथा किशमिश पत्नी जगदीश एवं जगदीश पुत्र शिवदास को 18 नवंबर 2020 को बैनामा कर दिया। हल्का लेखपाल रामधनी यादव को 50 हजार रुपये देकर उसे रामधनी यादव द्वारा 10 जून 2023 को थाना दिवस पर रॉबर्ट्सगंज थाने पर बुलाकर बैठाया गया और कहा गया कि दो बजे के बाद तुम्हारे प्रार्थना पत्र की जांच करने चलेंगे। उधर उसे धोखा देकर किशमिश पत्नी जगदीश से कह दिया कि आज ही दो घंटे के भीतर मड़हा लगा लो नहीं तो घर मकान नहीं मिल पाएगा। जब उन लोगों से संपर्क किया तो भद्दी भद्दी जातिसूचक शब्दों से गाली देने लगे। इतना ही नहीं उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

इस मामले की शिकायत उसने तहसील दिवस में किया जिसपर नायब तहसीलदार रॉबर्ट्सगंज ज्ञानेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की टीम द्वारा जांच किया गया, लेकिन उन लोगों द्वारा उसे डरा धमकाकर सुलह समझौता पर जबरन हस्ताक्षर बनवा लिया गया। इसके अलावा नायब तहसीलदार द्वारा उसके मकान का आधा हिस्सा किशमिश को दे दिया गया। जिसकी शिकायत 17 जुलाई 2023 को एसडीएम सदर से की गई तो उन्होंने कब्जा हटवाने का निर्देश दिया। लेकिन हल्का लेखपाल दुर्गेश पांडेय और अन्य लोगों द्वारा कब्जा नहीं हटवाया गया। बल्कि इधर उधर की बात कहकर कब्जा हटवाने के लिए न्यायालय में मुकदमा दाखिल करने की बात कही जाने लगी। जब थक गई तो शिकायती पत्र रॉबर्ट्सगंज थाने में दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब 6 सितंबर 2023 को एसपी सोनभद्र और डीएम सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय की शरण मे आना पड़ा। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अधिवक्ता एपी चतुर्वेदी के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर प्रथम दृष्टया अपराध मानते हुए नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार यादव, लेखपाल रामधनी यादव ,लेखापाल दुर्गेश पांडेय, देवमणि, गोपाल मणि, किशमिश और जगदीश को आईपीसी की धारा 506 तथा एससी ध्एसटी एक्ट में तलब किया है। इन्हें सम्मन के जरिए आगामी दो जुलाई 2024 को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है।

# अनियंत्रित डीसीएम बाइक पर पलटी, तीन की मौत



तंबौर /सीतापुर ।शनिवार शाम तंबौर रेउसा मार्ग पर दरियाना मोड़ के पास अनियंत्रित डीसीएम सामने से आ रही बाइक पर पलट गई ।जिससे बाइक चालक सहित उसकी दो भांजियाँ दब गई ।मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से डीसीएम सीधी करवाकर उन्हें निकाला लेकिन तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने मौके से डीसीएम ड्राइवर को अभिरक्षा में लेकर तीनों मृतकों को सीएचसी पहुंचाकर कार्यवाही शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार शनिवार शाम सकरन क्षेत्र के ग्राम सैदापुर निवासी दीपू सिंह 28 बहराइच से वापस आते समय बहन के घर रेउसा क्षेत्र के ग्राम खुरलिया गए जहाँ अपनी भांजी तानवी 10 व स्वाती 12 को बाइक पर बिठाकर अपने घर सैदापुर जा रहे थे ।इसी बीच रेउसा तंबौर मार्ग पर दरियाना मोड़ के पास तंबौर होकर बहराइच जा रही गन्ना लदी डीसीएम अनियंत्रित होकर इनकी बाईक पर पलट गई ।जिससे बाईक सवार तीनो लोग उसके नीचे दब गए ।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह ने पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से सीधी करवाई लेकिन उसके नीचे दबे सभी लोगों की मौत हो चुकी थी ।जिन्हें पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए भेज दिया है और डीसीएम ड्राइवर को अभिरक्षा में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है ।इस सड़क हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# प्रेक्षक की मौजूदगी में इवीएम व वीवी पैट का द्वितीय रैण्डमाइजेशन संपन्न



सोनभद्र। सामान्य प्रेक्षक जी0 जया लक्ष्मी, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता व राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों के उपस्थिति में ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज ई0वी0एम0, वी0वी0 पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया जा रहा है, द्वितीय रैण्डमाईजेशन के बाद ई0वी0एम0, वी0वी0 पैट मशीनों को बूथ आवंटित कर दिया गया है।

मतदान केन्द्र पर कौन सी ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट जायेगी यह सुनिश्चित कर दिया गया है, मॉक पोल के समय किसी भी पार्टी के एजेन्ट बूथ हेतु आवंटित ई0वी0एम0, वी0वी0 पैट का मिलान भी कर सकते हैं, ई0वी0एम0, वी0वी0 पैट का द्वितीय रैण्डमाइजेशन में 400-विधान सभा घोरावल में 440 मतदेय स्थलों हेतु 554 कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व 598 वी0वी0 पैट, 401-विधान सभा राबर्ट्सगंज के 389 मतदेय स्थलों हेतु 490 कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व 529 वी0वी0 पैट, 402-विधान सभा ओबरा( अ0ज0जा0 ) में 324 मतदेय स्थलों हेतु 408 कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व 440 वी0वी0 पैट, 403-विधान सभा दुद्धी( अ0ज0जा0 ) में 361 मतदेय स्थलों हेतु 689 कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व 707 वी0वी0 पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया गया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर निखिल यादव, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा अजय सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी सुरेश राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांधु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह व राजनैतिक दलों के समस्त सम्मानित प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# राज्य कर्मचारियों ने बीएन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया

जौनपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय बी०एन० सिंह की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठन के जनपद शाखा के अध्यक्ष सी०बी० सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित पेंशनर कक्ष में आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा में संबोधित करते हुए राज्य कर्मचारी संघ परिषद की संरक्षक राकेश श्रीवास्तव स्वर्गीय बी०एन० सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारी हितों में किए गए संघर्ष के बारे में बताते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की। परिषद के अध्यक्ष डॉ० प्रदीप कुमार सिंह ने भी संबोधित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्वर्गीय बी०एन० सिंह के नेतृत्व में केंद्र समान महंगाई भत्ता की समानता एवं 1986 में केंद्र के बराबर वेतन राज्य कर्मचारियों के वेतनमान दिलाने के साथ दो प्रमुख वेतनमान की लड़ाई में कर्मचारियों का नेतृत्व कर सफलता दिलाई। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा कलेक्ट्रेट में बनाए गए मेरा वोट मेरी ताकत सेल्फी पॉइंट के सामने मतदान हेतु शपथ भी दिलाया गया। सभी ने स्वर्गीय सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कर्तव्यों पर चलने का संकल्प लिया। सभा को मुख्य रूप से पारसनाथ यादव, के०के० त्रिपाठी, रामकृष्ण यादव, शेषनाथ सिंह, ओंकारनाथ मिश्रा, चंद्रशेखर सिंह, उन्नत त्रिपाठी, दशरथ राम, अमर बहादुर, प्रमोद शर्मा, लालमणि पांडेय, कृपा शंकर उपाध्याय, राममोहन राय, कंचन सिंह आदि ने संबोधित किया। संचालन सीबी सिंह ने किया।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने चलाई स्वच्छता पखवाड़ा मुहिम




जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। भारत सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना के तहत सम्पूर्ण भारत वर्ष में स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई 2024 से 31 मई 2024 तक स्वछता अभियान चलाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा 17.मई.2024 को परियोजना के नवजीवन बिहार सब्जी मंडी एवं स्टेडियम मे स्वच्छता की मुहिम चलाई गई, जिसमें सभी ने श्रमदान कर यह शपथ लिया कि हम स्वयं न गंदगी करेंगे तथा न किसी को गंदगी करने देंगे। सभी के द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया एवं सभी को जागरूक किया गया। इस मुहिम मे उप महाप्रबंधक ( सीएसआर एवं आरएंड आर ) महताब आलम, कार्यपालक ( सीएसआर ) निखिल जायसवाल सहित सीएसआर टीम, वार्ड पार्षद के साथ-साथ भारी संख्या में ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

# समारोह पूर्वक मना राष्ट्रीय व्यापार मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन




संवाददाता(vol

अयोध्या। राष्ट्रीय व्यापार मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन नियावां स्थित लीला गेस्ट हाउस में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम तथा संचालन प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय संयोजक सुधीर कांत शर्मा ने कहा राष्ट्रीय व्यापार मंडल निरंतर व्यापारियों की समस्याओं के लिए पूरे प्रदेश संघर्ष कर रहा है। राष्ट्रीय व्यापार मंडल एक गैर राजनीतिक संगठन है जिसका प्रमुख उद्देश्य शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल के व्यापारियों को एक बैनर तले लाकर व्यापारी एकता और शक्ति को बढ़ाना है। इससे पूर्व फैजाबाद पहुंचने पर राष्ट्रीय संयोजक सुधीर कांत शर्मा तथा राष्ट्रीय महामंत्री विभा मौर्य का जिला अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा फैजाबाद मंडल के प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय व्यापार मंडल का एक मजबूत संगठन है। अयोध्या जिले में हमारे पास 40 बाजारों में बाजार अध्यक्ष तथा उनकी कार्यकारिणी मौजूद है। इसकी अतिरिक्त जिला कमेटी व मंडल कमेटी के भी पदाधिकारी सक्रिय रूप से व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा राष्ट्रीय व्यापार मंडल छोटे व्यापारियों को अपने संगठन में शामिल करने की ज्यादा तरजीह देता है। प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा तथा प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा ने कहा लोकसभा चुनाव के पश्चातजल्द ही अयोध्या में राष्ट्रीय व्यापार मंडल का एक बड़ा अधिवेशन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती विभा मौर्य ने संगठन के पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के पुत्र यश श्रीवास्तव को इंटरमीडिएट परीक्षा 96 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करने पर स्मृत चिन्ह देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रमुख रूप से रंजीत शर्मा ,जिला सचिव विनय सिंह ,मंडल सचिव शिव भोला सिंह ,युवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष द्वारकेश पांडे ,डॉक्टर रविकांत श्रीवास्तव , एसपी विश्वकर्मा ,इरफान अहमद, दुर्गा प्रसाद शुक्ला ,बृजेश पाठक, राम तीरथ कसौधन, सुरेंद्र प्रताप सिंह, बसंत मिश्रा, विशाल दुबे ,अजय साहू, केपी शर्मा ,सौरभ शर्मा ,नवीन त्यागी, एमपी पांडे आदि ने संबोधित किया।

# बैठक में बाढ़-सूखा तथा हीट वेव की हुयी समीक्षा

सोनभद्र। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोनभद्र एवं सिंचाई विभाग के संयुक्त तत्वाधन में शनिवार को कलेक्टेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व, सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक तथा हीट वेव की समीक्षा बैठक कर बाढ़/सुखा कार्य योजना तैयार किए जाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया।




बैठक में सभी संबंधित विभाग उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में समस्त लाइन डिपार्टमेंट को निर्देश दिया गया कि हीट वेव में क्या-क्या बेहतर व्यवस्था किस तरीके से किया जाना चाहिए और किस तरीके से किया जा रहा है एवं बाढ़ पूर्व तैयारी हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना करना, प्रभारी सूची को अपडेट करना, संबंधित बांधों में पुलिस गस्त टीम को अपडेट करना, तहसील स्तर से नाविक गोताखोर एवं वॉलिंटियर्स को अपडेट करना बाढ़ चैकिया में प्रभारी कार्यकताओं का मोबाइल नंबर नाम अपडेट करना सुखा कार्य योजना अपडेट करने से संबंधित समस्त विभागों को निर्देश दिया गया तथा हीट वेव के समय समय पर स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग, कृषि विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा शासन के निर्देश के क्रम में मौसम विभाग के अलर्ट के क्रम में प्रेस विज्ञप्ति जारी करना तथा लोगों को जागरूक करने हेतु लेखपाल के माध्यम से आंगनबाड़ी, आशा बहू के माध्यम से एवं वॉलिंटियर्स के माध्यम से लोगों को समय-समय पर जागरुक करते रहना चाहिए एवं मौसम विभाग पृथ्वी विभाग मंत्रालय द्वारा जारी अलर्ट को आम जनमानस तक पहुंचाया जाए इत्यादि पर चर्चा की गई।

तहसीलों में आने जाने वालों को प्रभावित होने पर या छोटे बच्चों, महिलाओं, बूढ़ों को ओ0आर0एस0 पैकेट वितरित किया जाए एवं कर्मचारियों को भी ओ0आर0एस0 की उपलब्धता रहे। हीट वेव के समय विभिन्न बातों का ध्यान रखा जाए समस्त डिपार्टमेंट में शीतल जल एवं छाया की व्यवस्था की जाए मजदूरों का टाइम चेंज किया जाए हिट अलर्ट होने पर स्कूल के समय में परिवर्तन किया जाए तथा पोस्टर, निबंध, कविता की प्रतियोगिता कराई जाए शिक्षा विभाग को भी निर्देश जारी किए गए तथा श्रम विभाग, जल संस्थान, नगर पालिका को भी निर्देश जारी किया गया कि उनके यहां से गठित टीम मंडी परिसरों में एवं दुकानों में कटे हुए फलों में रोक लगाया जाए खाद्य पूर्ति विभाग भी अपडेट रहे सभी मतदान केदो में हीट वेव के पोस्टर लगवाए जाएं तथा हीट वेव से संबंधित पोस्टर को चिपकाया जाय।

बैठक का समापन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिंचाई खंड/ बाढ़ नोडल तथा समस्त तहसीलों से उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार महोदय, पंचायत राज अधिकारी, पुलिस विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, जिला पुर्ति, विजली विभाग,लोक निमार्ण विभाग, कृषि विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्रशासनिक अधिकारी आपदा व जिला आपदा विशेषज्ञ व आपदा लिपिक सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी आदि मौजूद रहे। उक्त बैठक में समस्त उपस्थित विभाग के अधिकारी को अपने-अपने विभागवार बाढ़/सूखा की कार्ययोजना तैयार करने हेतु निदेर्शित किया गया।

संक्षेप

## सुलह समझौतों से परिवार संस्था को टूटने से बचायें

**इटावा।** विवाह परिवार की सबसे छोटी इकाई है। आजकल सबसे अधिक संकट विवाह को बचाने का बना हुआ है। छोटे-छोटे भ्रम अथवा गलतफहमी इस संस्था को तोड़ रहे हैं। कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत विवाह को टूटने से बचाने के लिए प्रत्येक जनपद न्यायालय में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय) बनाए गए हैं। जो सुलह समझौते के आधार पर परिवार को विघटन से बचाते हैं। कुछ अपवाद स्वरूप सम्बन्ध विच्छेद के रूप में भी निस्तारण किया जाता है। जनपद इटावा के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय) कल्पना द्वारा मई माह के पखवाड़े की प्रगति रिपोर्ट न्यायालय में नियुक्त परामर्शदाता एवं काउंसलर ममता यादव ने बताया कि न्यायालय के समक्ष 24 वाद विचारण हेतु प्रस्तुत किए गए थे। कुल 6 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें न्यायालय ने धारा 125 सीआरपीसी भरण पोषण में रूबी बनाम सतीश चंद्र में आपसी सहमति से साथ रहने का निस्तारण हुआ है। 13 मुस्लिम विवाह अधिनियम के अंतर्गत निकट परवीन उर्फ माजदा बेगम बनाम परवेज अहमद वाद में आपसी सहमति से साथ रहने का निस्तारण किया गया। शेष वादों का विचारण जारी है।

## श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**चकरनगर, इटावा।** तहसील क्षेत्र चकरनगर के गांव सिरसा में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पहले कलश यात्रा निकाली गई। य यात्रा यज्ञ शाला परिसर से शुरू हुई और फूप चैरेला मार्ग से गांव के देव स्थान करुआ देव बाबा, राधा कृष्ण मंदिर से होते हुए वापस भागवत कथा पंडाल में पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में 51 कन्याएं पीत वस्त्र पहनते हुए सर पर कलश धारण कर सम्मिलित हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवकिशोर ने कलश लिये सभी कन्याओं को सम्मानित किया। श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक डॉ राघव दास महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दशार्ती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद् भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।

# भाजपा ने विकास के नाम पर जनता से किया छलावा

## सपा प्रत्याशी के समर्थन में रानीगंज विधायक व पूर्व एमएलसी समेत कांग्रेसियों ने भरी हुंकार



जिला संवाददाता (vol)

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने शनिवार को भाजपा व भाजपा के सांसद संगम लाल गुप्ता पर तीखे हमले बोले। गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ जिले के विधानसभा सदर प्रतापगढ़ क्षेत्र में चुनावी संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के विकास का ताना बाना पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। वहीं उन्होंनें कहा कि जिले के भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता ने प्रतापगढ़ के विकास के साथ रोजगार के क्षेत्र में अपने पूरे कार्यकाल में निजी स्तर पर कोई रंच मात्र पहल नही की।

गठबंधन प्रत्याशी एवं पूर्व एमएलसी डॉ. पटेल ने पल्टन बाजार, बालीपुर, विवेक नगर, पूर्वी सहोदरपुर, भंगवा चुंगी व अदमापुर, अंतू, गडवारा सहित आदि क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी, अभिमन्यु सिंह, इं. जेबी सिंह, गौराडांड प्रधान, शिवकुमार सिंह, जलालपुर प्रधान स्वामी सिंह, गिरीश सिंह, संतराम मिश्रा, बृजभवन तिवारी, चंद्रिका प्रसाद तिवारी, मुन्ना ककरहा, लवकुश सिंह चौहान, बलवंत सिंह चौहान, बीडीसी गणेश सिंह, छत्रपुर पूर्व प्रधान रजवंत सिंह, त्रिभुवन तिवारी, जयसिंह यादव, ललित मिश्रा, लाल साहब सिंह, लालशाह सिंह, श्रीराम वर्मा, श्रीराम रघुवीर, सलीम खान, शिवशंकर सरोज, राहुल पासी, आशु सिंह, निसार अहमद आदि रहे। वहीं विधानसभा रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा ने भी विश्वनाथगंज विधानसभा के अंतर्गत ब्लॉक मान्धाता सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से भारी मतदान की अपील की। इस मौके पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, अहमद अली, सत्यनारायण यादव, सुरेश यादव, वंशीलाल यादव, संजय यादव, जेपी पटेल, मनीष यादव, उमेश यादव आदि मौजूद रहे। इधर जनसम्पर्क अभियान को धार देते हुए गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व एमएलसी व सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने शनिवार को जिले के विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के तरौल, गौरा, लेहरा, पूरे सुखदेव, बछुवा, गंभीरा, नंदा का पुरवा, मान्धाता बाजार सहित दर्जन भर गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान के तहत अपने पति एवं पार्टी प्रत्याशी के समर्थन की भावनात्मक अपील की।

इस मौके पर वीरू पासी, पंकज यादव, चंद्रशेखर पटेल, संदीप वर्मा, नीलम वर्मा, कामिनी पटेल, रंजना पटेल, उषा शुक्ला, हम्जा खातून, प्रतीक सरोज, राहुल पाल, अभिषेक चौरसिया, शबनम बानो, सोनी वर्मा, सिमरन सिंह, मंजुला मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में गठबंधन प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुशील कुमार ने विधानसभा रानीगंज में कार्यकताओं साथ जनसंपर्क कर डॉ. एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष शांति सिंह ने विधानसभा विश्वनाथगंज व सदर क्षेत्र के सण्डवा चन्द्रिका, अदमापुर, जुडापुर में लोगों से जनसंपर्क किया कर लोक सभा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के लिए जनसम्पर्क किया। इस मौके पर जीतेन्द्र सिंह, अमृतलाल, ब्लाक अध्यक्ष उदय सरोज, सुनीता देवी, अंजू सिंह, हर्षित पटेल, उदय प्रताप वर्मा, प्रमोद वर्मा, आदर्श कपिल, राहुल सरोज, विपिन सरोज, निगम सरोज, बबलू पाल, संदीप सिंह, अक्षत वर्मा आदि मौजूद रहे।

रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के समर्थन में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, केडी मिश्र, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, रामबोध शुक्ल, हृदय नारायण मिश्र, सुधाकर पाण्डेय, गुडडू सिंह, भुवनेश्वर शुक्ल, राकेश चतुवेर्दी ने भी सघन जनसंपर्क कर सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से सपा प्रत्याशी डॉ. पटेल के रामपुर खास में रिकार्ड जीत सुनिश्चित बनाने पर जोर दिया।

# 12 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में क्रॉस केस

**प्रतापगढ़।** मवेशी के विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ गंभीर धाराओं में क्रास केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मधुकरपुर निवासी श्रीनाथ की पत्नी सीता देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह मई को शाम साढ़े छः बजे मवेशी चराने के विवाद में विपक्षी गाली देते हुए हमलावर हो उठे। विपक्षी गांव के रामदेव के पुत्र मेवालाल तथा मेवालाल की पुत्रियां रूचि व खुशी ने लाठी डण्डे से उस पर हमला कर दिया। पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपियो ने उस पर गंभीर प्रहार कर दिया। इससे वह बेहोश हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विपक्षी मेवालाल समेत तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की मेवालाल की पुत्री खुशी वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि विवाद को लेकर श्रीनाथ की पुत्री फूलमती तथा पत्नी कटरहिन व जयप्रकाश की पत्नी रेखा देवी ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियों ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने फूलमती समेत तीन के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज एवं धमकी का केस दर्ज किया है।

## ककराई वाले बाबा का दो दिवसीय उर्स शुरू

**भरथना, इटावा।** हजरत बाबा अल्तमश शाह सेहराई ककराई वाले सैयद बाबा का दो दिवसीय उर्स शरीफ रात्रि में टीवी कलाकार व रेडियो गायक कव्वालों की जबाबी कव्वालियों के साथ हुआ। इससे पूर्व देर शाम मीलाद शरीफ के आयोजन के साथ उर्स शरीफ का कार्यक्रम शुरू हो गया। कस्बा के इटावा रोड स्थित ग्राम नगला खरगजीत के समीप स्थित हजरत बाबा अल्तमश शाह सेहराई ककराई वाले सैयद बाबा की मजार पर शुक्रवार व शनिवार को दो दिवसीय उर्स शरीफ का कार्यक्रम शुरू हो गया। उक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ककराई वाले सैयद बाबा आस्ताना कमेटी दरगाह शरीफ के सदर जनाब हाजी हारून मूसानी व मंच संचालक मु. हनीफ फाखकी ने संयुक्त रूप से बताया कि सैयद बाबा की दरगाह पर दो दिवसीय उर्स शरीफ का कार्यक्रम शुरू हो गया है। जिसके चलते देर शाम बाबा की दरगाह परिसर में मीलाद शरीफ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## महिला उपनिरीक्षक ने पति पत्नी का मनमुटाव दूर कर फिर से मिलाया



**टूंडला।** वो कहते हैं कि जब बेटी की शादी हो जाती है तो वह अपने ससुराल में ही अच्छी लगती है। मायके में तो केवल खुशी-गम या तीज-त्योहार पर ही आए तो अच्छा लगता है। क्योंकि ज्यादा दिन अगर वह अपने मायके में रहती है तो कुछ लोगों को शादीशुदा बेटी का अपने मायके में रुकना खलने लगता है। कुछ इसी प्रकार का एक वाक्या थाना टूंडला पर आया कि आवेदिका (काल्पनिक नाम) ईशा पुत्री स्वर्गीय अनिल चंद्र निवासी गांधी टोला थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद की शादी करीब 14 वर्ष पूर्व हनी पुत्र शिवप्रकाश निवासी चौहान रोड अजीत नगर गेट थाना शाहगंज जनपद आगरा के साथ हुई थी। ईशा के जेठ-जेठानी के साथ कुछ ट्रेजडी हो जाने के कारण उनकी बेटी की परवरिश भी निशा ही कर रहे थी। ईशा अपने घर पर ही पार्लर चलाती है। आसपास के लोगों के कहने में आकर, शक की बिनाह कर दोनों पति-पत्नी के मध्य विवाद बढ़ता चला गया। ईशा पिछले डेढ़ महीने से अपने मायके में रह रही है। ये सच है कि बेटियों का मायके से गुजारा नहीं होता। ईशा अपने मायके में हफ्ता-दस दिन ही गुजार पायी थी कि उसको उसकी भाभी ने तरह-तरह के ताहिने देना शुरू कर दिया और रसोई में ताला लगाकर परेशान करना शुरू कर दिया। ईशा बहुत परेशान थी। वो अपनी माता जी के साथ गुहार लगाती हुई महिला रिपोटिंग चौकी टूंडला पर पहुंची और चौकी प्रभारी महिला उप निरीक्षक अलवीना पठान को जाकर अपनी आपबीती से अवगत कराया। निशा की परेशानियों को समझते हुए महिला चौकी प्रभारी द्वारा उसके पति से सम्पर्क कर दोनों पक्षों की काउंसलिंग की। दोनों पक्षों ने अपनी अपनी गलती का एहसास किया और एक दूसरे के साथ खुशी-खुशी जीवन यापन करने का वादा करते हुए अपने बच्चों के साथ पुलिस का धन्यवाद किया।

# सीएम आज नया का पुरवा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में करेंगे जनसभा

- **मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एडीजी समेत अनेक अफसरों ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**



**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रविवार को लालगंज के नया का पुरवा में भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर भाजपा कार्यकताओं के द्वारा शनिवार को ऐड़ी चोटी का जोर लगाये देखा गया। वहीं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त को लेकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को भी दिन भर कड़ी धूप में कार्यक्रम स्थल पर कवायद करते देखा गया। सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसभा को लेकर भाजपा पदाधिकारी दोपहर बारह बजे की तैयारी में जुटे हुए हैं।

प्रशासनिक सूत्रों का मानना है कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम दोपहर डेढ़ से पौने दो बजे के बीच होगा। प्रयागराज के एडीजी भानु भास्कर तथा आईजी प्रेम गौतम व एसपी सतपाल अंतिल कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा प्रबन्धों को लेकर मंथन करते दिखे।

एडीजी भानु भास्कर ने लालगंज कोतवाल को सुरक्षा की दृष्टि से वीआईपी गैलरी तथा मंच के निकट डबल बैरीकेटिंग कराए जाने के कड़े निर्देश दिये। वहीं जिले के जिलाधिकारी संजीव रंजन भी शनिवार की देर शाम जनसभा स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी प्रशासनिक तैयारियों को लेकर स्थानीय अधिकारियों से विचारविमर्श किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भारी फोर्स के साथ केन्द्रीय बलों के जवान भी लालगंज में लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराते दिखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले विधानसभा चुनाव में भी नया का पुरवा में ही रामपुर खास में जनसभा कर चुकें हैं। हालांकि मुख्यमंत्री की सभा के बावजूद रामपुर खास में कांग्रेस को सफलता मिली थी। प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना यहां से हैट्रिक जीत अपने नाम करने में सफल रही। अब लोकसभा चुनाव को लेकर भी प्रदेश के मुख्यमंत्री रामपुर खास की नब्ज टटोलने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा पदाधिकारियों तथा सांसद संगम लाल गुप्ता के समर्थकों को भी जनसभा को सफल बनाये जाने को लेकर तैयारियों में उत्साह के बीच देखा गया।

## हजरत पीर बाबा के उर्स का समापन

**इटावा।** चैपाल मूंज स्थित दरगाह हजरत शेख सैयद हाजी पीर बाबा रहमतुल्लाह अलेहिस्सलाम का 28वां दो दिवसीय सालाना उर्स 16 मई को शाम बाद नमाज ईशां महफिलऐ मिलाद शरीफ से आगाज हुआ। महफिल की निजामत इंतखाब आलम उर्फ रौनक इटावी ने की। महफिल का आगाज मौलाना राशिद ने कलाम पाक की तिलावत करके किया। सैयद एजाज साहब ने हजरत सैयदा फातिमा, हजरत मौला अली, हजरत इमाम हुसैन, हजरत इमाम ए हसन, हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम की बीती जिंदगी पर रोशनी डाली 17मई सुबह 11 बजे कुल शरीफ हुआ। इसके बाद सलातो सलाम पेश किया गया दरगाह की कमेटी ने अपनी जिम्मेदारी पर एक सिविल कैंप भी लगवाया जिसमें लोगों को खांसी जुकाम वह पेट दर्द गैस बुखार आदि की दवाएं डॉक्टर अल्ताफ खान के द्वारा मरीज को दी गई। उर्स में तमाम अकीदत मन्द अपनी अपनी दुआओं को लेकर बाबा के दरबार में हाजिर हुए और लोगों ने अपनी-अपनी दुआएं मांगी।

# मुकदमा वापस न लेने पर दी जान से मारने की धमकी

**किरावली।** तहसील किरावली के गांव अभैदोपुरा में दबंग महंत पर मंदिर की बेशकीमती जमीन को खुर्द-बुर्द कर बेचने का आरोप है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद ट्रस्टी परिवार को जान से मारने की धमकी मिल रही हैं। आगरा न्यायालय में तारीख से वापस लौटने के दौरान दबंगों ने ट्रस्टी को घेरकर धमकी दी। कहा कि मुकदमा वापस ले लो वरना तुम्हारे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। ट्रस्टी परिवार बुरी तरह दहशत में है। तहसील किरावली के गांव अभैदोपुरा निवासी अनूप सिंह ने बताया कि दो सौ साल पहले उनके बुजुर्गों ने गांव में मंदिर का निर्माण कार्य कराया था। मंदिर के लिए पूर्वजों ने जमीन दान दी थी। पूजा अर्चना की जिम्मेदारी गांव के ही गिर्राज किशोर को सौंपी गई। आरोप है कि महंत की मंदिर की बेशकीमती जमीन पर नीयत खराब हो गई। उसने प्रंदिर को खुर्द-बुर्द कर टुकड़ों में जमीन बेचना शुरू कर दिया। अनूप सिंह ने बताया कि बुजुर्गों की धरोहर बचाने के लिए परिजनों ने मंदिर ट्रस्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू की। आपत्ति दर्ज कराने के लिए समाचार पत्र में गजट कराया। लेकिन कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। इस बीच महंत गिर्राज किशोर की मृत्यु हो गई। इसके बाद उनका पुत्र राजेंद्र सिह मंदिर का स्वयंभू महंत बन गया। राजेन्द्र सिंह ने अवैध रूप से करीब डेढ़ बीघा जमीन गांव के एक मुस्लिम समांज के व्यक्ति को बेच दी। मन्दिर कमेटी के लोगों ने जानकारी होने पर आपत्ति जताई। राजेन्द्र सिंह पर 1987 में मुकदमा दर्ज कराया। अदालत ने उक्त बैनामे को शून्य घोषित कर दिया। राजेन्द्र सिह और कमलू को सम्पत्ति के प्रबंधक पद से हटा नए ट्रस्टी नियुक्त करने का आदेश दिया। महंत ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की जो 2006 में खारिज हो गई 2013 में अदालत ने यथास्थिति बहाल करने के आदेश दिए थे। अनूप सिंह का आरोप है कि अब महंत द्वारा न्यायालय के फैसले को दरकिनार कर मन्दिर की जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अनूप सिंह ने बताया कि 14 मई 2024 को वह आगरा न्यायालय में तारीख कर बाहर निकले तो राजेन्द्र सिंह और उसके दबंग साथियों ने उनको रोक लिया। गाली-गलौज करमुकदमा वापस लेने के लिए धमकाया पीड़ित परिवार इन धमकियों से बुरी तरह दहशत में है।

ट्रस्टी परिवार के लोगों ने बताया मंदिर ट्रस्ट पर अदालत का फैसला आने वाला है। इससे दबंग महंत बौखला गया है और भूमाफिया से मिलकर धमकियां दे रहा है। पीड़ित अनूप सिंह ने बताया उक्त मंदिर उनके बुजुर्गों का है।

# शिव नाम जप से सुधर जाता है जीवन : रामगोपाल





**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के वीरशाहपुर भोजपुर में श्री शिवमहापुराण कथा को लेकर शनिवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना पूजा भी की। शुक्रवार की शाम कथा विश्राम के दिन अयोध्या से पधारे वैष्णव कुलभूषण महामण्डलेश्वर स्वामी राम गोपालदास जी महराज ने कहा कि भगवान शिव की आराधना विश्व कल्याण की आराधना है। उन्होनें कहा कि शिव नाम के जप मात्र से जीवन के संताप दूर हो जाया करते हैं।

महामण्डलेश्वर रामगोपाल दास जी

- **श्री शिवमहापुराण कथा को लेकर हुए भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु**

श्री शिवमहापुराण का श्रद्धालुओं को महत्व समझाते हुए कहा कि इस कथा को आत्मसात करने से जीवन का मार्ग स्वयं सुधर जाया करता है। कथा के संयोजक समाजसेवी रामबहाल सिंह ने श्रद्धालुओं के साथ महामण्डलेश्वर का श्रीअभिषेक किया। सह संयोजक राजेश सिंह तथा मुन्ना सिंह ने भण्डारे का संयोजन किया। भण्डारे में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, लालगंज प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, शिवेन्द्र सिंह मुन्ना, उदय प्रताप सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, केबी सिंह, दिनेश सिंह आदि रहे।

## रूरल बार एसो. ने प्रतापगढ़ व कौशाम्बी में सपा को समर्थन का किया ऐलान

**प्रतापगढ़।** आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के पदाधिकारियों की शनिवार को कलेक्टेज्ट परिसर में आम सभा हुई। आम सभा में एसोशिएसन ने भाजपा सरकार द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक न लाए जाने को लेकर कडी नाराजगी जतायी। बैठक में पारित प्रस्ताव के तहत प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से प्रमुख विपक्षी दल इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल व कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र से गठबंधन प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज को चुनावी समर्थन दिये जाने का ऐलान किया गया। बैठक का संयोजन करते हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि एसोशिएसन द्वारा लगातार मांग के बावजूद भाजपा की केंद्र सरकार ने संसद में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू नही किया। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ ओझा मुक्कू ने कहा कि प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता तथा कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा व कल्याणकारी योजनाओं के बाबत संसद के किसी भी सत्र में आवाज नहीं उठायी। संचालन करते हुए जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने कहा कि सपा के प्रतापगढ़ प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल व कौशाम्बी से सपा प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सरोज ने अधिनियम के साथ कल्याणकारी योजनाओं पर संघर्ष में सहयोग का भरोसा दिलाया है। उन्होने बताया कि एसोशिएसन द्वारा अब दोनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सपा प्रत्याशियों के लिए अधिवक्ताओं का समर्थन जुटाया जाएगा। इस मौके पर सचिन्द्र सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश, शक्ति सिंह, आसिफ सिददीकी, मनोज कुमार, शिवम सिंह, अमजद, सददाम, प्रणव त्रिपाठी, नरसिंह यादव, महेश शुक्ला, दिनेश सिंह, लालगंज इकाई अध्यक्ष सुमित त्रिपाठी, कुंडा तहसील अध्यक्ष वैभव पाण्डेय तथा पटटी तहसील अध्यक्ष रवि सिंह समेत आदि अधिवक्ता रहे।

# नहर में नहाते समय दो युवक डूबे

जिला संवाददाता (vol)

**शिकोहाबाद।** किसानों के लिए बरदान हो रही नहर युवओं के लिए प्रांण घातक हो रही है। ज्यादातर युवा नहाने के लिए आते हैं, लेकिन उनमें से कुछ इस नहर में डूब जाते हैं और फिर उनका शव ही मिलता है। शुक्रवार को देर शाम पांच दोस्त एक साथ नहाने के लिए नहर पर पहुंचे। नहाते समय दो युवक डूब गये। उनके तीन साथी घटना के बाद घबरा कर भाग गये। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक युवक के शव को बरामद कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

शुक्रवार शाम चार बजे के करीब दोस्तों के साथ भूडा नहर में नहाने आए पांच लोग नहर में नहाने के लिए उतरे। जिसमें से दो लोग नहर में डूब गए। देर रात तक जब सभी लोग अपने घर नहीं पहुंचे, तो स्वजनों को उनकी चिंता हुई। जिसके बाद उन्होंने एक दूसरे के घर संपर्क किया। जिसमें पता लगा की 22 वर्षीय अमन निवासी रामनगर रेलवे लाइन फिरोजाबाद व श्यामवीर निवासी रामनगर नहर में डूब चुके हैं। इसके साथ ही उसके अन्य दोस्त निक्की व दो अन्य नहर से किसी तरह

- **एक का शव मिला, दूसरे युवक की तलाश जारी, आगरा से पीएसी गोताखोर तलाशने में जुटे**

बाहर आए। घटना की जानकारी होने पर स्वजनों ने देर रात थाना पुलिस से संपर्क किया। इस दौरान शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे अमन का शव छीछामई पुल के समीप से बरामद हो गया है। जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। वहीं श्यामवीर की तलाश अभी भी जारी है।

मृतक युवक के पिता प्रवीण तिवारी ने बताया कि वह मूल रूप से मैनपुरी के निवासी हैं। कुछ वर्षों से वह फिरोजाबाद के रामनगर में किराये के मकान में रह कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। अमन ने बीएससी करने के बाद नौकरी की तैयारी कर रहा था। अमन घर में तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। कुछ लोगो ने बताया कि शराब भी पी है। वहीं श्यामवीर की तलाश चल रही है। अमन के दो अन्य साथी निखिल उर्फ निक्की उसकी बुआ का लड़का है, जबकि अमित राठौर फेजपुर गाड़िया घिरोर का रहने वाला है। अमन, आशीष यादव और श्यामवीर निखिल अमित को पेपर दिलाने के लिए बैगन आर कार से शिकोहाबाद आए थे। पेपर दिलाने के बाद पांचों दोस्त नहाने के लिए नहर पर पहुंचे।

# मोदी सरकार ने देश की साख पर लगाया बट्टा : प्रमोद तिवारी

- **राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद ने राहुल गांधी की रिकार्ड जीत के साथ इण्डिया गठबंधन की सरकार बनाने का किया दावा**





**रायबरेली।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार ने घरेलू तथा बाहरी दोनों मोर्चो पर देश की साख पर बटटा लगाया है। उन्होनें कहा कि रायबरेली में राहुल गांधी की एकतरफा जीत देखकर भाजपा के स्थानीय स्तर के पदाधिकारी व नेता से लेकर खुद प्रधानमंत्री मोदी बौखलाहट में आ गये हैं। उन्होने कहा कि रायबरेली की जनता गांधी परिवार की सेवा विरासत के विश्वास की रक्षा करते हुए देश को राहुल गांधी की जीत के नाम पर एक नया रिकार्ड सौंपने जा रही है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस के स्टार प्रचारक एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने संसदीय क्षेत्र के अम्बारा, मथई, बरारा बुजुर्ग व रोझइयापुर में जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि भाजपा ने अर्थव्यवस्था को इस तरह चोट पहुंचायी है कि आज मंहगाई और बेरोजगारी से किसान, नौजवान तथा गृहणी महिलाएं एवं कारोबारी का क्षेत्र त्रस्त हो उठा है।

विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि चीन के मसले पर देश के रक्षामंत्री खुद अनिश्चिचता भरा बयान दे रहे हैं। वहीं विदेश मंत्री भी चीन के सीमावर्ती क्षेत्र में भारतीय भूभाग पर सामान्य सेना गश्त में गतिरोध को वार्ता का हिस्सा करार देकर राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर भी देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्होनें कहा कि नहरों में पानी नही है, खाद की बोरी में चोरी हो रही है। वहीं छुटटा जानवर किसान की मेहनत की फसल सरकारी गोशाला के कुप्रबंधन के कारण बर्बाद हो रही है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने दावा किया कि रायबरेली और अमेठी में कांग्रेस रिकार्ड जीत के साथ इण्डिया गठबंधन की अगली सरकार बनाने जा रही है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को लेकर पार्टी कार्यकताओं के साथ सपाईयों व ग्रामीणों में भी शनिवार को भारी उत्साह देखा गया।

# पीएम मोदी ने बदली राजनीतिक संस्कृति

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ कर रहे काम

एजेंसी

शिमला। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ पिछले दस वर्षों में देश की राजनीतिक संस्कृति को बांटो और राज करो की राजनीति से अब रिपोर्ट कार्ड की राजनीति में बदल दिया है।

उन्होंने भाजपा उम्मीदवार राजीव भारद्वाज के समर्थन में कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के रेहन में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, देश में 70 वर्षों से फूट डालो और राज करो की राजनीति चल रही थी जो पिछले दस वर्षों में रिपोर्ट कार्ड की राजनीति में बदल गई है, जहां चुने हुए प्रतिनिधियों को काम करके दिखाना है। विपक्षी गठबंधन इंडिया को वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देने और भ्रष्ट लोगों को बचाने वाले परिवारों का गठबंधन करार देते हुए नड्डा ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे इस गठबंधन के नेता या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट नेता चुनाव के बाद एक जून को वापस जेल जाएंगे। उन्होंने



कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी बी.आर. आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान को लेकर घूम रहे हैं, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा, लेकिन आंध्र प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने की चार बार कोशिश की और कर्नाटक में भी इसी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए नड्डा ने कहा कि केजरीवाल निर्भया मामले में धरने पर बैठे थे लेकिन उनके ड्राइंग रूम में एक महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। कुछ दिन पहले आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर कथित तौर पर मारपीट की गई थी। जब अमेरिका और यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्थाएं गिर रही थीं और चीन की अर्थव्यवस्था मंद हो रही थी, तब भारत को चमकते सितारे और आशा की किरण के रूप में देखा गया था, जिसकी अर्थव्यवस्था 11वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई थी। भारद्वाज के लिए वोट मांगते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करके, भारत तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दवा की बिक्री में दूसरे और खिलौनों का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है और मोबाइल फोन भी भारत में बनते हैं। नड्डा ने कहा मैंने पिछले साल मानसून आपदा के दौरान तीन बार राज्य का दौरा किया था और केंद्र सरकार ने पीड़ितों के लिए 11,000 घरों और 2700 किलोमीटर सड़कों के निर्माण के लिए 1,782 करोड़ रुपये की राशि दी थी। उन्होंने पूछा कि क्या सड़कें और मकान राज्य सरकार ने बनाये हैं। नड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया था।

# बिश्केक में हिंसा : विदेश मंत्रालय ने दी भारतीय छात्रों को घरों में रहने की सलाह

नयी दिल्ली। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में स्थानीय लोगों और विदेशियों के बीच कथित झड़प के मद्देनजर भारत ने वहां रह रहे भारतीय छात्रों को अपने घरों के अंदर ही रहने की शनिवार को सलाह दी।

इस मध्य एशियाई देश में स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वह भारतीय छात्रों के संपर्क में है और स्थिति अब शांत है। मिशन ने शहर में रह रहे भारतीय छात्रों को घर के अंदर रहने का परामर्श दिया है। किर्गिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बिश्केक की स्थिति के बारे में विनाशकारी ताकतें जानबूझकर असत्य और गलत जानकारी फैला रही हैं। उसने कहा कि शहर में स्थिति शांत और पूर्ण नियंत्रण में है, तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। किर्गिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, इसलिए, संचार मीडिया के



प्रतिनिधियों, ब्लॉगर समुदाय के साथ-साथ विदेशी सहयोगियों से अपील है कि वे केवल सक्षम निकायों की आधिकारिक और पुष्ट जानकारी का उपयोग करें। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिश्केक में भारतीय छात्रों के कुशल-क्षेम पर नजर रखी जा रही है। अब स्थिति शांत बताई जा रही है। मैं छात्रों को दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह देता हूं। भारतीय दूतावास ने कहा, हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं।

## संक्षेप

### चिनूक गायब होने की खबरें झूठी : मंत्रालय

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को उन खबरों को खारिज कर दिया कि 2020 में रक्षा प्रदर्शनी (डेफएक्सपो) में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा लगाया गया चिनूक हेलीकॉप्टर का एक मॉडल गायब हो गया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने कहा कि डीआरडीओ ने कभी भी लखनऊमें हेलीकॉप्टर का कोई मॉडल नहीं लगाया। उन्होंने एक संक्षिप्त बयान में कहा, डेफएक्सपो 2020 के दौरान लखनऊमें डीआरडीओ द्वारा लगाये गये चिनूक हेलीकॉप्टर के मॉडल के गायब होने की खबर भ्रामक है। बाबू ने कहा, चिनूक बोइंग द्वारा बनाया गया है और डीआरडीओ ने कभी भी लखनऊमें हेलीकॉप्टर का कोई मॉडल नहीं लगाया है। डेफएक्सपो 2020 के आयोजन के दौरान कोई भी उत्पाद या मॉडल गायब नहीं हुआ।

### उप्र गैंगस्टर अधिनियम के तहज दर्ज मामले पर होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमति जतायी है, जिसमें उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आरोपपत्र एवं कार्यवाही को खारिज करने का अनुरोध अस्वीकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता राज खान की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। खान के खिलाफ पीलीभीत जिले में उप्र गैंगस्टर अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। खान ने अपनी वकील तन्वी दुबे के मार्फत यह याचिका उच्चतम न्यायालय में दायर की है। उसमें कहा गया है, सीआरपीसी की धारा 482 के तहत याचिकाकर्ता के आवेदन को खारिज करने का उच्च न्यायालय का आदेश याचिकाकर्ता के लिए बहुत कठिनाई एवं नाइंसाफी पैदा कर रहा है, क्योंकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त जीवन की उनकी स्वतंत्रता एव निजी स्वतंत्रता बाधित हुई है।

### कैमरा मास्टर टेक्नो कैमॉन 30 सीरीज लॉन्च

नई दिल्ली। टेक्नो लेकर आ रहा है स्मार्टफोन फोटोग्राफी में क्राँति! इसने हाल ही में कैमॉन 30 सीरीज लॉन्च की है। यह बहुप्रतीक्षित लाइनअप एक प्रीमियम और क्लासिक डिजाइन और कैमरा की सबसे शानदार टेक्नोलॉजी से लैस है। इसे यूजर्स के फोटोग्राफी गेम के अनुभव को सबसे बेहतर बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है, जिसमें 50 मेगा पिक्सेल ऑटो फोकस फ्रंट कैमरा, सुपर नाइट मोड और एआई मैजिक के साथ भारत का पहला 100 मेगा पिक्सेल ऑप्टिकल इमेज स्टैबिलाइजेशन मोड जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। कैमॉन 30 सीरीज के साथ, टेक्नो यूजर्स को वह देखने के अवसर देता है, ञजो पहले कभी नहीं देखा गया है। यह सीरीज 23 मई से भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होगी।

# पुरुष-प्रधान ट्रेडों में महिलाएं ले रही है भाग

एजेंसी

नई दिल्ली। नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में 15 से 19 मई 2024 तक चलने वाली इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2024 में उन ट्रेडों में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि देखी गई है, जिन पर पहले पुरुषों का वर्चस्व था। महिला प्रतिभागी अपने पुरुष समकक्षों के साथ सीधे मुकाबला कर रही हैं। वे बहुत जोश और उत्साह दिखा रही हैं। वे साबित कर रही हैं कि कौशल और प्रतिभा, जेन्डर से बाधित नहीं होती है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के केंद्र के विजन के अनुरूप है। इस साल, इंडिया स्किल्स में 30 से ज्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 61 कौशल और 400 से ज्यादा उद्योग विशेषज्ञों के 900 से ज्यादा उम्मीदवार हिस्सा ले रहे हैं। लॉजिस्टिक्स और फ्रेट फॉरवर्डिंग, वेब टेक्नोलॉजी, विजुअल मर्चेंडाइजिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, ग्राफिक डिजाइन टेक्नोलॉजी, पेंटिंग और डेकोरेटिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन, इंडस्ट्रियल डिजाइन टेक्नोलॉजी और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे ट्रेड में 170 से ज्यादा महिलाएँ हिस्सा ले रही हैं। यह प्रतियोगिता समान अवसर प्रदान करने के लिए एक मंच भी प्रदान कर रही है।

# नीट परीक्षा का प्रश्न पत्र हल करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए प्रश्नपत्र हल करने वाला गिरोह चलाने के आरोप में एमबीबीएस के दो छात्रों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक यह मामला पांच मई को तब सामने आया, जब तिलक मार्ग इलाके में स्थित भारतीय विद्या भवन के मेहता विद्यालय में नीट परीक्षा के दौरान एक छात्र के बायोमेट्रिक आंकड़े मेल नहीं खाए। नयी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने कहा कि दो फर्जी छात्र सुमित मंडोलिया और कृष्ण केसरवानी को परीक्षा केंद्र से पकड़ा गया। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, अपराध की गंभीरता को देखते हुए मामला नयी दिल्ली जिले के विशेष प्रकोष्ठ को स्थानांतरित कर दिया गया और जांच करने के लिए निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पूछताछ के दौरान सुमित मंडोलिया और कृष्ण केसरवानी ने अपने आकाओं - प्रभात कुमार (27) और किशोर लाल (37) के नामों का खुलासा किया, जिन्हें शुक्रवार को नोएडा के एक होटल से पकड़ा गया था। सुमित और कृष्ण दोनों ही एमबीबीएस के छात्र हैं।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रभात कुमार और किशोरी लाल क्रमशः राजस्थान और बिहार के रहने वाले हैं। प्रभात और किशोरी दोनों ही मेडिकल कॉलेज प्रवेश सलाहकार के रूप में काम करते हैं। ये लोग नीट परीक्षा के लिए फर्जी छात्र उपलब्ध कराने के लिए उम्मीदवारों से 20 से 25 लाख रुपये की राशि लेते थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे आवेदन फॉर्म पर चिपकाने के लिए डिजिटल रूप से एक और फोटो बनाने के लिए फर्जी और मूल छात्रों की तस्वीरों को भी मिलाते थे। इससे उन्हें परीक्षकों को गुमराह करने में मदद मिलती थी। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मंडोलिया और केसरवानी क्रमशः राजस्थान और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं और अलग-अलग कॉलेजों से एमबीबीएस के छात्र हैं। उन्होंने बताया कि मंडोलिया पश्चिम बंगाल के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र है, जबकि केसरवानी उत्तराखंड के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और एक कार बरामद की है।

# हौसलों की उड़ान समाज के लिए प्रेरणा बनी मृझिता

नई दिल्ली। ये कदम जब चल दिए मंजिल पाने की ओर, तो फिर रास्तों की मुश्किलों की किसको परवाह ! असम के लखीमपुर की रहने वाली मृझिता देवली की बस यही कहानी है। लोगों को सुन्दर बनाने का ख्वाब लेकर अपने जीवन में कुछ नया करने वाली मृदमिता ने कॉस्मेटोलॉजी स्किल्स में सभी को प्रभावित किया है। 12वीं पास मृझिता आज आईटीआई की पढ़ाई करते हुए अपने सपनों को साकार करने की दिशा में निरन्तर आगे बढ़ रही है। आज मृझिता अपने कठिन परिश्रम और



लगन से सुनहरे भविष्य का निर्माण करते हुए इंडियास्किल्स के मंच तक आ पहुँची है। पिताजी की प्रेरणा ने मृझिता के अन्दर एक नया जोश और जज्बा पैदा किया है। इसी का परिणाम है कि आज मृझिता अपने परिवार और जिले का नाम रोशन कर रही हैं। मृझिता का सपना था कि वह युवाओं को स्टाइलिश बनाए ताकि अन्य लोग देखकर उसके काम से प्रभावित हों। आज मृदमिता कॉस्मेटोलॉजी सेक्टर में अलग-अलग ब्यूटी थेरपी के जरिए चेहरे, बालों और पूरे शरीर को खूबसूरत बना रही हैं।

# विशेष कारोबारी सत्र में सेंसेक्स, निफ्टी में तेजी

एजेंसी

मुंबई। विदेशी पूंजी के ताजा निवेश के बीच घरेलू शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शनिवार को एक विशेष कारोबारी सत्र के शुरुआती कारोबार में बढ़त दर्ज की गई। विशेष कारोबारी सत्र के शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 158.01 अंक चढ़कर 74,075.04 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 53.75 अंक बढ़कर 22,519.85 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, नेस्ले, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और टाटा स्टील में बढ़त दर्ज की गई। इसके उलट जेएसडब्ल्यू स्टील और एक्सिस बैंक के




शेयरों में गिरावट का रुख रहा। अमेरिका के अधिकांश शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों की निरंतर निकासी के बाद शुक्रवार को खरीदार बन गए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 1,616.79 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीद की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा अमेरिकी डाऊजोन्स के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से इक्विटी बाजारों को वैश्विक समर्थन मिलता रहेगा। अब एफआईआई भी खरीदार बन गए हैं और इससे बाजार पर दबाव कम हुआ है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत चढ़कर 83.98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 253.31 अंक चढ़कर 73,917.03 और एनएसई निफ्टी 62.25 अंक बढ़कर 22,466.10 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई ने सात मई को कहा था कि वह अपने प्राथमिक मंच पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने की अपनी तैयारियों को जांचने के लिए 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष ट्रेडिंग सत्र आयोजित करेगा।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ आईडीएफसी के विलय को मंजूरी दी

नयी दिल्ली। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरधारकों और गैर-परिवर्तनीय ऋण पत्र (एनसीडी) धारकों ने मूल कंपनी आईडीएफसी लिमिटेड के बैंक के साथ विलय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने इस विलय योजना पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए 17 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंस और अन्य ध्वनि-दृश्य माध्यमों के जरिए एक बैठक बुलाई थी। बैंक के बोर्ड ने एनसीएलटी को विलय के प्रस्ताव पर मतदान के नतीजे से सूचित किया। उन्होंने बताया कि विलय योजना के पक्ष में 99.95 वोट पड़े।

# अंतरिक्ष क्षेत्र की एफडीआई मानदंडों में ढील

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों में ढील दी है और इस बात की संभावना है कि नयी सरकार के सत्ता में आने पर कुछ अन्य क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों में राहत दी जा सकती है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नीति को उदार बनाया है। उन्होंने कहा कि भारत की नीतियां दुनिया में सबसे उदार एफडीआई नीतियों में से एक हैं और वास्तव में यह कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में अधिक उदार है। सिंह ने यहां सीआईआई के



वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाया गया था और इस बात की बहुत संभावना है कि नयी सरकार के तहत, हम जो भी क्षेत्र बचे हैं और जहां कुछ उदारीकरण संभव है, वहां इसके लिए प्रयास कर सकते हैं। देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और मतगणना चार जून को होनी है।

## पेज एक का शेष

### देश की जनता

पास मुद्दों का काल है जब भी उनकी सरकार रही है। देश और जनता के लिए जो भी किया जानना चाहिए या नहीं कर पाए इसीलिए उनकी कोशिश रहती है कि जनता की आंखों में धूल झोंक मैं आपको बहुत दिन याद दिलाना चाहता हूं, पं. जवाहरलाल नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री थे उन्होंने भी कहा था कि मैं भारत की गरीबी को समाप्त करूंगा इंदिरा गांधी भी प्रधानमंत्री बनी। उन्होंने कहा कि मैं भारत की गरीबी समाप्त करूंगी राजीव गांधी ने भी कहा मनमोहन ने भी कहा लेकिन आंकड़े इस बात की साक्षी है आजाद भारत के इतिहास में 8 वर्षों के अंदर 25 करोड़ लोगों से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर चढ़ने का काम हमें किसने किया है तो हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने किया है आर्थिक स्थिति सही करने काम किसी सरकार ने किया है तो मोदी की सरकार ने किया है। मैं आपको विश्वास देना चाहता हूं 10 से लेकर 12 वर्ष का समय लगेगा विज्ञान का छात्र रहा हूं गणित का छात्र रहा हूं और सारी चीजों को सही से कैलकुलेट करने के बाद बोल रहा हूं इस भारत की जनता 140 करोड़ है। इस देश में गरीब नहीं रहेगा। हमारी सरकार ने अगला टर्म 5 साल का होगा उसमें हम हिंदुस्तान की माता और बहनों को संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत का आरक्षण देंगे। देश का भविष्य आपके हाथों में है और लखनऊ के लोग बड़े जागरूक हैं। जो विकास कार्य यहां हुए हैं, हमने कोई एहसान नहीं किया आपने हमें चुनकर भेजा हमारे अंदर जितनी क्षमता थी हमने करने का पूरा प्रयास किया। सभी पार्कों में जिम की व्यवस्था होगी। लखनऊ वाले मेरी बात सुने, विश्व के टॉप 10 सिटी में हमारा लखनऊ आ चुका है और हमारी कोशिश है कि लखनऊ को दुनिया के पांच टॉप शहरों में हमारा लखनऊ हो।

### भाजपा की

में हो रहे चुनाव के छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा। रैली में उपस्थित लोगों में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर, अंबाला और कुरुक्षेत्र सीट से पार्टी उम्मीदवार क्रमशः बंतो कटारिया और नवीन जिंदल शामिल थे। इससे पहले मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को कटारिया की पुण्य तिथि थी, जिन्होंने लोकसभा में अंबाला का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी पत्नी बंतो कटारिया इस बार अंबाला सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं।

### पांचवां चरण

में हैं। भाजपा नेता के सामने सपा ने रविदास मेहरोत्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है। मंत्री रह चुके मेहरोत्रा फिलहाल लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से सपा के विधायक हैं। बसपा ने लखनऊ में सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। 2019 लोकसभा चुनाव में सीट पर भाजपा से राजनाथ सिंह जीते थे। 2019 में लखनऊ सीट पर 54.78% मतदान दर्ज किया गया था।

राहुल गांधी : उत्तर प्रदेश की जिन सीटों की सबसे ज्यादा चर्चा होती है, उनमें से एक रायबरेली लोकसभा सीट भी है। ये राज्य की इकलौती सीट है जहां 2019 में कांग्रेस को जीत मिली थी। तब सोनिया गांधी यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची थीं। सोनिया अब राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। कांग्रेस ने काफी इंतजार के बाद रायबरेली से राहुल गांधी को चुनाव मैदान उतारा है। भाजपा ने यहां दिनेश प्रताप सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। एमएलसी दिनेश प्रताप फिलहाल योगी सरकार में मंत्री हैं। 2019 में रायबरेली सीट पर कांग्रेस की तरफ से सोनिया गांधी ने भाजपा के दिनेश प्रताप को हराया था। पिछले चुनाव में यहां 54.08% मतदान हुआ था। स्मृति ईरानी : केंद्रीय मंत्री और अमेठी की मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर यहां से मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस ने नामांकन के आखिरी दिन गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को उम्मीदवार बनाया। बसपा ने यहां नन्हे सिंह चौहान को अपना उम्मीदवार बनाया है। 2019 में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को शिकस्त दी थी।

### मतदान स्थल

की 14 लोकसभा क्षेत्रों में मोहनलालगंज (अ.जा.), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अ.जा.), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अ.जा.), बाराबंकी (अ.जा.), फैजाबाद, कैसरगंज, गोण्डा लोकसभा सीट प्रदेश के 21 जनपद लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच तथा बलरामपुर में आते हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ जनपद में आता है। उन्होंने बताया कि पांचवे चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं पोलिंग बूथ पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है।

### यूपी में 14

हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (आरक्षित), बाराबंकी (आरक्षित), फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा लोकसभा सीटें आती हैं। इसमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सभी सीटों के लिए शनिवार शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। रिणवा ने बताया कि पांचवे चरण के इन सभी लोकसभा वांचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, लखनऊ जिले की लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### अरविंद केजरीवाल

गुना ज्यादा नेता पैदा करेगा। उन्होंने दावा किया कि आप की गलती यह थी कि दिल्ली में उसकी सरकार ने अच्छे स्कूल बनाए, मोहल्ला क्लीनिक स्थापित किए, मुफ्त इलाज मुहैया कराया और शहर में 24 घंटे मुफ्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की, जो भाजपा नहीं कर सकी। कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें आम चुनाव के आखिरी चरण के मतदान के एक दिन बाद दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा और वापस जेल जाना होगा।

### कांग्रेस में

कांग्रेस मुसलमानों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय का आरक्षण देना चाहती है। उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा, विरासत कर औरंगजेब द्वारा लगाए गए जजिया कर की तरह है। औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस के अंदर प्रवेश कर गई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के सहयोगियों के लिए चुनाव जीतना देश को लूटने का एक माध्यम है, लेकिन भाजपा के लिए यह भारत को एक मजबूत ताकत बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद दुनिया में भारत का कद बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले सीमाएं असुरक्षित थीं और घुसपैठ करने और आतंकवादियों द्वारा विस्फोट किये जाने की घटनाए होती थीं। आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 से पूर्व में हर हिंदू त्योहार से पहले दंगे होते थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान राम यह सुनिश्चित करेंगे कि विपक्षी गठबंधन अयोध्या में उनके मंदिर को नष्ट करने के लिए सत्ता में न आए।

### हिन्दुस्तान

बनाए केक, ऐसा लगता है जैसे सब कल की ही बात हो। राहुल गांधी ने कहा बचपन से हमारा राजनीति से गहरा रिश्ता रहा है, पर राजनीति कभी हमारे रिश्तों के बीच नहीं आई। उन्होंने वीडियो में कहा हिन्दुस्तान को प्रगति देने और दिशा देने में रायबरेली की एक बहुत बड़ी भूमिका है। रायबरेली वर्षों से उत्तर प्रदेश का राजनीतिक और वैचारिक केंद्र रहा है। रायबरेली ने आजादी की लड़ाई में रास्ता दिखाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा आज रायबरेली की यह भूमिका होनी चाहिए कि वह पहले उत्तर प्रदेश को प्रगति और विकास का रास्ता दिखाए और फिर उत्तर प्रदेश हिन्दुस्तान को प्रगति और विकास का रास्ता दिखाए। रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है।

### चार जून के

गई, उसे कैसे वापस लिया जा सकता है। पेपर लीक नहीं हुए, सरकार ने कराए हैं। कहीं, नौजवानों को नौकरी देनी न पड़ जाए। यह सरकार जानती है, अगर सरकारी नौकरी देंगे तो आरक्षण देना पड़ेगा। पीडीए की सरकार आई तो नौजवानों को उनका हक देंगे। आज नौजवानों के सामने कोई नौकरी का रास्ता नहीं बचा। जब कभी नौकरी की परीक्षा हुई तो पेपर लीक हो गया। भाजपा ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे। किसी किसान की आय बढ़ी क्या? इन्होंने केवल महंगाई बढ़ाई और खाद की बोरी से 10 किलो की चोरी की। बड़े-बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर भाग गए थे। इस सरकार में परीक्षाएं रद्द हुईं। इस बार आंसुओं का पानी खतरे के निशान ऊपर बह रहा है।

### लोस चुनाव

प्रतिभा ने रनौत को 'परी' करार देते हुए कहा है कि लोग केवल उन्हें देखने आते हैं। प्रतिभा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कि कंगना की मां आशा रनौत ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता 'ये हुस्न परी है', और 'ये क्या चीज है' जैसी टिप्पणियां कर रही हैं और यह भूल गई हैं कि उनके घर में भी बेटियां हैं। उन्होंने कहा, 'एक मां होने के नाते मुझे दुख होता है और मुझे लगता है कि ऐसी टिप्पणियों से अन्य मांएं भी दुखी हो रही हैं।'

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को 'काले नाग' और 'बिकाऊ' करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी 'बिकाऊ बनाम टिकाऊ' के नारे का इस्तेमाल किया था।

बीजेपी नेता नवनीत राणा ने हैदराबाद में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अकबरुद्दीन ओवैसी के 15 मिनट के बयान पर 15 सेकेंड वाला बयान दिया था। नवनीत राणा ने कहा था कि अगर 15 सेकेंड के लिए ही पुलिस हटा ली जाए तो छोटे और बड़े को ये पता नहीं लगेगा कि कहां से आए और कहां को गए। उनके इस बयान पर जमकर विवाद हुआ था। असदुद्दीन ओवैसी ने नवनीत राणा के बयान पर पलटवार किया था। उन्होंने कहा था कि 15 सेकेंड क्या 15 घंटे ले लीजिए...डरता कौन है, हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी से कहकर 15 दिन ले लीजिए।

### यूपी में भीषण

हो और अपने आप को पूरी तरह से ढक कर चलें। इसके साथ ही जहां जाएं तो अपने साथ पानी की बोतल जरूर लेकर घर से बाहर निकलें। इसमें बच्चों को विशेष रूप से ध्यान रखने की आवश्यकता है। गर्मी ने शहर के लोगों को बेहाल कर दिया है। लगातार तापमान 40 के ऊपर जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया। रेगिस्तानी इलाकों से हो कर आ रही पछुआ बेहद गर्म है। इसका असर लखनऊ समेत अन्य जिलों पर पड़ रहा है। हवा में नमी की मात्रा न्यूनतम 26 पर आ गई है। ऐसे में शुष्क और गर्म हवा धूप की तपिश को और बढ़ा रही है।




## संक्षेप

### इटालियन ओपन फाइनल में ज्वेरेव का सामना जेरी से

रोम। पांचवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चिली के अलेजांद्रो ताबिलो को।.6, 7.6, 6.2 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में उनका सामना चिली के ही निकोलस जेरी से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6.3, 6.7, 6.3 से हराया। रोम में ज्वेरेव का यह तीसरा फाइनल है। उन्होंने 2017 में नोवाक जोकोविच को हराकर पहला मास्टर्स सीरिज खिताब जीता था। इसके एक साल बाद वह रफेल नडाल से हार गए। महिला फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा।

### प्राणवी, दीक्षा व त्वेसा ने जर्मन मास्टर्स में कट किये हासिल

ब्रेंडेनबर्ग (जर्मनी)। प्रणवी उर्स, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में कट में जगह बनाने में सफल रहीं। प्रणवी और दीक्षा ने दूसरे दौर में एक-ओवर 73 का कार्ड खेला। दो दौर के खेल के बाद दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर है। त्वेसा (77) पांच ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। टूर्नामेंट में भाग ले रही चार अन्य भारतीयों में से स्नेहा सिंह (75) एक शॉट से, वाणी कपूर (77) तीन शॉट से और अमनदीप द्राल (78) पांच शॉट से कट में जगह बनाने से चूक गयी। अवनि प्रशांत दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबले से हट गयी। कट का स्कोर पांच ओवर का रहा जिसमें 66 खिलाड़ी जगह बनाने में सफल रहीं।

### अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका : रोहित

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में वह अपने मानदंडों के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर सके लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा माथापच्ची करने की बजाय सकारात्मक सोच के साथ गलतियों पर काम करने पर फोकस किया। पांच बार के आईपीएल चैम्पियन कप्तान रोहित आईपीएल के इस सत्र में दूसरे चरण में छह मैचों में 20 रन से अधिक की पारी नहीं खेल सके। उन्होंने जियो सिनेमा मैच सेंटर लाइव पर कहा, एक बल्लेबाज के तौर पर मैं जानता हूं कि अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका लेकिन इतने साल खेलने के बाद मुझे इतना पता है कि जरूरत से ज्यादा सोचूंगा तो अच्छा नहीं खेल पाऊंगा। उन्होंने लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 38 गेंद में 68 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। रोहित ने कहा, मैं सकारात्मक रहने की कोशिश करता हूं। अभ्यास करता रहता हूं और अपनी गलतियों पर काम करता हूं। हमारा यह सत्र अच्छा नहीं रहा और इसके लिये हम ही कसूरवार हैं क्योंकि हमने काफी गलतियां की। हमने ऐसे मैच गंवाये जो जीतने चाहिये थे लेकिन आईपीएल में ऐसा ही होता है। आपको मौके कम मिलते हैं और जो मिलते हैं तो उन्हें गंवाना नहीं चाहिये। भारतीय कप्तान ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप की 70 प्रतिशत टीम आईपीएल के पहले ही तय कर ली गई थी।

### टी20 विश्व कप : भारतीय खिलाड़ी 25 मई को होंगे न्यूयॉर्क रवाना

नयी दिल्ली। भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी20 विश्व कप के लिये 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जायेंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ज्षभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा। उन्होंने कहा, पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच (एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ) खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जायेगा।

# चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में पहुंची आरसीबी

एजेंसी



बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2024) में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हरा दिया। इस जीत से आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह बना ली। टीम ने लीग स्टेज में लगातार 6 मैच जीते। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने 5 विकेट के नुकसान पर 218 रन बनाए। उरङ 7 विकेट खोकर 191 रन ही बना सकी। एमएस धोनी, शार्दूल ठाकुर और रवींद्र जडेजा आखिरी ओवर में 7 रन ही बना सके। चेन्नई को छठा विकेट मिचेल सैंटनर के रूप में लगा। मोहम्मद सिराज ने सैंटनर को फाफ डु प्लेसिस के हाथों कैच कराया। डु प्लेसिस ने मिड-ऑफ पर एक हाथ से शानदार कैच फकड़ा। सैंटनर ने 4 बॉल पर 3 रन बनाए।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 68वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 219 रन का टारगेट दिया है। चेन्नई ने बेंगलुरु के होम ग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। बेंगलुरु ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 218 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 39 बॉल पर 54 रन की पारी खेली। उनके अलावा विराट कोहली 47 और रजत पाटीदार ने 41 रन बनाए। चेन्नई की और से शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। मिचेल सैंटनर और तुषार देशपांडे को 1-1 विकेट मिला। सैंटनर ने फाफ डु प्लेसिस को रन आउट किया। आज के मुकाबले में सीएसके और आरसीबी के पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है। उरङ जीतती हैं तो प्ले ऑफ में आसानी से पहुंच जाएगी। वहीं सीएसके को कम से कम 18 रनों से जीतना होगा। यदि आरसीबी 17 रन या उससे कम अंतर से जीतती है, तो कम नेट रन रेट के आधार पर बाहर हो जाएगी। शार्दूल ठाकुर ने रजत पाटीदार को आउट कर चेन्नई को तीसरी सफलता दिलाई। 18वें ओवर की चौथी बॉल पर शार्दूल ने पाटीदार को लॉन्ग-ऑन पर डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। बेंगलुरु को दूसरा झटका 13वें ओवर में लगा। मिचेल सैंटनर ने फाफ डु प्लेसिस को रन आउट किया। डु प्लेसिस ने 54 रन की पारी खेली। डु प्लेसिस ने सीजन की चौथी और आईपीएल की 37वीं फिफ्टी लगाई।

बेंगलुरु को पहला झटका 10वें ओवर में लगा। मिचेल सैंटनर ने विराट कोहली (47) को लॉन्ग-ऑन पर डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। कोहली और फाफ डु प्लेसिस के बीच 78 रन की साझेदारी हुई। बेंगलुरु ने पहले 6 ओवर में 42 रन बनाए। टीम ने इस दौरान एक भी विकेट नहीं गंवाया। इस दौरान विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस क्रीज पर मौजूद रहें। बारिश बंद होने के बाद मैच फिर शुरू हो गया है। फिलहाल ओवर्स में कटौती नहीं की गई है। बेंगलुरु और चेन्नई मैच बारिश की वजह से रुका हुआ है। बेंगलुरु की पारी में 3 ओवर डालने के बाद बारिश शुरू हो गई। कोहली और डु प्लेसिस नाबाद हैं। फउइ का स्कोर 31/0 है। बेंगलुरु के खिलाफ चेन्नई ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। टीम ने इंग्लैंड लौट चुके मोईन अली की जगह मिचेल सैंटनर को मौका दिया है। हेड टु हेड में चेन्नई, बेंगलुरु पर भारी है। दोनों के बीच अब तक 32 आईपीएल मैच खेले गए हैं। इनमें से 11 मैच बेंगलुरु और 21 चेन्नई ने जीते। जबकि एक मैच का रिजल्ट नहीं निकल सका। वहीं, दोनों टीमें चिन्नास्वामी स्टेडियम में 10 बार भिड़ीं, जिसमें 5 मैच चेन्नई ने और 4 मैच बेंगलुरु ने जीते, एक मैच बेनतीजा रहा। आरसीबी टीम के बल्लेबाज शानदार फॉर्म में हैं। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान फाफ डु प्लेसिस, दिनेश कार्तिक और रजत पाटीदार ने 300 से ज्यादा रन बनाए।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन के फाइनल में




बैंकॉक। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग ने सुपर 500 स्तर के टूर्नामेंट में पहली बार सफलता का स्वाद थाईलैंड ओपन में ही चखा था। यह जोड़ी पांच साल पहले 2019 में यह चैम्पियन बनीं थी। सात्विक ने कहा, यह हमारे लिए अच्छा टूर्नामेंट साबित हो रहा है। हम लय वापस पाने के लिए और अधिक टूर्नामेंट खेलना चाहते थे।

हम हमेशा थाईलैंड में खेलना पसंद करते हैं। इस जगह से एक विशेष लगाव है। हमने अपना पहला पदक यहीं जीता था, हमने यहां थॉमस कप जीता, और अब एक बार फिर फाइनल में है, यह वास्तव में आश्चर्यजनक है। चिराग ने कहा, हम टूर्नामेंट में आखिरी दौर तक खेलना चाहते थे और हम लगातार जीत रहे हैं लेकिन अभी एक दिन और बचा है, इसलिए हम कल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मौजूदा सत्र में यह भारतीय जोड़ी चौथी बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर स्पर्धा के टूर्नामेंट में फाइनल में पहुंची है।

# सिफत, नीरज ने ओलंपिक चयन ट्रायल में जीत दर्ज की

भोपाल। सिफत कौर सामरा ने ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा तीसरी बार जीत ली जबकि नीरज कुमार ने पुरूष वर्ग में दूसरी बार जीत दर्ज की। सिफत ने महिलाओं की थ्री पोजिशंस ट्रायल 4 में 461.3 स्कोर करके निच्छल को एक अंक से हराया। वहीं आशी चौकसी तीसरे, श्रियांका साडंगी चौथे और अंजुम मोदि्गल पांचवें स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में नीरज ने 462.9 स्कोर करके पहला स्थान हासिल की। चैन सिंह दूसरे, ऐश्वर्य तोमर तीसरे, स्वप्निल कुसाले चौथे और अखिल श्योराण पांचवें स्थान पर रहे। चार ट्रायल में तीन जीतकर सिफत इस वर्ग में शीर्ष रही जबकि अंजुम दूसरे स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में ऐश्वर्य तोमर और कुसाले पहले दो स्थान पर रहे। पुरूष और महिला वर्ग के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल ट्रायल 4 भी शनिवार को हुए। पुरूष वर्ग में श्री कार्तिक राज शीर्ष रहे तो महिला वर्ग में रमिता जिंदल ने बाजी मारी। पिस्टल वर्ग में मनु भाकर शीर्ष रही जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत सिंह ने पहला स्थान हासिल किया। अब चार दौर के बाद मनु और रिदम सांगवान शीर्ष दो स्थानों पर है जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत और अर्जुन सिंह चीमा पहले दूसरे स्थान पर हैं।



# पंजाब के खिलाफ जीत दर्ज कर सनराइजर्स की नजरें अंक पर

एजेंसी




हैदराबाद। पिछले तीन साल में पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को यहां जब लीग चरण के अपने अंतिम मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर होगी। आईपीएल के पिछले तीन सत्र में अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही सनराइजर्स की टीम ने इस साल अति-आक्रामक बल्लेबाजी दृष्टिकोण और बेहतरीन गेंदबाजी के साथ खुद को खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित किया है।

टीम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश से धुल जाने के बाद अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। सनराइजर्स अभी 13 मैचों में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है। पंजाब किंग्स को हराने के बाद टीम 17 अंक तक पहुंच सकती है। रविवार को खेले जाने वाले एक अन्य मैच में अगर संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम कोलकाता (केकेआर) नाइट राइडर्स को हराने में सफल रही तो उसके 18 अंक हो जायेंगे और टीम दूसरे स्थान पर पहुंच जायेगी। केकेआर का शीर्ष दो स्थान में रहना पक्का है। सनराइजर्स पिछले छह मैचों में सिर्फ दो में जीत दर्ज करने में सफल रही। उसे तीन में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। टीम के हौसले हालांकि इस बात से बुलंद होगे की गुजरात के खिलाफ बारिश के कारण मैच धुलने से पहले उसमे लखनऊ सुपरजायंट्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा शानदार लय में है और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से विरोधी गेंदबाजों में खौफ पैदा करने में सफल रहे हैं। इसमें हेड ज्यादा आक्रामक रहे है। उनके नाम 11 मैचों में 201.89 की शानदार स्ट्राइक रेट से 533 रन हैं। मौजूदा सत्र में वह विराट कोहली (661 रन) और रुतुराज गायकवाड़ (583 रन) के बाद तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है। सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों का ऐसा दबदबा रहा है कि मध्यक्रम को दबाव का सामना करने का ज्यादा मौका नहीं मिला है। विकेटकीपर हेनरिच क्लासेन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से टीम की परेशानी बढ़ी है लेकिन पिछले कुछ मैचों में नीतिश कुमार रेड्डे ने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कप्तान पैट कमिंस, अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और टी नटराजन की मौजूदगी में टीम के पास तेज गेंदबाजी में शानदार विकल्प है। अंतिम चार में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद पंजाब किंग्स के लिए यह मौका खुद को साबित करने का होगा। टीम को इस मैच में कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन के साथ इंग्लैंड के खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेंगी। कुरेन ने राजस्थान रॉयल्स पर पांच विकेट की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई थी। कुरेन के स्वदेश लौटने के विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा सत्र के अपने अंतिम मैच में पंजाब किंग्स का नेतृत्व करेंगे। जितेश के लिए यह फ्रेंचाइजियों पर प्रभाव छोड़ने का मौका हो सकता है, जो अगले साल के आईपीएल से पहले मेगा नीलामी के लिए तैयार हैं। टीमें: सनराइजर्स हैदराबादः अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), एडेन मारक्राम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स (विकेटकीपर), राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह, मयंक अग्रवाल।

### भारत का कोच बनना बेहद थकाऊ हो सकता है : लैंगर

मुंबई। भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और आस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर टाइमिंग सही नहीं हो तो यह काफी थकाऊकाम हो सकता है। आईपीएल के इस सत्र में लखनऊसुपर जाइंट्स के कोच रहे लैंगर से कई बार पूछा गया कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। लैंगर ने एक सवाल के जवाब में कहा, यह क्रिकेट का सबसे बड़ा काम है, भारतीय टीम का मुख्य कोच बनना। उन्होंने कहा, एक तो इतना अधिक क्रिकेट हो रहा है और दूसरा अपेक्षाओं का भारी दबाव। यह काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन रोमांचक भी होगा। उन्होंने कहा, इसके लिये टाइमिंग सही रहने की जरूरत है। मैं आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ करीब चार साल था। ह काफी थकाऊकाम है। उन्हेंने कहा, राहुल द्रविड़ भी यही कहेंगे और रवि शास्त्री भी यही कहेंगे। भारतीय टीम के लिये जीतने का दबाव बहुत ज्यादा है। उम्मीद है कि जो भी अगला कोच होगा, वह इसे लेकर काफी रोमांचित होगा। लैंगर ने आईपीएल के दबाव की तुलना विश्व कप से करते हुए कहा कि यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ घरेलू लीग है। उन्होंने कहा, यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ घरेलू टूर्नामेंट है। इतनी कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इतने अच्छे खिलाड़ी और टीमें हैं।

# केकेआर को हराकर दूसरा स्थान पक्का करना चाहेंगे रॉयल्स

एजेंसी




गुवाहाटी। राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी।

सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है। अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुलने से उसे एक अंक मिला। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिये कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिये गुवाहाटी जाना थकाऊरहा होगा और इससे उनकी लय पर असर पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि मेंटोर गौतम गंभीर की टीम इस लय को बरकरार रख पाती है या नहीं। उसके पास फॉर्म में चल रहा इंग्लैंड का सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट भी नहीं है जो पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये स्वदेश लौट चुके हैं।

केकेआर के दो सलामी बल्लेबाजों साल्ट और सुनील नारायण ने मिलकर इस सत्र में सात अर्धशतक और एक शतक समेत 182 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाये हैं। साल्ट की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज ले सकते हैं लेकिन मैदान पर उतरते ही साल्ट की तरह आक्रामक खेलने की उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती। इस सत्र में उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला है। केकेआर की बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल पर होगा। मैच में बारिश का भी पूर्वानुमान लगाया जा रहा है। टीमें : कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट। राजस्थान रॉयल्सः संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

### इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने बिगाड़ा खेल का संतुलन

बेंगलुरू। कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी। अब कोहली ने जियो सिनेमा से कहा, मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिये। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं। रोहित ने पॉडकास्ट में कहा, मैं इस नियम का मुरीद नहीं हूं। इससे हरफनमौलाओं पर विपरीत असर पड़ेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है, 12 का नहीं। आईपीएल के इस सत्र में आठ बार 250 रन से अधिक का स्कोर बना और कोहली गेंदबाजों का दर्द समझते हैं। उन्होंने कहा, गेंदबाजों को लग रहा है कि हम क्या करें। मैने कभी ऐसा नहीं देखा जब गेंदबाजों को लगता है कि वे हर गेंद पर चार या छह रन देंगे। हर टीम के पास बुमराह या राशिद खान तो है नहीं। उन्होंने कहा, एक अतिरिक्त बल्लेबाज के कारण पावरप्ले में मैं 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से खेल रहा हूं क्योंकि मुझे पता है कि आठवें नंबर पर भी एक बल्लेबाज है। मेरा मानना है कि शीर्ष स्तर पर क्रिकेट में इस तरह का दबदबा नहीं होना चाहिये।

# निकहत, मीनाक्षी ने स्वर्ण पदक जीता एलोरडा कप में भारत के नाम 12 पदक

एजेंसी



अस्ताना (कजाकिस्तान)। (भाषा) मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन और मीनाक्षी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय टीम ने शनिवार को यहां एलोरडा कप मुक्केबाजी में अपना अभियान अब तक के सर्वश्रेष्ठ 12 पदकों के साथ खत्म किया।

निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा, भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किये थे। निकहत (52 किग्रा) ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए कजाकिस्तान की जजीरा उराकबायेवा को 5-0 के स्कोर से हराकर अपने प्रभावशाली करियर में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। मीनाक्षी ने दिन की शानदार शुरुआत करते हुए महिलाओं के 48 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा सैदाहोन को 4-। से हराकर भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान रजत पदक के साथ समाप्त हुआ। अनामिका ने मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन चीन की वू यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें।-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनीषा को कजाकिस्तान की विक्टोरिया ग्राफीवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय पदक विजेताः स्वर्णः मीनाक्षी (48 किग्रा) और निकहत जरीन (52 किग्रा) रजतः अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) कांस्य (पुरुष): याइफाबा सिंह सोइबम (48 किग्रा), अभिषेक यादव (67 किग्रा), विशाल (86 किग्रा) और गौरव चौहान (92 किग्रा से अधिक) कांस्य (महिला): सोनू (63 किग्रा), मंजू बम्बोरिया (66 किग्रा), शलाखा सिंह संसनवाल (70 किग्रा) और मोनिका (81 किग्रा से अधिक)।

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम ने शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में ईरान के अमीन तबाताबाएई से ड्रा खेलकर संयुक्त बढ़त बरकरार रखी। चितंबरम के संभावित चार में से 3.5 अंक हैं और वह स्थानीय स्टार ए आर सलेह सलेम और अमेरिका के हंस मोके निमान के साथ संयुक्त बढ़त बनाये हैं। इस 52,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में अभी पांच दौर और खेले जाने हैं। शीर्ष वरीय और भारत के सातवीं रैंकिंग के अर्जुन एरिगेसी ने अर्मेनिया के मैनुअल पेट्रोसयान पर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

# यूपी में अब बनते हैं तोप के गोले

## योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद उत्तर प्रदेश में तेजी से हुआ विकास : अमित शाह

एजेंसी

ललितपुरा बांदा (उप्र)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि एक जमाना था कि उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनते थे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया और अब यहां तोप के गोले बनते हैं। शाह झांसी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।



शाह ने कहा, मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने और उत्तर प्रदेश के विकास की शुरुआत हुई। एक जमाना था जब उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनते थे लेकिन मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया और अब यहां तोप के गोले बनते हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने अगर कोई भी गलती की तो ये बुंदेलखंडी गोला पाकिस्तान पर गिरेगा और उसका सफाया कर देगा। शाह ने कहा, कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि पाकिस्तान को सम्मान दो, उसके पास एटम बम है, उनसे पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) मत मांगों। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि ये नरेन्द्र मोदी की सरकार है, हम एटम बम से नहीं डरते ,पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे। दरअसल हाल में एक वीडियो सार्वजनिक हुआ था जिसमें अय्यर यह कहते नजर आ रहे थे कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ जुड़ना चाहिए क्योंकि उसके पास भी परमाणु बम है। अय्यर ने वीडियो में कहा था कि अगर कोई पागल व्यक्ति वहां सत्ता में आता है और परमाणु बम का इस्तेमाल करता है तो यह अच्छा नहीं होगा और इसका असर यहां भी होगा। शाह ने दावा किया, चुनाव के चार चरण समाप्त हो चुके हैं। चार चरण में मोदी 270 सीट लेकर तीसरी सेंचुरी की ओर आगे बढ़ गए हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है। अब ये निश्चित हो गया है कि मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। बाद में बांदा में भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह पटेल के पक्ष मे एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ये चुनाव सांसद बनाने का नहीं है, ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और श्रीराम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है।

उन्होंने कहा अखिलेश, डिंपल, राहुल, सोनिया जी, सबको राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन ये लोग नहीं गए, क्योंकि ये अपने वोट बैंक से डरते हैं। इन लोगों ने वोट बैंक की राजनीति करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर हमला करते हुए गृह मंत्री ने कहा, जब पत्रकारों ने इंडी गठबंधन वालों से पूछा कि आपका प्रधानमंत्री प्रत्याशी कौन है? तो उन्होंने कहा, हम बारी बारी से बन जाएंगे।

# कॉलेजियम ने दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को गौहाटी हाईकोर्ट में स्थायी जज बनाने की सिफारिश की

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने गौहाटी उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए केंद्र से दो अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई भी शामिल हैं।



कॉलेजियम ने सिफारिश की कि न्यायमूर्ति राजेश सेखरी को 29 जुलाई, 2024 से एक साल के नए कार्यकाल के लिए जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए कॉलेजियम के एक प्रस्ताव में कहा गया है, कॉलेजियम यह सिफारिश करता है कि अतिरिक्त न्यायाधीशों- न्यायमूर्ति सुष्मिता फुकन खौंड और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया को मौजूदा रिक्तियों के मद्देनजर गौहाटी उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए। इसमें बताया गया कि गौहाटी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए इन दोनों न्यायाधीशों के नामों की एक अप्रैल को सर्वसम्मति से सिफारिश की थी। प्रस्ताव में कहा गया है, असम, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और असम, नगालैंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के राज्यपालों ने सिफारिश पर सहमति व्यक्त की है।

कॉलेजियम के 17 मई के प्रस्ताव में कहा गया है कि उसका मानना है कि न्यायमूर्ति खौंड और न्यायमूर्ति ठाकुरिया स्थायी न्यायाधीशों के तौर पर नियुक्ति के योग्य हैं। कॉलेजियम ने एक अन्य प्रस्ताव में कहा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने 23 अप्रैल को सिफारिश की थी कि न्यायमूर्ति राजेश सेखरी को नए कार्यकाल के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए।

संक्षेप

## पाक के पंजाब में एक ही परिवार के 13 की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर जाने से उसमें सवार पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेस्क्यू-1122 के मुताबिक, यह मिनी ट्रक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब के पेंच पीर इलाके में एक मोड़ पर मिनी ट्रक सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर गया। एक अधिकारी ने बताया, पांच बच्चों समेत 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। नौ घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति के कारण मिनी ट्रक के चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिस कारण यह हादसा हुआ। पंजाब की मुख्यमंत्री मरयम नवाज ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को घायलों को बेहतर उपचार सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया।

# केरल : आज और कल भारी बारिश का अनुमान, कई जिलों में रेड अलर्ट



एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को आने वाले दिनों में केरल में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है और 19 एवं 20 मई के लिए राज्य के कुछ जिलों में रेड अलर्ट जारी किया। आईएमडी ने 19 और 20 मई के लिए राज्य के पथनमथिट्टा, कोट्टयम और इडुक्की जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अतिरिक्त, उन दो दिनों के लिए तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने 21 मई के लिए नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया और कहा कि उनमें से कुछ में रेड अलर्ट के समान बारिश होने की आशंका है। यह भी पूर्वानुमान व्यक्त किया गया कि 19 से 22 मई के बीच केरल में एक या दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की आशंका है।

शनिवार के लिए, इसने पथनमथिट्टा, इडुक्की और मलप्पुरम जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया। रेड अलर्ट 24 घंटे में 20 सेमी से अधिक की भारी से अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट का मतलब बहुत भारी बारिश (छह सेमी से 20 सेमी) होता है। येलो अलर्ट का मतलब है छह से 11 सेमी के बीच भारी बारिश। आईएमडी ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में तेज पश्चिमी और दक्षिण पश्चिमी हवाओं की प्रबलता के कारण 18 से 20 मई के बीच राज्य में बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

# मोदी के राम मंदिर गिराने के बयान पर इंडिया गठबंधन की निंदा

एजेंसी

मुंबई। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधा कि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर पर बुलडोजर चला देगा।

विपक्ष के नेताओं ने कहा कि वे सभी नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि देश का संचालन संविधान के अनुसार हो। खरगे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे



(शिवसेना- यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने 20 मई को राज्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार अभियान के आखिरी दिन यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के इन आरोपों से जुड़े सवालों का जवाब दिया कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आ गया, तो वह राम मंदिर को ढहा देगा, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के लिए आरक्षण कम कर देगा और अनुच्छेद 370 को भी बहाल कर देगा। खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर उन बातों पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया, जो कांग्रेस कभी नहीं करेगी। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा करेगी, जबकि पवार ने कहा कि न केवल मंदिरों, बल्कि सभी धर्मों के पूजा स्थलों की रक्षा करना उनकी सरकार का कर्तव्य होगा। खरगे ने यह भी कहा कि संविधान में दिया गया आरक्षण कायम रहेगा। उन्होंने कहा, हमने कभी किसी पर बुलडोजर नहीं चलाया।

मोदी को उन चीजों को लेकर झूठ बोलने और लोगों को भड़काने की आदत है जो कांग्रेस कभी नहीं करेगी या जिन चीजों को लागू करना असंभव है। खरगे ने अनुच्छेद 370 पर उनकी पार्टी के रुख के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं मोदी के प्रति जवाबदेह नहीं हूं। हमने अपने घोषणापत्र में जो वादा किया है हम उसे पूरा करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, वह जहां भी जाते हैं, विभाजन करने की कोशिश करते हैं, समाज को बांटने की बात करते हैं।

## भारत, ब्रिटेन ने रोडमैप 2030 की व्यापक समीक्षा की

नयी दिल्ली। विदेश सचिव विनय क्वात्रा की दो दिवसीय लंदन यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन रोडमैप 2030 की व्यापक समीक्षा की गई। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों पक्ष व्यापार, रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमत हुए। भारत और ब्रिटेन के बीच विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के 16वें दौर में भाग लेने के लिए विदेश सचिव ने 16 से 17 मई तक लंदन का दौरा किया। भारत और ब्रिटेन ने व्यापार एवं अर्थव्यवस्था, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार करने के लिए 2021 में 10 वर्षीय रोडमैप अपनाया था।

# भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र बहुत कम : व्हाइटहाउस

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हुए शुक्रवार को कहा कि दुनिया में भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र बहुत कम हैं। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, विश्व में ऐसे देश अधिक नहीं है जहां भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र हो। हम मताधिकार का इस्तेमाल करने और सरकार चुनने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। किर्बी से भारत में जारी आम चुनावों को लेकर सवाल किया गया था जिनके तहत 96 करोड़ 90 लाख से अधिक लोग 2,660 पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों

# अफगानिस्तान में भारी बारिश, 50 की मौत

एजेंसी

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान के गोर प्रांत में भारी बारिश के कारण कई जगह पर अचानक बाढ़ आने से कम से कम 50 लोगों की मौत हुई है।

तालिबान के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक सूचनाओं पर आधारित है और यह बढ़ सकती है। गोर प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास ने कहा कि दर्जनों लोग लापता हैं। उन्होंने यह



भी कहा कि शुक्रवार की बाढ़ के बाद राजधानी फिरोज कोह समेत विभिन्न क्षेत्रों में हजारों मकानों व संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने और सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि के नष्ट होने से प्रांत को काफी वित्तीय नुकसान हुआ है।

## इंटरटेनमेंट...

# पहली बार कांस का हिस्सा बनीं कियारा आडवाणी

पहली बार एक्ट्रेस कियारा आडवाणी कांस इवेंट में शामिल हुईं। उन्होंने अपने कांस डेब्यू के लिए व्हाइट हाई स्लिट गाउन चुना, जिसमें वे बेहद खूबसूरत दिखीं। कियारा ने इस लुक का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वहीं, ऐश्वर्या राय का दूसरा लुक सामने आया। कांस में दूसरे दिन ऐश्वर्या को पेस्टल पिंक और ग्रीन गाउन में देखा गया। एक्ट्रेस 22 साल से कांस का हिस्सा बनती आ रही हैं। इस बार उनका हाथ भी फ्रैक्चर है। इसके बावजूद उन्होंने ये इवेंट अटेंड किया। कियारा का यह ड्रेस फेमस फैशन डिजाइनर प्रबल गुरुंग ने तैयार किया है। इस लुक को कम्प्लीट करने के लिए कियारा मिनिमल मेकअप के साथ व्हाइट मोतियों से बनी ईयररिंग्स पहने दिखीं। इस साल कियारा कांस के सिनेमा गाला डिनर में इंडिया को रीप्रेजेंट करेंगी। वहीं, सेकेंड लुक में ऐश्वर्या को पेस्टल पिंक और ग्रीन गाउन में देखा गया। ऐश्वर्या के इस खूबसूरत गाउन को फाल्गुनी और शेन पीकॉक ने डिजाइन किया है। इस वक्त ऐश्वर्या के एक हाथ में चोट लगी हुई है। इसके बावजूद वे हाथ में प्लास्टर लगाए इस इवेंट का हिस्सा बनीं। ऐश्वर्या ने अमेरिकन एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर ईवा लॉन्गोरिया के साथ पोज भी दिया। चुकी हैं। अब तक इंडिया से ऐश्वर्या, कियारा के अलावा सोनम कपूर, अनुष्का शर्मा और सारा अली खान समेत कई सेलेब्स ने कांस के रेड कार्पेट पर वॉक की है।



# जैकी श्रॉफ की याचिका पर दिल्ली एचसी का फैसला

**मुंबई।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जैकी श्रॉफ की याचिका पर फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति, कंपनी या सोशल मीडिया साइट बिना एक्टर के परमिशन के उनका नाम, तस्वीर और आवाज यूज नहीं कर सकता। कोर्ट का कहना है कि अपने व्यावसायिक लाभ के लिए एक्टर की पहचान का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता। जाहिर है कि जैकी श्रॉफ ने हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई थी।



जैकी की दलील थी कि कुछ सोशल मीडिया हैंडल एआई की मदद से उनकी पहचान का इस्तेमाल कर पैसा कमा रहे हैं। इसके अलावा उनसे जुड़े कुछ नाम जैसे जैकी, भिड़ू और जग्गू दादा का पब्लिक प्लेटफॉर्म पर मिसयूज किया जा रहा है। इसी को रोकने के लिए जैकी श्रॉफ ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने 15 मई को दिए अपने फैसले में उन तमाम लोगों और कंपनियों को नोटिस जारी किया है, जो बिना परमिशन जैकी श्रॉफ की पहचान का यूज करते आए हैं।

# कान फिल्म महोत्सव में दिखाई गई श्यामे नेगल की फिल्म 'मंथन'




कान। कान फिल्म महोत्सव में निर्देशक श्याम बेनेगल की फिल्म मंथन दिखाई गई जो लोगों के दिलों पर फिर से छाप छोड़ने में सफल रही। मंथन फिल्म 48 साल पहले बनाई गई थी और इसके निर्माण में गुजरात के पांच लाख किसानों ने धन दिया था। वर्ष 1976 में बनी यह फिल्म डॉ. वर्गीस कुरियन के दुग्ध सहकारी आंदोलन से प्रेरित है, जिसे शुक्रवार को कान क्लासिक्स सेगमेंट के तहत प्रदर्शित किया गया। अभिनेता नसीरुद्दीन शाह अपनी पत्नी रत्ना पाठक शाह, दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल के बेटे प्रतीक बब्बर, डॉ. कुरियन की बेटी निर्मला कुरियन और अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता के साथ कान में रेड कार्पेट पर नजर आए। अमूल के आधिकरिक सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया, मंथन टीम के नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, प्रतीक बब्बर, निर्मला कुरियन, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन की आधिकारिक टीम और अमूल के एमडी जयेन मेहता कान फिल्म महोत्सव में 36 लाख किसान उत्पादकों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। स्मिता पाटिल द्वारा अभिनीत यह फिल्म वर्गीस कुरियन के दुग्ध सहकारी आंदोलन से प्रेरित थी, जिन्होंने भारत को दूध की कमी वाले देश से दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक में से एक में बदलने के लिए ऑपरेशन फ्लड का नेतृत्व किया।

# अनिल कपूर ने छोड़ी 'हाउसफुल-5'



**मुंबई।** फिल्म हाउसफुल 5 में अनिल कपूर नजर नहीं आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने यह फिल्म फीस की वजह से छोड़ दी है। वहीं, खबर यह भी कि 14 साल बाद इस फ्रेंचाइजी का अर्जुन रामपाल हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म हाउसफुल में मेजर कृष्णा राव का रोल निभाया था।

हालांकि, मेकर्स की तरफ से इन दोनों बातों पर ऑफिशियल पुष्टि नहीं की गई है। मिड डे की रिपोर्ट के अनुसार, अनिल कपूर और फिल्म के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला की फीस पर सहमति नहीं बन पाई। इस वजह से अनिल ने यह फिल्म छोड़ दी। इस बदलाव के बाद मेकर्स फिल्म में नाना पाटेकर के किरदार पर फिर से काम कर रहे हैं। दरअसल, पहले फिल्म में उनकी केमिस्ट्री अनिल कपूर के साथ दिखाई जानी थी।




Viraj

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com